चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
वर्ष -34, अंक -68, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं 16

तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने 15

## सत्य साईं के ठिकानों पर आईटी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली में दो प्रतिष्ठानों के अलावा आवास पर टीम ने दस्तावेज खंगाले
- लखनऊ में गोमतीनगर स्थित सरस्वती अपार्टमेंट में पहुंचे, हड़कंप

**अमृत विचार :** आयकर विभाग ने बुधवार को सत्य साईं बिल्डर्स के संचालक रमेश गंगवार के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। बिल्डर पर सरकारी ठेकों में लेनदेन को लेकर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का आरोप था। इनपुट मिलने के बाद आयकर विभाग ने लखनऊ और बरेली के कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। इसके अलावा काशीपुर में जांच टीम को उनका मकान बंद मिला। रमेश गंगवार के यूपी से लेकर दिल्ली तक करीब 15 आईएएस अफसरों से कारोबारी संपर्क बताए जा रहे हैं, जिसमें अधिकतर जिलों में बतौर जिलाधिकारी तैनात हैं।

बुधवार दोपहर आयकर टीम ने डीडीपुरम स्थित उनके आवास, इसके बाद कार्यालय पहुंची। पहुंचते ही सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन आदि जमा करा लिए गए। इसके बाद दस्तावेजों की खोजबीन कर उनकी जांच शुरू की गई। शाम को टीम दलेलनगर स्थित पैतृक आवास पहुंची और वहां भी दस्तावेजों को खंगाला गया। गोमतीनगर के सरस्वती अपार्टमेंट भी टीम पहुंची, लेकिन वहां से कुछ हासिल नहीं हो पाने की सूचना है। जांच के दौरान क्या मिला, क्या-क्या आरोप हैं, इसकी जानकारी को लेकर विभाग अभी मौन है। सूत्रों के मुताबिक गंगवार ने कुछ दिन पहले अल्मोड़ा में एक बड़ा टेंडर हासिल किया है। गंगवार एक राष्ट्रीय पार्टी से टिकट पाने के भी फिराक में थे। गंगवार ने बिल्डर के अलावा एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बना रखी है।

**जीएसटी चोरी के भी आरोप :** बिल्डर रमेश गंगवार पर आयकर विभाग के अलावा जीएसटी ने भी शिकंजा कस रखा है। आय अधिक होने पर टैक्स कम देने के आरोप लगे हैं। जीएसटी को लेकर अभी भी छानबीन की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक लखनऊ टीम रिकार्ड खंगाल रही है।

### 4 क्लस्टरों की 17 सीटों पर भाजपा कोर कमेटी ने की चर्चा, शाह की बैठक को लेकर पदाधिकारियों ने रातभर किया मंथन

## 17 लोस सीटों पर जीत का मंत्र दे गए केंद्रीय गृह मंत्री शाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद के रामपुर रोड स्थित होटल में बुधवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले, दूसरे व तीसरे चरण में होने वाले 4 क्लस्टरों की 17 लोकसभा सीटों पर जीत का मंत्र दे गए। उन्होंने बूथ प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि बूथ कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुखों की चुनाव जीतने में अहम भूमिका है।

पिछली बार जिन 14 लोकसभा सीटों को हारे थे इस बार गृहमंत्री ने उनको जीतने का लक्ष्य दिया है। कहा कि प्रदेश की 80 सीटें महत्वपूर्ण हैं। तभी हम अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प साकार कर पाएंगे। उन्होंने बैठक में विरोधियों के दुष्प्रचार का पार्टी के सोशल मीडिया सेक्टर से जवाब देने को कहा। उन्होंने ईमानदारी से बूथ प्रमुखों, पन्ना प्रमुखों, लोकसभा संयोजकों सहित कोर कमेटी के सभी सदस्यों को जीत के लिए पूरी ताकत से जुटने के लिए कहा। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, गन्ना व चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, कपिल देव अग्रवाल, बलदेव सिंह औलख, शिक्षामंत्री गुलाब देवी, संदीप सिंह, दिनेश, सोमेंद्र तोमर के अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, छत्रपाल सिंह, सुभाष यदुवंश, मोहित बेनीवाल, लक्ष्मीकांत वाजपेयी आदि मौजूद रहे।



मुरादाबाद में आयोजित बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, एमएलसी सतपाल सैनी, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सतेंद्र सिसौदिया।

### अभी कई बड़े काम करने हैं

गृहमंत्री ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है अभी कई बड़े काम करने हैं। इसलिए पार्टी को सर्वस्पर्शी बनाएं। अब कमियों की नहीं विकास को ऊंचाई देने का काम तीसरी बार सत्ता में आने पर मोदी सरकार करेगी। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य सहयोग और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने से होगा।

### इन सीटों की हुई समीक्षा

गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में लोकसभा क्षेत्र मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल, पीलीभीत, अलीगढ़ और मथुरा सहित 17 सीटों की बैठक में समीक्षा हुई।

### एक नजर

#### संजय निरुपम छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय निरुपम को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी निरुपम को अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ सीट शेयरिंग के बाद निरुपम लगातार पार्टी विरोधी बयानबाजी कर रहे थे जिसके कारण कांग्रेस ने सख्त कदम उठाते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया।

#### वीवीपीएटी वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह ईवीएम से किए मतदान और वीवीपीएटी का पुन: सत्यापन कराने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि मामले की तत्काल सुनवाई होनी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि याचिका को अगले मंगलवार या बुधवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव नजदीक आ रहे हैं और अगर मामले पर सुनवाई नहीं हुई तो याचिका निरर्थक हो जाएगी। पीठ में न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी भी हैं।

## 29 सोना तस्कर सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर एयरपोर्ट से भागे

### शारजाह से 1 अप्रैल को आए थे 36 तस्कर, दो दिन से हो रही थी पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- एक तस्कर हुआ बेहोश, हंगामा कर भटकाया ध्यान
- सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट दर्ज, टीमें गठित

**अमृत विचार:** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत में लिए 36 से 29 आरोपियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों को धक्का देकर भागने का मामला सामने आया है। एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त एके सिंह ने बुधवार को सरोजनीनगर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमें लगाई गई हैं।

अमौसी एयरपोर्ट पर 1 अप्रैल को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली कि शारजाह से लखनऊ आ रही फ्लाइट से तस्कर 3.5 करोड़ का सोना और सिगरेट ला रहे हैं। टीम ने फ्लाइट से उतरे 36 यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। छह यात्रियों ने पेट में सोना होने की बात कुबूली। जबकि बाकी 30 यात्रियों से मंगलवार को पूछताछ हुई। 29 यात्रियों ने भी पेट में सोना होने की बात कही। जबकि महिला यात्री ने सोना होने से इनकार किया। दोपहर बाद सभी रमजान की बात कह हंगामा करने लगे। एक तस्कर बेहोश हो गया, जिसका इलाज कराने की मांग कर अन्य धमकी देने लगे।

कर्मियों का ध्यान भटकाकर 29 आरोपी सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर भाग गए। इसकी जानकारी डायल 100, चौकी प्रभारी अमौसी एयरपोर्ट और उप कमांडेंट सीआईएसएफ को दी गई। बीमार यात्री को अस्पताल भेजा गया। जिसे बाद में फिर एयरपोर्ट लाया गया, जहां बाकी बचे अन्य 6 तस्करों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एडीसीपी का कहना है कि आरोपियों का नाम पता है। इसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**ये 29 सोना तस्कर एयरपोर्ट से हुये फरार :** एयरपोर्ट से फरार होने वाले तस्करों में जैस मोहम्मद, इशरार, जुबैर अहमद, अलकाम मोहम्मद, अली मोहम्मद, अरशद, हफीजुर्रहमान, लकी, जहीर अहमद, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद नासिर, मो. अखलाद, सईदुल्जफर, नदीम अख्तर, रियासत अली, इमामुल हसन, मो. जहीर, जरीफ अहमद, मो. सलमान, मो. सरीक, मो. सुहैल, मो. इकबाल, आजम अली, मो. रजी, निजामुद्दीन, मो. उबैस, मो. इस्लाम, मो. अनस व मो. बशीर शामिल हैं।

#### बीमार तस्कर की जांच में सब ठीक मिला

बीमार तस्कर की कस्टम के भी अधिकारियों ने अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर बुला कर जांच कराई। डॉक्टर ने बेहोश तस्कर की जांच की तो उसका पल्स और शुगर लेवल सब ठीक निकला। लेकिन वहां मौजूद दूसरे यात्री उसे उठाकर चिल्लाने लगे। कस्टम टीम का कहना है कि पकड़े तस्करों ने रोजा रखा था। इफ्तारी के बाद सोना निकालने का प्रयास करने वाले थे। इसी को लेकर यात्रियों को खाने-पीने का सामान दिया था। सोमवार को सभी ने नमाज पढ़ रोजा खोला था।

## आतिशी को भाजपा ने मानहानि नोटिस भेजा, कहा- माफी मांगे

### आतिशी ने कहा था- भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा दिल्ली इकाई ने आप नेता आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा और अपने करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के दावे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा है। आतिशी ने एक दिन पहले दावा किया था कि उनके सहित ''आप'' के चार वरिष्ठ नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आतिशी ने यह भी दावा किया था कि उन्हें या तो भाजपा में शामिल होने या फिर एक महीने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया था।

वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा गया है और उनसे अपने दावे के लिए माफी मांगने को कहा गया है। आतिशी सबूत देने में विफल रहीं कि उनसे किसने, कब और कैसे संपर्क किया था। वह हताशा में इस तरह के झूठे और निराधार आरोप लगा रही है, लेकिन हम उन्हें बचकर नहीं जाने देंगे। सचदेवा ने आतिशी से अपने दावे को साबित करने के लिए अपना फोन जांच एजेंसी को सौंपने को कहा। भाजपा दिल्ली इकाई के वकील ने कहा कि पार्टी ने आतिशी को अपना बयान वापस लेने के लिए मानहानि नोटिस भेजा है। वकील ने बयान को झूठा, अपमानजनक और मनगढ़ंत करार दिया और दावा किया कि यह बयान गलत इरादे से दिया गया था। अगर आतिशी अपने दावे को साबित करने में विफल रहती है तो उन पर कानूनी कार्यवाही होगी।

#### केजरीवाल का वजन घटा : आतिशी



**नई दिल्ली।** आप नेता आतिशी ने दावा किया कि 21 मार्च को गिरफ्तार के बाद से मुख्यमंत्री केजरीवाल का वजन घट रहा है। आतिशी ने भाजपा पर केजरीवाल को जेल में रखकर स्वास्थ्य को खतरे में डालने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री की सेहत के संबंध में कानूनी मदद लेगी। वहीं, तिहाड़ जेल प्रशासन ने आतिशी के दावों को खारिज करते हुए कहा केजरीवाल सामान्य है।

#### सबूतों से छेड़छाड़ न करें संजय : कोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह को बुधवार को निर्देश दिया कि वह आबकारी घोटाला मामले में सबूतों से छेड़छाड़ न करें या गवाहों को प्रभावित न करें। सुप्रीम कोर्ट से सिंह को मंगलवार को जमानत मिलने के बाद विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने नेता को तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश देने से पहले ये निर्देश दिए। न्यायाधीश ने सिंह को पासपोर्ट जमा कराने, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर जाने से पहले सूचित करने और फोन की 'लोकेशन' हमेशा चालू रखने का निर्देश दिया। सिंह के वकील ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान अदालत को सूचित किया कि नेता की पत्नी आरोपी की जमानतदार होंगी।

## परिवारवादी राजनीति के खिलाफ लड़ रहे : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### चुनाव में विजय की आत्मा पोलिंग बूथ की जीत में

- प्रधानमंत्री ने उप्र. में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली लोकसभा सीटों के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर संबोधित किया
- कहा, पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य लेकर चलें 10 सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस बार चुनाव में परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र की भलाई के लिए लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि, चाचा-भतीजा के परिवार से उत्तर प्रदेश का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है और भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण के बूते इस लोस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली 10 लोकसभा सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर वर्चुअली संबोधित किया। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम की इस कड़ी में प्रधानमंत्री ने बूथ समिति के सदस्यों और पन्ना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कुछ बूथ अध्यक्षों से भी बात की। इस दौरान नरेन्द्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि, वे अपने काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचाएं। इसी कड़ी में मोदी ने कहा कि, पोलिंग बूथ पर विजय ही किसी भी चुनाव में जीत की आत्मा होती है और कार्यकर्ताओं को चुनाव में अपने बूथ के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हम चुनाव में कितनी ही बड़ी विजय प्राप्त करने की इच्छा रखते हों लेकिन जब तक पोलिंग बूथ नहीं जीतते हैं तब तक चुनाव जीत ही नहीं सकते हैं इसलिए चुनाव में विजय की जो आत्मा है वह पोलिंग बूथ की विजय में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गर्मी के दिनों में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की भी हिदायत दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में आपकी मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। आप लोगों का यह जोश देखकर मुझे तो खुशी होती ही है लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका यह जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उत्तर प्रदेश को लेकर मोदी ने भरोसा जताया कि यहां के सभी भाजपा कार्यकर्ता हर सीट पर, हर पोलिंग बूथ पर विजय सुनिश्चित करने के लिए जी जान से जुट गए हैं। आप लोगों को सही दिशा में अपने प्रयास तेज करने हैं और हर मतदाता तक अपनी बात पहुंचानी है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- प्रयागराज का राजीव नयन यूपी टीईटी का पेपर भी करा चुका है लीक
- नोएडा में पकड़े गए राजीव ने रीवा में 300 अभ्यर्थियों के समक्ष पढ़ा था पेपर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने रीवा के रिसोर्ट में 300 अभ्यर्थियों को बैठाकर पेपर पढ़ा था। ग्वालियर में एनआरएचएम घोटाले से जुड़े प्रकरण और यूपी में टीईटी पेपर लीक के आरोप में भी वह कौशांबी से जेल जा चुका है।

एडीजी (कानून -व्यवस्था) अमिताभ यश के मुताबिक पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा मूल रूप से प्रयागराज के नैनी का रहने वाला है। पेपर लीक मामले में उसके खिलाफ मेरठ के थाना कंकरखेड़ा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मेरठ की एसटीएफ यूनिट उसकी तलाश कर रही थी। एडीजी के मुताबिक राजीव ने पूछताछ में बताया कि दो रिसॉर्ट में उसने पेपर पढ़े गए थे। लीक पेपर गुरुग्राम में पांच सौ अभ्यर्थियों के समक्ष पढ़ा गया। रीवा स्थित शिव महाशक्ति रिसॉर्ट में तीन सौ अभ्यर्थियों के सामने राजीव ने खुद पेपर पढ़ा था। एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को राजीव को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया।

## सोना 69,200 व चांदी 80,700 के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार यह दूसरा मौका है जब इस सप्ताह सोने के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 80,700 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई।

## पूर्व विधायक को अवैध खनन पर 140 करोड़ का नोटिस

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- खनिज विभाग ने दो रकबों में अवैध खनन का किया खुलासा

कांग्रेस छोड़कर पिछले महीने भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक संजय शुक्ला और तीन अन्य को इंदौर के जिला प्रशासन ने मुरम और पत्थर के अवैध खनन पर 140.60 करोड़ के प्रस्तावित जुर्माने का नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि खनिज विभाग ने इंदौर से सटे बारोली गांव में 5.50 हेक्टेयर और 3.40 हेक्टेयर के दो रकबों में अवैध खनन का खुलासा किया है।

अधिकारियों के मुताबिक इस अवैध खनन को लेकर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत शुक्ला और तीन अन्य लोगों पर 140.60 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नोटिस के प्रतिवादियों में शुक्ला के अलावा उनके भाई राजेंद्र शुक्ला, ईडन गार्डन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित के अध्यक्ष और बारोली गांव के निवासी मेहरबान सिंह राजपूत है। नोटिस में कहा गया है कि बारोली गांव के दो रकबों में चार लाख घन मीटर मुरम और 2.23 लाख घन मीटर पत्थर के हुए खनन के आधार पर जुर्माना लगाया गया है। नोटिस में कहा गया है कि वे 19 अप्रैल को एडीएम की कोर्ट में पक्ष रखने को हाजिर हों।

### रामनवमी की व्यवस्था | रामानंदीय संप्रदाय के संतों ने बताया अनुचित, विरोध में उठे स्वर

## रामलला को तीन दिन जगाए रखने को लेकर खड़ा हुआ बखेड़ा



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद रामनवमी पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को राममंदिर में चैत्र शुक्ल नवरात्रि के अष्टमी, नवमी और दशमी को 24 घंटे दर्शन कराने की योजना को लेकर मंथन किया जा रहा है। यह सभी तिथियां 16, 17 और 18 अप्रैल को पड़ रही है। दर्शन लगातार होंगे तो रामलला आराम नहीं कर पाएंगे। रामलला को तीन दिन तक लगातार जगाए रखने पर बखेड़ा खड़ा हो गया है। रामानंद संप्रदाय के संत धर्माचार्य इसे अनुचित बताते हुए इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि सिर्फ भीड़ को देखते हुए बालरूप में भगवान को इतनी देर जगाए रखना ठीक नहीं है। संतों का मानना है रामनवमी पर रात्रि 11 से सुबह चार बजे तक भगवान को शयन करने दिया जाए। हालांकि इस पर निर्णय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को लेना है, ट्रस्ट ने दर्शन की व्यवस्था बनाए जाने का भरोसा दिया है।

#### सुबह 4 से रात 10 बजे तक की है परंपरा



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास का कहना है कि रामानंद संप्रदाय में किसी भी मंदिर में रात्रि में भगवान को कई दिनों तक जगाए जाने की परंपरा नहीं है। विशेष रूप से कुछ विशेष आयोजनों के दौरान एक दिन के लिए जागरण व धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। उन्होंने बताया कि वैष्णो संप्रदाय में सुबह 4 से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या की परंपरा है और रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रक्रिया को शामिल नहीं किया गया है।

#### किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं



रामानंद संप्रदाय के रामकथा वाचक पूर्व सांसद डॉ. राम विलास दास वेदांती ने कहा कि संप्रदाय के तहत भगवान की दिनचर्या को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट विचार करेगा। शास्त्र अनुसार श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, भागवत महापुराण, स्कंद पुराण में भगवान के दिनचर्या का वर्णन है। प्रात: ब्रह्म बेला में स्नान के बाद राग भोग, आरती व दोपहर में भोग और शयन और सायं में संध्या आरती फिर शयन आरती की परंपरा है। इसी अनुसार उनकी सेवा हो रही है। किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं है।

#### भीड़ के कारण परंपरा में न करें बदलाव

महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि रामलला को 24 घंटे जगाए रखना सनातन धर्म और उपासना पद्धति के विरुद्ध है। अगर ट्रस्ट तीन दिन 24 घंटे दर्शन कर जाने की योजना पर निर्णय देता है तो इसका विरोध करते हैं। रामलला शिशु सामान हैं। उन्हें समय पर जगाने, उनकी आरती व भोगराज की व्यवस्था करना सही है। भीड़ बढ़ने से उनकी परंपरा में बदलाव नहीं करना चाहिए।

#### एक दिन जगाना उचित लेकिन तीन दिन नहीं

दशरथ महल के महंत बिंदु गद्दाचार्य देवेंद्र प्रसाद आचार्य ने कहा कि भक्तों को दर्शन देना भगवान के बस में है। तीन दिन तक 24 घंटे दर्शन करने के मामले में टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन यह जरूर है कि ट्रस्ट रामानंद संप्रदाय की परंपरा और उसके नियमों का पालन करते हुए फैसला ले। भगवान को 24 घंटे एक दिन के लिए जगाना तो उचित हो सकता है, लेकिन तीन दिन तक इस प्रकार से दर्शन की व्यवस्था करना न्याय संगत नहीं है। श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए रात्रि 12 से सुबह 4 बजे तक शयन की अवधि जरूर निर्धारित करें।

## एक नजर

### युवाओं की जागरूकता से बढ़ेगा मतदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वीप कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने कहा कि यदि युवाओं को जागरूक किया जाए तो मतदान फीसद बढ़ेगा। 70 फीसद से अधिक मतदान का लक्ष्य तय करते हुए युवाओं को प्रेरित करें। बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। लोकसभा चुनाव के लिए विभाग, शिक्षण संस्थान के नोडल अधिकारी, प्राचार्य व शिक्षकों के साथ 20 मई को होने वाले मतदान फीसद बढ़ाने पर चर्चा की। कहा कि युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। वोटर हेल्पलाइन एप पर अपना नाम मतदाता सूची में देखें। अन्य मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की। प्रत्येक शैक्षणिक संस्था में निर्वाचन जागरूकता क्लब का गठन किया जाए। मॉक यूथ पार्लियामेंट का गठन, विभिन्न सामाजिक समस्याओं पर चर्चा, वोटर लिस्ट में मॉक रजिस्ट्रेशन, मॉक पोलिंग स्टेशन का निर्माण किया जाए।

### गोवंशों की नवंबर से नहीं मांगी गई राशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत पशु पालकों को दिए गए गोवंशों के ईयर टैग का सत्यापन न होने के कारण भरण-पोषण की राशि नवंबर से नहीं मांगी गई है। पशु पालन विभाग के पास बजट है। योजना में गोशालाओं के 6162 निराश्रित गोवंश पशु पालकों को दिए गए हैं। इनके भरण-पोषण के लिए विभाग 50 रुपये प्रति दिन के हिसाब से पालकों को देता है।

# जेल जाने से भी डर रहे अपराधी : मुख्यमंत्री

## आगरा में चुनाव प्रचार के दौरान योगी ने कहा, डर न हो तो माफिया कर देंगे गरीबों का जीना मुहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा



आगरा स्थित सूरसदन में हुए प्रबुद्धजन सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी को गदा भेंट करते सांसद एसपी सिंह बघेल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए आगरा में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के लिए जनचौपाल और आगरा सीट से प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल के समर्थन में प्रबुद्धजनों को संबोधित किया। यहां मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के बारे में बताते हुए कहा कि आज अपराधियों में सरकार का भय व्याप्त हो चुका है। यहां तक कि अब अपराधी जेल भी जाने से कतराने लगे हैं। उन्होंने कहा कि माफिया में अगर डर न हो तो वो गरीबों का जीना मुहाल कर देंगे।

**▶▶ फतेहपुर सीकरी में मुख्यमंत्री ने की जनचौपाल, सूरसदन में प्रबुद्धों से संवाद**

फतेहपुर सीकरी में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन हमारी सरकार ने कहा कि हम जीरो टालरेंस की नीति पर चलेंगे। तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो।

वहीं, आगरा के सूरसदन में पार्टी प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल के पक्ष में प्रबुद्धजनों से संवाद स्थापित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनाव पहले ही दो ध्रुवों में विभाजित हो चुका है। इस बार फैमिली बनाम नेशन फर्स्ट, तुष्टीकरण बनाम राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच मुकाबला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की हालत खराब है, उन्हें ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं।

### प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि बनकर घर-घर जाएं

अपने संबोधन में योगी ने दावा किया कि, 18वीं लोकसभा का चुनाव पहला ऐसा चुनाव है जिसके परिणाम के बारे में उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम कहीं किसी को कोई संदेह नहीं है। हर तरफ से एक ही आवाज आ रही है। उन्होंने कहा कि आगरा में जीत सुनिश्चित है, मगर इस जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना है। उन्होंने प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे सभी प्रधानमंत्री मोदी के प्रतिनिधि बनकर घर-घर जाएं और जनता को एक-एक वोट की ताकत समझाएं।

### गाजियाबाद में राजनाथ ने किया जनसभा को संबोधित



**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को गाजियाबाद के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर उप्र. के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे। जनसभा में राजनाथ सिंह ने भाजपा के जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए पूर्व सरकारों के भ्रष्टाचार पर अंकुश न लगा पाने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाए गए कठोर कदमों के बारे में बताया। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने जनता से स्थानीय पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग को भी विजयी बनाने की अपील की।

### योगी ने अति आत्मविश्वास से बचने की दी सलाह



**वाराणसी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चुनाव की रणनीति बनाने के लिए बुधवार को पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां रोहनिया स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री की रिकॉर्ड जीत के लिए कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया। मुख्यमंत्री का पूरा जोर बूथ मजबूती पर था। योगी ने यहां कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री को विजय मिलेगी, इसमें किसी को संदेह नहीं है। मत प्रतिशत बढ़ेगा, इसमें भी संदेह नहीं है, लेकिन अति आत्मविश्वास सदैव घातक होता है। अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल शक्ति केंद्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ पर एक साथ इकट्ठा होकर बैठें और रणनीति तय करें कि इस बूथ क्षेत्र में कितने घर हैं। उनसे संपर्क करें। केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों व विकास योजनाओं की जानकारी आमजन से साझा करें।

# नामांकन के आखिरी दिन बागपत में दिख सकता है सपा का ड्रामा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ अखिलेश यादव ने बागपत लोकसभा सीट से भी प्रत्याशी बदलने के दिए संकेत**

**▶▶ पहले यहां अपने पुराने कार्यकर्ता मनोज चौधरी को बनाया था प्रत्याशी**

**अमृत विचार :** रामपुर और मुरादाबाद की ही तरह नामांकन के आखिरी दिन बागपत में भी समाजवादी पार्टी का राजनीतिक ड्रामा सामने आ सकता है। दरअसल, गुरुवार को बागपत से पूर्व घोषित प्रत्याशी मनोज चौधरी नहीं बल्कि अमरपाल शर्मा के पर्चा भरने की संभावना है। यहां भाजपा के टिकट पर राजकुमार सांगवान मैदान में हैं।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव के लखनऊ स्थित आवास पर बुधवार सुबह से कई टिकटों को लेकर हुई एक बैठक के बाद अब बागपत लोकसभा सीट से अमरपाल शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया। ऐसे में मेरठ-हापुड़ लोकसभा से एडवोकेट भानु प्रताप का टिकट बदलने के बाद अब सपा ने बागपत में भी नामांकन खत्म होने से एक दिन पहले प्रत्याशी बदला है।

सपा ने बागपत से पहले जाट बिरादरी से अपने पुराने कार्यकर्ता मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया था। पिछले दो दिनों से सिम्बल लेने को लेकर खींचतान चल रही थी और मनोज व अमरपाल शर्मा दोनों लखनऊ में डेरा डाले हुए थे। अब नामांकन का केवल एक दिन बाकी रहने से पहले अमरपाल शर्मा को अधिकृत प्रत्याशी बनाने की बात सामने आ रही है।

### एसटी हसन का दावा, मुझे उम्मीदवार बनाना चाह रहे थे अखिलेश, हुआ खेल

**लखनऊ :** मुरादाबाद के पूर्व घोषित सपा प्रत्याशी एसटी हसन को लेकर अखिलेश यादव का एक पत्र वायरल होने के बाद एक बार फिर पार्टी की रार सामने आयी है। दरअसल, कथित सपा प्रमुख का यह पत्र मुरादाबाद से पूर्व घोषित पार्टी प्रत्याशी सांसद एसटी हसन को ही अधिकृत प्रत्याशी बनाने को लेकर है जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस पत्र का संज्ञान लेते हुए सपा सांसद डॉ. एसटी हसन की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि, अखिलेश चाहते थे कि मैं ही प्रत्याशी रहूं इसीलिए प्राइवेट जेट से भेजा था, उसके लिए उन्होंने इंतजाम भी किए थे। उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ बाहरी नेता हैं, जिन्होंने रामपुर में ही इतनी देर लगा दी कि यहां नामांकन का समय निकल गया।

# राजनाथ के सामने बसपा के सरवर मलिक

## मोहनलालगंज से मनोज प्रधान व उन्नाव से अशोक पांडेय लड़ेंगे चुनाव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए बसपा ने बुधवार को तीसरी सूची जारी कर दी। दर्जन भर प्रत्याशियों की सूची में दो मुस्लिम नेता भी शामिल हैं। लखनऊ से सरवर मलिक, मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान और उन्नाव से अशोक कुमार पांडेय को प्रत्याशी बनाया गया है। मैनपुरी में डिंपल यादव के सामने डॉ.गुलशन देव शाक्य को उतारा गया है। मथुरा सीट पर प्रत्याशी बदल दिया गया है। बसपा ने राज्य की 80 में 36 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिये हैं, इनमें नौ मुस्लिम हैं।



**▶▶ 12 प्रत्याशियों की तीसरी सूची में दो मुस्लिम, मथुरा में प्रत्याशी बदला गया**

**▶▶ मैनपुरी से गुलशन देव शाक्य और कन्नौज से इमरान बिन जफर मैदान में**

लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के नामांकन शुरू हो चुके हैं। प्रत्याशी घोषित करने में अभी तक सुस्त चल रही बसपा ने प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी है। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल की ओर से जारी सूची में उन्नाव से अशोक कुमार पाण्डेय, मिर्जापुर से मनीष त्रिपाठी, गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेन्द्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय, मैनपुरी से डॉ.गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकी, मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कौशाम्बी से शुभ नारायण और लालगंज से डॉ.इंदू चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। लखनऊ से सरवर मलिक और कन्नौज से इमरान बिन जफर को मैदान में उतारा है। मायावती ने मथुरा सीट पर पूर्व घोषित कमलकांत उपमन्यु को हटाकर सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है। मालूम हो कि इसके पहले बसपा द्वारा घोषित दो सूचियों में कुल 25 उम्मीदवार घोषित किये गये थे, पहली सूची में सात मुस्लिम प्रत्याशी थे, दूसरी सूची में चार दलित प्रत्याशियों पर भरोसा जताया गया है।

# दोनों लड़कों की जोड़ी इस बार भी फेल होगी : केशव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जोड़ी उप्र. में काम करने वाली नहीं है। साल 2017 में हम इन दोनों लड़कों की जोड़ी देख चुके हैं। जो तब भी फेल हुए थे और अब भी फेल होंगे।

केशव मौर्य बुधवार को बुलन्दशहर में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार भोला सिंह के नामांकन में शामिल होने के बाद वहां राजेबाबू पार्क में हुई एक सभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि सपा समाप्तवादी पार्टी बन गई है वहीं, कांग्रेस को उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं। विपक्षी दलों के नेता जमीन पर कहीं दिख नहीं रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता हर परिस्थिति में जनता के बीच खड़े रहे हैं। पीएम मोदी पर जनता फिदा है और फिर उन्हें जन आशीर्वाद मिलने वाला है। कहा कि, चारों ओर कमल खिल रहा है।

उन्होंने दावा किया कि इस बार भाजपा की 370 सीट के साथ एनडीए 400 से अधिक सीटें जीतेगा। इस मौके पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर और संदीप सिंह के साथ विधायक अनिल शर्मा समेत अन्य नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आचार संहिता पालन को तेज होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ 474 आपराधिक व्यक्तियों के लाइसेंसी शस्त्र जब्त**

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत प्रदेश में आचार संहिता के पालन के लिए कार्रवाई तेज होगी। अभी तक कार्रवाई में अपराधिक व्यक्तियों के 474 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3893 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1850 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। 16 मार्च से 2 अप्रैल तक निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 16,83,019 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग की ओर से 3,501 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 3,865 कारतूस, 60.5 किलोग्राम विस्फोटक व 204 बम बरामद कर सीज किये गये।

अवैध शस्त्र बनाने वाले 922 स्थलों पर छापे डाले गए, जिसमें 70 स्थलों को सीज किया गया। अब तक सार्वजनिक स्थानों से 37,49,479 व निजी स्थानों से 24,38,975 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 4,04,687, पोस्टर के 17,52,809, बैनर के 10,78,726 व अन्य 5,13,257 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 3,14,873, पोस्टर के 11,15,099, बैनर के 6,14,581 व अन्य 3,94,422 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 810 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,521 मामलों में कार्रवाई की गई।

### 106.46 करोड़ कीमत की मदिरा व नकदी जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के जरिए कुल 106.45 करोड़ रुपये की कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी आदि जब्त किये गये, इसमें 1,896 लाख रुपये से अधिक नकद धनराशि, 3689.18 लाख रुपये कीमत की 777703.30 लीटर शराब, 4168.82 लाख रुपये कीमत की 6849530.13 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गई।

# टिकट न मिलने पर संघमित्रा का रोना ओछी हरकत : स्वामी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने बेटी व भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य के लोकसभा चुनाव में टिकट कटने व उनके रोने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि यह ओछी हरकत है। टिकट कटने पर उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।

पत्रकारों के सवालों पर मौर्य ने कहा कि पार्टी टिकट काटती है तो भी किसी को रोने का अधिकार नहीं है। वह इस तरह की राजनीति को पसंद नहीं करते। राजनीति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी पद की चिंता नहीं की। बसपा से लेकर भाजपा व बाद में सपा से एमएलसी पद से इस्तीफा देने में उन्होंने देरी नहीं की। उन्होंने कहा कि यह दलितों, पिछड़ों व महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई है। संघमित्रा के उनकी पार्टी में शामिल होने की संभावना पर कहा कि वह बदायूं से सांसद हैं, अपने भविष्य का फैसला खुद करने में सक्षम हैं। मुझे पहले से लग रहा था कि भाजपा उनका टिकट काटेगी। संघमित्रा मौर्य बदायूं से सांसद हैं, पर इस बार भाजपा ने उनका टिकट काट कर दुर्विजय सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। बदायूं में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में वह मंच पर फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। हालांकि, खुद संघमित्रा ने इसका खंडन किया। उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि उनकी आंखों में आंसू का राजनीतिक अर्थ नहीं लगाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि उनके बगल में राज्यमंत्री गुलाब देवी उन्हें राजा दशरथ की कहानी सुना रही थीं। कहानी सुनते-सुनते कुछ भावनात्मक पल आया, जिसकी वजह से आंसू आ गए थे।

# लंबे समय से गायब डॉक्टरों पर सरकार हुई नरम

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**▶▶ नदारद 742 डॉक्टरों में कुछ को बर्खास्त कर मामला ठंडे बस्ते में**

**अमृत विचार :** डॉक्टरों की कमी का दंश झेल रहे स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने में राज्य सरकार के भी हाथ पांव फूलने लगे हैं। विभागीय निर्देशों को ठेंगा दिखाकर, पांच साल से ज्यादा समय से नदारद रहने वाले 742 डॉक्टरों में मुश्किल से पांच दर्जन डॉक्टरों को बर्खास्त कर भय दिखाने का माहौल बनाया, मगर डॉक्टरों के रुख में बदलाव नहीं हुआ।

जिसके बाद शासन ने कार्रवाई के हथियार को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन का कहना है डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई रोकी नहीं गई है, समय आने पर निर्णय लिया जायेगा।

मनमानी करने वाले डॉक्टरों पर लगाम लगाने के लिए शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे हजारों डॉक्टरों को नोटिस भेजनी शुरू की, कई-कई नोटिस का जवाब न देने वाले, पांच साल से ज्यादा अवधि से गायब 742 डॉक्टरों की सूची शासन को भेज दी। शासन स्तर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा समय-समय पर दो-दो, चार-चार डॉक्टरों को सूचीबद्ध कर बर्खास्त तक कर दी गई। संदेश देने का प्रयास किया कि यह बेअंदाज डॉक्टरों के प्रति सरकार सख्त है और अगर जल्द ही ज्वाइन नहीं किया तो बर्खास्त करने से गुरेज नहीं करेगी। मगर, इन डॉक्टरों पर कोई असर नही हुआ, विभाग की स्थितियां आज भी जस की तस बनी हुई हैं। लिहाजा शासन ने ही मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

विभागीय सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में सरकारी डॉक्टरों की घोर कमी है, नए डॉक्टर आ नहीं रहें हैं, मुंहमांगे दाम पाने के बाद भी ज्वाइन नहीं कर रहें हैं। अगर, नदारद डॉक्टरों को भी बर्खास्त कर दिया तो कागजों में डॉक्टरों की संख्या और कम हो जायेगी। मुद्दा राजनैतिक बन सकता है, इसलिए सरकार ने चुप्पी साध ली है।

> कई डॉक्टर हैं जो परिवीक्षा अवधि से ही गायब हैं, उन्हें नोटिस देने की जरूरत नहीं है। स्थाई हो चुके डॉक्टरों को नोटिस देकर कानूनी प्रक्रिया के तहत ही कार्रवाई करना न्याय संगत होगा। साल 2010 में कई डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई हुई थी, तमाम डॉक्टरों ने न्यायालय की शरण ली थी। इसलिए हर बिन्दु पर विचार करने के बाद ही कार्रवाई की जा रही है।
>
> -डॉ.राजा गणपति, निदेशक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग

### पांच साल से कम अवधि से नदारद डॉक्टरों की भी संख्या कम नहीं

पांच साल से कम अवधि तक नदारद रहने वाले डॉक्टरों की सूची विभाग में उपलब्ध है, जिन्हें समय समय पर विभाग द्वारा नोटिस भी भेजी जा रही हैं। ऐसे डॉक्टरों की संख्या भी कम नहीं हैं, सैकड़ों में है, ज्यादातर ग्रेड वन व टू के डॉक्टर शामिल हैं, जिन्हें अवेसित जिलों में तैनात कर दिया गया है या उन अस्पतालों में भेजा गया है जहां विशेषज्ञता पूर्ण इलाज देने के संसाधन नहीं हैं। ओटी है नहीं, सर्जन व एनेस्थेटिक को भेजा गया है, सर्जन है तो एनेस्थेटिक नहीं।

# कांग्रेस में नकुल दुबे का टिकट कटा, दो प्रत्याशियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमित विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की दो सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए। इसमें पूर्व मंत्री नकुल दुबे का टिकट काट दिया गया है। सीतापुर लोकसभा सीट से नकुल दुबे के स्थान पर राकेश राठौर को प्रत्याशी घोषित किया गया है, जबकि मथुरा से मुकेश धनगर को प्रत्याशी बनाया गया है।

इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश में मिलीं 17 सीटों में से कांग्रेस अब तक 14 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अमेठी, रायबरेली व प्रयागराज सीट पर अभी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है। सपा से कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह को प्रयागराज सीट से प्रत्याशी बनाए जाने की संभावना है। अमेठी व रायबरेली सीट पर संशय बरकरार है। हालांकि, रायबरेली से प्रियंका गांधी व अमेठी से राहुल गांधी को प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा है। कांग्रेस के अब तक घोषित प्रत्याशियों में सहारनपुर से इमरान मसूद, अमरोहा से दानिश अली, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बुलंदशहर से शिवराम वाल्मीकि, फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार

सीतापुर से नकुल दुबे की जगह अब राकेश राठौर, मथुरा से मुकेश धनगर, कानपुर से आलोक मिश्रा, झांसी से प्रदीप जैन आदित्य, बाराबंकी से तनुज पुनिया, महाराजगंज वीरेंद्र चौधरी, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह, बांसगांव से सदल प्रसाद व वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शामिल हैं।


# नए डॉक्टर दो साल सरकारी तंत्र को दें वरना 10 लाख जुर्माना

## एमबीबीएस व बीडीएस डॉक्टरों को भी देनी होगी मेडिकल कॉलेज में दो साल सेवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ पीजी की तर्ज पर एमबीबीएस व बीडीएस डॉक्टर्स पर भी लागू होगा सेवा बांड**

**▶▶ ऑनलाइन काउंसिलिंग में प्रतिभाग के लिए डीजीएमई ने जारी की 2018 बैच के डॉक्टरों की सूची**



**अमृत विचार :** पीजी ही नहीं, अब से सरकारी चिकित्सा संस्थानों से एमबीबीएस व बीडीएस करने वाले डॉक्टरों पर भी बांड की सेवा शर्तें लागू होंगी। इंटर्नशिप पूरी करने के बाद उन्हें सरकारी चिकित्सा संस्थान में दो साल अनिवार्य रूप से सेवा देनी होगी। ऐसा न करने पर 10 लाख का जुर्माना भरना होगा। पहली बार 2018 बैच के उत्तीर्ण एमबीबीएस व बीडीएस के 2050 डॉक्टरों पर ये सेवा शर्त लागू की जा रही है। जल्द ही इन डॉक्टरों को काउंसिलिंग के माध्यम से विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में तैनात किया जायेगा।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने के लिए राज्य सरकार तरह-तरह के प्रयोग कर रही है। विशेषज्ञता पूर्ण इलाज मुहैया कराने के लिए सरकारी चिकित्सा संस्थानों से परास्नातक ( एमडी, एमएस व एमडीएस) की पढ़ाई करने वाले डॉक्टरों को अनिवार्य सेवा शर्त के तहत दो साल के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में तैनात किया जाता है। जिससे मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ चिकित्सक मिलने लगे हैं।

उक्त क्रम में ही 2018 में लागू शासनादेश के अनुसार सरकारी संस्थानों से उत्तीर्ण 1908 एमबीबीएस व 52 बीडीएस चिकित्सकों को विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में नियुक्त करने की तैयारी हो चुकी है, सभी सरकारी चिकित्सा संस्थान व मेडिकल कॉलेजों ने 2018 बैच के उत्तीर्ण चिकित्सकों की सूची जारी कर दी है, जिन्हें प्रस्तावित काउंसिलिंग में आमंत्रित किया गया है।

इन्हें नॉन पीजी ग्रेड के चिकित्सा अधिकारी ग्रेड में 5400 पे स्केल के अनुसार वेतन भी दिया जायेगा। इनमें जिन डॉक्टरों को नीट पीजी में प्रवेश मिल जायेगा, वे डॉक्टर अनिवार्य सेवा बांड से मुक्त हो जायेंगे। हर साल उत्तीर्ण होने वाले डॉक्टरों पर यही शर्त लागू होगी, डॉक्टरों की नियुक्ति होने पर मेडिकल कॉलेजों में नॉन पीजी डॉक्टरों का अभाव नहीं रहेगा, कॉलेज के अस्पतालों में और मरीजों को चिकित्सकीय सेवाएं बेहतर उपलब्ध होंगी।

### इंडिया गठबंधन को ज्यादा सीटें दिलाने के लिए जुटें

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन को ज्यादा से ज्यादा सीटें दिलाने के लिए जुट जाएं। राष्ट्रीय महासचिव बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश सोशल आउटरीच कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय कार्य समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हम सभी को युद्धस्तर पर कार्य करते हुए इंडिया गठबंधन को अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करना है। इसके लिए हमें संकल्प लेने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि सोशल आउटरीच विभाग के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शहरों व गांवों में जाकर पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

# 25,698 करोड़ से शहरी विकास को मिलेगी रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ प्रदेश में शहरी विकास के लिए उपयोग की जाएगी धनराशि**

**अमृत विचार :** नगर विकास विभाग ने शहरी विकास को रफ्तार देने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 25,698.28 करोड़ रुपये का वित्त स्वीकृत किया है। इस भारी भरकम राशि का उपयोग पूरे प्रदेश में शहरी विकास के लिए किया जाएगा।

इससे पूर्व 2023-24 वित्त वर्ष के लिए विभाग को पिछले वर्ष की तुलना में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28,779.55 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हुआ था। इसमें से 26,272.33 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली, जो कुल बजट का 91.3 प्रतिशत रहा। इस राशि से नगरीय बुनियादी ढांचे, स्थानीय विकास परियोजनाओं और नागरिक सेवाओं में सुधार के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों को जुटाने में मदद मिली।

योजनाओं के तहत सीएम ग्रिड में हरित बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं और एक सुरक्षित शहर के लिए मूलभूत आवाश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए नई सीएम ग्रिड योजना शुरू की है। वहीं, वंदन योजना के तहत इन स्थलों पर प्रकाश, जल आपूर्ति, शौचालय, स्वच्छता और लिंक रोड जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**सरकारी धन के सदुपयोग पर जोर :** कई नई पहलों के साथ, विभाग ने न केवल शहरों के बुनियादी ढांचे को सुधारा है, बल्कि नए नगरीय निकायों की स्थापना की, लिगेसी वेस्ट जैसे इश्यूज का निवारण किया और सीनियर केयर और सेफ सिटी परियोजनाओं जैसी महत्वपूर्ण पहलों के साथ ही सरकारी धन के सदुपयोग उपयोग और लंबे समय से बकाया राशि का भी समय पर भुगतान किया है।

### छोटे शहरों में सुविधाएं विकसित करने का लक्ष्य

आकांशी नगर योजना का लक्ष्य भी 20 हजार से एक लाख तक की आबादी वाले छोटे शहरों में सुविधाएं विकसित करना है। इस योजना के माध्यम से बुनियादी शहरी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक बुनियादी ढांचे में सुधार करके रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएंगे। नगर विकास विभाग इस वित्तीय वर्ष में इन शहरों के विकास पर 143 करोड़ रुपये खर्च करेगा।


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919



**24वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 4:21 बजे
इफ्तार : 6:37 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4:28 बजे
इफ्तार : 6:27 बजे

**नोट** : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में नजराना-ए-अवध के दूसरे दिन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन – 11:00 बजे।
- खाटू श्याम मन्दिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक देवी हेमलता शास्त्री का प्रवचन – 2.00 बजे।
- राणा प्रताप मार्ग स्थित बॉटनिकल गॉर्डन के पास 'फागोत्सव' का आयोजन – 4:30 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी लॉन में अवध महोत्सव की चौथी संध्या पर मुम्बई की स्नेहा शंकर द्वारा बालीवुड नाइट का आयोजन – 6.30 बजे।

## नो-पार्किंग जोन में मिले 981 वाहनों का चालान

**लखनऊ :** यातायात पुलिस ने राजधानी में 28 नए नो पार्किंग जोन घोषित किए हैं। बुधवार को पुलिस ने नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को हटाने का अनाउंसमेंट किया। इसके बाद भी जिन चालकों ने वाहन नहीं हटाये उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 3,500 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा नो पार्किंग जोन में खड़े मिले 981 वाहनों का भी चालान किया गया।

# रतनलोक अपार्टमेंट में कमियां, फर्म पर पांच लाख जुर्माना

## उपाध्यक्ष ने बिल्डिंग की रंगाई-पुताई के लिए दिए निर्देश, दूसरी फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बुधवार को कानपुर रोड योजना स्थित रतनलोक व आद्रा अपार्टमेंट का निरीक्षण किया। रतनलोक में कार्यदायी फर्म मेसर्स प्रताप हाइट्स के कार्यों में लापरवाही मिली और अधूरे कार्यों पर उपाध्यक्ष ने पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया। निर्देश दिए कि पूरी बिल्डिंग की नए सिरे से पुट्टी व रंगाई-पुताई कराई जाए। पॉवर बैकअप के लिए 250-250 केवीए के दो डीजी सेट लगाएं। बिजली के खम्भे शिफ्ट करके सर्विस रोड चौड़ी कराएं।

आद्रा अपार्टमेंट के निरीक्षण में कमियां मिलने पर ठेकेदार व सम्बंधित अधिकारियों को चेतावनी दी। कहा, जल्द अतिक्रमण हटाकर बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण पूरा कराएं। परिसर के पीछे बाउन्ड्रीवॉल की ऊंचाई चार फिट बढ़ाई जाए। हिदायत दी कि बिल्डिंग की मरम्मत व रंगाई-पुताई आदि कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं हुआ तो फर्म को ब्लैक लिस्ट करेंगे।

**▸▸ कहा, अपार्टमेंट्स में कमियां सुधार कर तैयार किए जाएंगे एक-एक सैंपल फ्लैट**

इनडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। यहां आसपास 12-12 मीटर चौड़ी रोड पर कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ी करने के निर्देश दिए। साथ में सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य अभियंता एके सिंह आदि रहे।



आशियाना स्थित अम्बेडकर सभागार के निरीक्षण के दौरान अफसरों से जानकारी लेते उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

### कमियां दूर कर सुविधाओं से लैस करें फ्लैट

उपाध्यक्ष ने अफसरों को निर्देश दिए कि जिन अपार्टमेंट्स में ज्यादा फ्लैट खाली हैं। उनमें कमियां सुधारने के साथ सुविधाओं को अपग्रेड करें। ऐसे सभी अपार्टमेंट में जरूरत के हिसाब से रंगाई-पुताई, मरम्मत, विकास, हॉर्टीकल्चर व सौंदर्यीकरण आदि कार्य प्राथमिकता से कराए जाएं। अपार्टमेंट्स में एक-एक सैम्पल फ्लैट तैयार कराएं, इससे भवन खरीदने के इच्छुक लोग सैंपल देखकर सम्पत्ति का आकलन कर सकें। साथ ही राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय स्थित अम्बेडकर सभागार की मरम्मत व जीर्णोद्धार का कार्य भी 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाए।

### जल्द होगी अम्बेडकर ऑडिटोरियम की बुकिंग

उपाध्यक्ष ने आशियाना स्थित राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय स्थित अम्बेडकर सभागार का निरीक्षण किया। यहां प्राधिकरण द्वारा मरम्मत, जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के कार्यों की प्रगति संतोषजनक पाई। निर्देश दिए कि स्टेजिंग, वॉल पैनलिंग, चेयर क्लीनिंग आदि कार्य एक साथ कराएं। परिसर में खराब हो चुके कारपेट व पर्दे फौरन बदलें। पेस्ट कंट्रोल कराने के साथ पूरे ऑडिटोरियम का थर्ड पार्टी स्ट्रक्चरल ऑडिट कराएं। ऑडिटोरियम के चारों तरफ जर्जर सड़क की मरम्मत कराई जाए। सभी कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण न करने पर कार्रवाई करेंगे।

## डायरी में ब्योरा भरेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय के शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के आश्रम पद्धति विद्यालय में शिक्षकों को डायरी में ब्योरा भरना होगा। समाज कल्याण निदेशालय की ओर से शिक्षकों को डायरी दी जा रही है। प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में 32 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालयों में इस बार से वार्षिक कैलेंडर लागू कर वार्षिकोत्सव कराने के निर्देश दिए गए हैं। छात्र-छात्राओं को डायरी दी जाएगी। डायरी छपने के लिए भेज दी गई है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने शिक्षकों के लिए बनी डायरी को हरी झंडी दे दी है। डायरी छपने के लिए भेजी गई है। एक हजार से अधिक शिक्षकों को इसी माह डायरी वितरित कर दी जाएगी। डायरी में महत्वपूर्ण दिवसों से लेकर अन्य जानकारियां अपडेट रखनी होंगी। छात्रों को भी महत्वपूर्ण दिवसों के बारे में जानकारी देनी होगी। प्रतिदिन का ब्योरा दर्ज करना होगा। उपनिदेशक या जिला समाज कल्याण अधिकारी डायरी की जांच करेंगे।

# घर में अकेली बच्ची से नौकर ने किया दुष्कर्म

## अश्लील हरकतें कर बनाया वीडियो, बताने पर दी जान की धमकी

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** बिजनौर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली कक्षा एक की छात्रा के साथ नौकर ने दुष्कर्म किया। अश्लील हरकतों का वीडियो भी बना लिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। घर लौटी मां ने सहमी बेटी को दुलरा कर पूछा तो उसने रो-रोकर घटना बयां की। पिता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्जकर आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बच्ची के पिता ने बताया कि निगोहां के दयालपुर निवासी राजू कुशवाहा (33) करीब 20 वर्ष से उनके घर में नौकर था। उसे परिवार के सदस्य की तरह मानते थे। एक अप्रैल की शाम परिवार के लोग बाहर गये थे। घर पर में कक्षा एक की छात्रा नौ वर्षीया बेटी को नौकर के भरोसे छोड़ गए थे। बच्ची नौकरी को चाचा की तरह मानती थी। नौकर बच्ची को बहला फुसला कर कमरे में ले गया।

**▸▸ 20 वर्षों से घर में परिवार के सदस्य की तरह रह रहा था नौकर**

**▸▸ 33 वर्षीय नौकर को चाचा की तरह मानती थी कक्षा एक की छात्रा**

**▸▸ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज**

वहां उसके कपड़े उतार अश्लील हरकतें की और वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। परिजन अगले दिन लौटे तो बच्ची उन्हें डरी सहमी दिखी। आशंका होने पर मां ने एकांत में ले जाकर बेटी को दुलराकर पूछा। इस पर वह फूट-फूट कर रोने लगी और मां को पूरी घटना बताई। परिजन और पड़ोसियों ने पकड़कर नौकर को पीटा फिर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नौकर से पूछताछ की तो उसने घिनौनी हरकत करना कबूल कर लिया।

पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर अश्लील वीडियो को बरामद किया। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद कुमार राणा ने बताया बच्ची के पिता की तहरीर पर दुष्कर्म, पॉक्सो और एससी/ एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्जकर आरोपी राजू को गिरफ्तार कर लिया गया है। छात्रा को मेडिकल जांच के लिये भेजा गया है। एडीसीपी दक्षिणी टीएस सिंह ने कहा कि दो से तीन माह में विवेचना पूरी कर चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी जाएगी। आरोपी को सजा दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

## 38 पार पहुंचा पारा, अभी और बढ़ेगी गर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ और आसपास तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को हवाएं चलने के बावजूद लखनऊ का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। अगले दो दिनों में दो से तीन डिग्री तापमान बढ़ने की संभावना है। दो दिनों में हल्की बारिश की संभावना भी जताई जा रही है। बुधवार को तेज धूप का असर देखने को मिला। दिन भर हल्की हवाएं चलती रहीं, इसके बावजूद सूरज की तपन कम नहीं हुई। दिन का तापमान 38 डिग्री से अधिक रहा। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री और बढ़ेगा। बारिश के भी आसार हैं। मंगलवार को रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। मौसम विभाग की ओर से अनुमान है कि अप्रैल माह में इस बार अधिक गर्मी पड़ेगी। इसका असर लोगों की सेहत पर भी पड़ सकता है। वैज्ञानिक एम दानिश ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। बीते वर्ष दिन का तापमान औसतन 36 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहा था।

**▸▸ हवाओं के बावजूद कम नहीं हुई सूरज की तपन**

### लखनऊ में वायु स्तर (एक्यूआई) का हाल

| स्थान | दर्जा | एक्यूआई |
|---|---|---|
| भीमराव आंबेडकर विवि | मध्यम | 72 |
| सेंट्रल स्कूल | खराब | 142 |
| चारबाग | खराब | 110 |
| गोमती नगर | मध्यम | 95 |
| हैबेट मऊ मवइयां | खराब | 142 |
| कुकरैल पिकनिक स्पॉट | मध्यम | 78 |
| लालबाग | खराब | 112 |
| निशातगंज | खराब | 122 |
| तालकटोरा | मध्यम | 84 |
| विजयखण्ड | खराब | 119 |

# चाइनीज कंपोनेंट लगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर खरीद में कई घेरे में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार के तय मानक के विपरीत देशी की जगह चाइनीज कंपोनेंट लगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खरीद को तरजीह देना मध्यांचल के इंजीनियरों को महंगा पड़ गया। इस मामले में मनमानी करने पर कंसल्टेंट एजेंसी बेब कॉम के सदस्य और कई इंजीनियरों के खिलाफ जांच शुरू हो जाएगी। मुख्यालय ने इस मामले की खरीद के सभी दस्तावेज मंगा लिए। शुरूआती जांच में गड़बड़ियां मिली। जांच पूरी होने पर मध्यांचल के कई इंजीनियर और बेब कॉम के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई तय है।

पावर कारपोरेशन के सामने यह मामला उपभोक्ता परिषद की ओर से नियामक आयोग भेजे जाने के बाद आया। इसके बाद सौदेबाजी से जुड़े सभी दस्तावेज तलब किए गए। दस्तावेज की शुरूआती जांच हुई तो गड़बड़ी का खुलासा हुआ। इसके बाद मध्यांचल विद्युत वितरण निगम आनन-फानन भारत सरकार से अनुमति लेने का प्रस्ताव तैयार करना शुरू कर दिया।

**उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने लगाया गंभीर आरोप :** प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी जोरों पर है। इसके लिए जीनस, फ्लुएंट ग्रिड और मेसर्स पोलरिस कंपनी से मीटर खरीदने की प्रकिया चल रही है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने इस खरीद पर सवाल खड़े किए। इससे जुड़े सलाहकार कंपनी बेब कॉम और इंजीनियरों पर गंभीर आरोप लगाया। आरोप है कि जो स्मार्ट मीटर खरीदे जा रहे हैं। उनमें चाइनीज कंपोनेंट का प्रयोग किया गया है।

**दाम बढ़ाने का दिया जा सकता है तर्क :** वर्तमान समय मे बिजली कंपनियां मीटर खरीद रही है। इनकी कीमत आठ हजार के करीब है। जानकारो के अनुसार अधिकारी उसी लागत मे चाइनीज उपकरण लगे मीटर को ही खरीदा जाने का हवाला देकर बचने का उपाय कर रहे है। जापान और ताइवान लगे उपकरणों के मीटर की खरीद मे लागत बढ़ सकती है। ऐसा होने पर पूर्व की तरह इनकी कीमत दस हजार के आसपास की जा सकती है।





**▸▸ मध्यांचल निगम की कंसल्टेंट एजेंसी बेब कॉम के सदस्य भी जांच के दायरे में**

**▸▸ ताइवान, जापान के उपकरणों की जगह चाइनीज मीटर को दी गई वरीयता**

**▸▸ 60 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण लगे मीटर की खरीद का है आदेश**

### 40 प्रतिशत विदेशी उपकरण वाले उत्पाद प्रयोग करने के हैं निर्देश

भारत सरकार ने विद्युत सामग्री में प्रयोग होने वाले उपकरणों में 60 प्रतिशत सामान स्वदेशी और 40 प्रतिशत विदेशी उपकरण वाले उत्पाद प्रयोग करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सीमा से जुड़े देशों से खरीद से पहले भारत सरकार की अनुमति अनिवार्य होगी। इसके बाद भी मध्यांचल के अधिकारियों और इंजीनियरों ने इस गाइड लाइन को दरकिनार कर चाइनीज कंपोनेंट वाले मीटर खरीद का प्रस्ताव तैयार कर लिया। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही उन्होंने मध्यांचल मे मीटर की जीटीपी को अनुमोदित करने वाले अधिकारियों की सूची भी मांगी है।

### जापान और ताइवान के नहीं लिये गये उपकरण

मीटर की खरीद से पहले आपूर्ति करने वाली फर्मों ने मीटर संबंधित दस्तावेज निगम को सौंपे। जिसमें उपकरणों के सामने उनके देशों के नाम लिखे गये थे। जिसमें जापान और ताइवान के उपकरण युक्त मीटर भी थे। इसके बावजूद मध्यांचल के अधिकारियों ने इन कंपनियों की जगह चाइनीज कंपनी को वरीयता दी। अब यही खरीद अधिकारियों के गले की फांस बन गई है। मामला खुलने के बाद अधिकारियों पर जानबूझकर ऐसा करने का आरोप लग रहा है। इंजीनियरों की कमेटी ने चाइनीज कंपोनेंट लगे मीटर का अनुमोदन किया था।

### तीनों कंपनियों के मीटर में चाइनीज कंपोनेंट

पावर कारपोरेशन ने मामले से जुड़े दस्तावेज खंगाले तो सच्चाई सामने आई। इसमें तीनों कंपनियों के मीटर में चाइनीज कंपोनेंट लगे हुए है। इन मीटर में लगा माइक्रोप्रोसेसर, डिस्प्ले, कम्युनिकेशन माड्यूल, इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेंट, बैटरी, क्वार्टज, आप्टिकल पोर्ट, पीसीबी और आईसी चाइनीज कंपोनेंट है।

# निष्प्रयोज्य नालियां बंद कर चौड़ा करें कानपुर हाइवे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ-कानपुर हाइवे पर हुए गड्ढों को तत्काल भरा जाए। मार्ग को बाधित करने वाले निर्माण को ध्वस्त कराकर मलबा तत्काल हटवाया जाए। ये निर्देश बुधवार को हुई बैठक में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक को दिए।

**▸▸ मंडलायुक्त ने अवैध निर्माण ध्वस्त कराने और गड्ढे भरने के निर्देश भी दिए**

कानपुर-लखनऊ हाइवे के ऊपर लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे (लखनऊ की सीमा में फ्लाईओवर) का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण के चलते हाइवे जगह जगह संकरा और गड्ढा युक्त हो गया है। इससे जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी समस्या को देखते हुए बुधवार को मंडलायुक्त ने बैठक ली। इसमें मंडलायुक्त ने कहा कि हाइवे किनारे निष्प्रयोज्य नालियां बंद कराकर मार्गों को चौड़ा किया जाए। बाद में आवश्यकता के अनुसार नालियों को सही कराया जाए। जहां भी अवैध निर्माण हैं, उन्हें ध्वस्त कराएं। सड़क किनारे पार्किंग न होने दें। पार्किंग क्षेत्र बाजार में चिह्नित कर वहां वाहन खड़े कराए जाएं।

स्कूटर इंडिया, बंथरा, गौरीगंज बाजार के पास यातायात प्रभावित होता है। इन स्थानों पर सड़कों के चौड़ीकरण का काम सबसे पहले किया जाए। रोड कटिंग से पहले संबंधित संस्था से अनुमति लें। बिना अनुमित के रोड कटिंग करने पर नोटिस जारी करते संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई करें। रोड कटिंग वाले स्थानों पर बोर्ड लगाकर पूरी जानकारी दी जाए। बैठक में निदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा बीडी पाल्शन, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



लखनऊ-कानपुर हाइवे पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, साथ में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व अन्य। अमृत विचार

# सड़कों पर तेजी से बढ़ रहा ई-वाहनों का परिवार

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** इको फ्रेंडली इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का परिवार अब तेजी से बढ़ना शुरू हो गया है। पेट्रोल महंगा होने से इन वाहनों के बिक्री की रफ्तार अब और तेज होती जा रही है। करीब-करीब सभी छोटे-बडे. ब्रांड ई-वाहन बना रहे हैं। सरकार की नई पॉलिसी ने बिक्री को और गति दे दी है।

अकेले लखनऊ संभाग में ही ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बता रहा है कि अब बड़ी संख्या में लोगों की दिलचस्पी इन वाहनों की ओर है। साल 2015 के दौरान लखनऊ संभाग में 1,073 ईवी से शुरू हुआ यह सफर अब 65,188 तक पहुंच गया है।



**▸▸ लोगों का रुझान इन पर्यावरण मित्र बने वाहनों की ओर, ईवी की बिक्री तेज**

**▸▸ लखनऊ संभाग में 1,073 ईवी से शुरू हुआ सफर, 65,188 तक पहुंचा**

**तीन माह में बिके 7,330 दोपहिया ईवी :** ई-रिक्शा को छोड़ दिया जाए तो इनमें सबसे ज्यादा बिक्री दोपहिया यानी इलेक्ट्रिक स्कूटर मोटर साइकिल की हुई है। अकेले लखनऊ संभाग में मार्च तक 7,330 दोपहिया ईवी बिक चुके हैं।

### साल-दर-साल लखनऊ संभाग में कुछ इस तरह बढ़ती रही संख्या

| वर्ष | संख्या |
|---|---|
| 2015 | 1073 |
| 2016 | 4696 |
| 2017 | 8261 |
| 2018 | 4187 |
| 2019 | 3411 |
| 2020 | 2788 |
| 2021 | 6969 |
| 2022 | 12,876 |
| 2023 | 20,927 |
| 2024 | 65,188 (31 मार्च तक कुल ईवी) |

> ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों को रुझान स्पष्ट कर रही है। अब लोग बिना किसी भय के ईवी खरीद रहे हैं। इनकी ओर लोगों का विश्वास बढ़ा है। दोपहिया वाहन तो खूब बिक रहे हैं। पेट्रोल महंगा होने से लोग ईवी की ओर देख रहे हैं। आने वाला भविष्य इन्हीं वाहनों का है।
>
> **-पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

> ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए सरकार पंजीयन से लेकर टैक्स और छूट तक तमाम सुविधाएं दे रही है। ई-वाहनों की बिक्री की रफ्तार में तेजी से इजाफा हो रहा है। सभी कैटेगरी के वाहन बिक रहे हैं। लोगों का रुझान ईवी की ओर बढ़ा है। ज्यादातर हाथों में इलेक्ट्रिक स्कूटर बाइक नजर आ रही हैं। यही हाल निजी कार और ट्रांसपोर्ट वाहनों का है।
>
> **-अखिलेश द्विवेदी**, एआरटीओ प्रशासन

**प्रदेश में 31 दिसंबर 2023 तक बिके कुल ट्रांसपोर्ट ईवी- 5,90,394**

- प्रांत में 31 दिसंबर 2023 तक बेचे गए कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी- 74,721
- 31 दिसंबर 2023 तक प्रदेश में कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या- 6,65,115

## आईपीएल मैच 7 को शहीद पथ पर जाने से बचें

**अमृत विचार, लखनऊ :** इकाना स्टेडियम में आईपीएल का दूसरा मैच सात अप्रैल को होगा। पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था की तैयारी कर ली हैं। सुगम यातायात के लिये मैच के दिन शहीद पथ समेत अन्य मार्ग पर डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया इकाना स्टेडियम में मैच के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। सात अप्रैल को मैच के कारण शहीदपथ पर दोपहर दो से नौ बजे के बीच वाहनों का दबाव रहने की आशंका है। दर्शकों के अतिरिक्त कानपुर नगर, एक्सप्रेस-वे, बाराबिरवा, अमौसी की ओर जाने वाले वाहन चालक असुविधा से बचने के लिए शहीदपथ का प्रयोग करने से बचें। वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। इकाना स्टेडियम पार्किंग में जाने वाले वाहन अहिमामऊ चौराहा से गन्तव्य तक जायेंगे। स्टेडियम के यातायात दबाव से बचने शहीदपथ के स्थान पर वैकल्पिक मार्ग अजुनगंज व कैंट होकर निर्धारित किया गया है।

# डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 20 लाख रुपये की जीएसटी रिफंड करने के एवज में दो लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य धनेंद्र कुमार पांडेय की जमानत अर्जी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव ने खारिज कर दिया है। अभियुक्त को विजिलेन्स टीम ने पिछले माह रिश्वत की रकम लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

अदालत के समक्ष सरकारी वकील महेश कुमार त्रिपाठी एवं कमल अवस्थी ने बताया कि आरोपी धनेंद्र कुमार पांडेय एक्सपोर्ट कंपनी आर्डेम डाटा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि से 20 लाख रुपये का जीएसटी लौटने के एवज में दो लाख रुपये की घूस मांग रहा था। अदालत को बताया गया कि कंपनी के अधिकारियों ने आरोपी की शिकायत विजिलेंस के एसपी डॉ. अरविंद चतुर्वेदी से की थी जिस पर आरोपों की जांच करने के बाद विजिलेंस टीम ने मीराबाई मार्ग स्थित वाणिज्य कर कार्यालय से आरोपी को दो लाख रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार किया था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण के निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने थाना लखनऊ सेक्टर में आरोपी के विरुद्ध रिश्वत लेने का मुकदमा दर्ज कराया था।

**▸▸ पिछले माह रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ हुए थे गिरफ्तार**

# समीक्षा के कथक में उभरा महादेव का अघोरमुखी स्वरूप

## अवध महोत्सव के तीसरे दिन समीक्षा शर्मा का कथक नृत्य, अग्निहोत्री बंधु का भजन गायन और बतुल बेगम का सूफी गायन रहे आकर्षण



अवध महोत्सव के मंच पर कथक नृत्य की प्रस्तुति देतीं गाजियाबाद की समीक्षा शर्मा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पर्यटन व संस्कृति विभाग के साथ ही उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में अकादमी लॉन में चल रहे पांच दिवसीय अवध महोत्सव के तीसरे दिन गाजियाबाद की समीक्षा शर्मा का कथक नृत्य, लखनऊ के अग्निहोत्री बंधु का भजन गायन और राजस्थान की बतुल बेगम का सूफी गायन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। इसके साथ ही अकादमी परिसर में झांसी से आईं राधा प्रजापति ने अपने साथी कलाकारों के साथ राई नृत्य का आकर्षण बिखेरा।




अवध महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

अवध महोत्सव की तीसरी संध्या का उप निदेशक संस्कृति अमित कुमार अग्निहोत्री, सहायक निदेशक रेनू रंगभारती और संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। इस अवसर लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी, संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय, डीजी रेलवे एके राना, एडीजी रेलवे एसके जैन, एसपी विजिलेंस नीति द्विवेदी सहित कई विशिष्ट जन मौजूद रहे।

### समीक्षा ने शानदार भावों के साथ दी प्रस्तुति

गाजियाबाद से आईं कथक नृत्यांगना समीक्षा शर्मा ने अपने दल के साथ शंकर अति प्रचंड को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। इसमें महादेव के अघोर मुखी स्वरूप को प्रभावी अंदाज में दर्शाया गया। दूसरी रचना सूरदास के पद सुंदर बदन में अंतरमुखी नायिका पेश की गई। यह नायिका कृष्ण से प्रेम तो करती है पर कह नहीं पाती। इस एकल नृत्य को स्वयं समीक्षा शर्मा ने शानदार भावों के साथ पेश किया। अंत में उन्होंने पारंपरिक जयपुरी कथक प्रस्तुत किया। समीक्षा शर्मा के दल में मनुहार जोशी, सुष्मिता, मनप्रीत, अनुराग और मृणालिनी शामिल रहीं।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते लोकप्रिय भजन गायक अग्निहोत्री बंधु। अमृत विचार

### अग्निहोत्री बंधु ने की राम के साथ हनुमान की भी स्तुति

लखनऊ के लोकप्रिय भजन गायक अग्निहोत्री बंधु (राकेश-देवेश) ने डॉ. योगेश प्रवीन की रचना अब तो पलक उठाओ भगवन, जय-जय भोले भंडारी बेड़ा पार लगाओ भगवन को मनभावन अंदाज में सुनाकर लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने जय जय सुरनायक जन सुखदायक प्रनतपाल भगवंता को भी काफी अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। अवध महोत्सव क्योंकि रामोत्सव की श्रृंखला में आयोजित किया जा रहा है इस वजह से राम की स्तुति तो इस आयोजन का अनिवार्य हिस्सा बन गई है। अग्निहोत्री बन्धुओं ने यहां हनुमान चालीसा के अंश भी सुनाए।

### बतुल बेगम के सूफी गायन पर झूम उठे लोग

राजस्थान की बतुल बेगम का सूफी गायन सुनने के लिए लोग देर रात तक अकादमी लॉन में जमे रहे। बतूल बेगम राजस्थान के जयपुर की लोकप्रिय लोक गायिका हैं। उनका मांड और भजन गायन विदेशों में भी काफी लोकप्रिय है। वह ढोल, ढोलक और तबला जैसे ताल वाद्यों के वादन में भी महारत रखती हैं। उन्होंने विशेष रूप से गजानन देवा, केसरिया बालम, बोल सुवा राम राम, डिग्गीपुरी का राजा, राम सा पीर जैसे एक से बढ़कर एक पारंपरिक राजस्थानी गीत और भजन सुनाकर संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया।

### पुतुल कलाकारों ने अमर शहीद उधम सिंह को किया नमन

जंग-ए-आजादी के नायक के जीवन पर आधारित पुतुल नाट्य प्रस्तुति अमर शहीद उधम सिंह और हरियाली का हाथ का प्रदर्शन किया गया। इसमें चन्द्रशेखर शुक्ला, तान्या मेराज, सत्यम मिश्रा, तनय मेराज, लता बाजपेई, लावण्या बाजपेई, अगम्या बाजपेई ने पुतुल संचालन किया जबकि निर्देशन मेराज आलम का था।

# और हवा से बातें करने लगे घोड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **अवध महोत्सव के तहत आयोजित हुई इक्का-तांगा दौड़**

**अमृत विचार :** पर्यटन व संस्कृति विभाग तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे अवध महोत्सव के तीसरे दिन इक्का-तांगा दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ गोमती तट स्थित विश्वविद्यालय रोड पर हुई।

बुधवार की सुबह सूरज निकलने से पहले दौड़ में शामिल होने आये इक्के-तांगे पूरी तैयारी के साथ दौड़ की शुरुआती लाइन में खड़े हो गए। संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर भी सड़क के डिवाइडर पर हरी झंडी के साथ खड़े नजर आये। सुबह के 6 बजते ही अकादमी निदेशक ने हरी झंडी दिखाई और लखनऊ विश्वविद्यालय से नदवा कॉलेज के बीच की सड़क घोड़ों के टापों की आवाजों से गूंज उठी।

जुग्गन खान के निर्देशन में लखनऊ के फैजल खान, भाईजान खान, पापा चाचा, शब्बर (शकील), गुल्ले, रंजीत सोनकर, अतीक बग्घी वाले, असलम बग्गी, कादिर, नरेश सोनकर, रज्जाक, इमरान और कल्लू ने हरी झंडी दिखाए जाते ही अपने-अपने घोड़ों को एड़ लगा दी। देखते ही देखते घोड़े हवा से बातें करने लगे।

सुबह का वक्त था। सड़कों पर सन्नाटा था। इक्का तांगा दौड़ देखने के लिए लोग फुटपाथ और डिवाइडर पर खड़े थे। इस इक्का-तांगा दौड़ में असलम बग्गी को प्रथम, इमरान को दूसरा और फैसल खान को तीसरा स्थान मिला।



**घोड़े का ऐसा देख रंग...** "बढ़ते नद सा वह लहर गया, वह गया-गया फिर ठहर गया। जो तनिक हवा से बाग हिली, लेकर सवार उड़ जाता था।" जी हां, उक्त गुणगान राणाप्रताप के घोड़े चेतक का है। समय बदला जरूर। लेकिन, घोड़ों की शान आज भी बरकरार है। अवध महोत्सव के तीसरे दिन यानी बुधवार को सूरज उगने से पहले ही इक्के में जुड़े घोड़ों की टाप गूंजने लगी। लखनऊ विश्वविद्यालय से नदवा कॉलेज के मध्य दौड़ाते घोड़ों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर दर्शक तांगे में लगे घोड़ों का जोश बढ़ाते भी दिखे। फोटो-राजकुमार

# नर्सों को समायोजित करने की मांग

## उप मुख्यमंत्री से मिला कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में नर्स मेंटर के पद पर तैनात रहीं 36 महिलाओं के समायोजन की मांग को लेकर बुधवार को संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि मुलाकात के बाद उप मुख्यमंत्री ने तत्काल मिशन निदेशक को नर्सों के समायोजन के लिए निर्देशित किया है।

दरअसल, करीब 10 साल पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में नर्स मेंटर के पद पर तैनात हुईं 36 महिलाओं की सेवा 31 मार्च को समाप्त हो गई। हालांकि सभी नर्स मेंटर की समस्याओं को देखते हुए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक को पत्र लिखा था। जिसमें कहा गया है कि इन महिलाओं के कार्यानुभव को देखते हुये इनका समायोजन प्रशिक्षण केंद्रों पर किया जा सकता है।



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन देते हुए संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

# आचार संहिता के बावजूद करा लिए निदेशक पद के साक्षात्कार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट में नियमों की अनदेखी**

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर रोड स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान में निदेशक पद के लिए संपन्न साक्षात्कार पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद साक्षात्कार संपन्न हुए हैं, जो कि नियमों के विपरीत है। इस संबंध में सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने मुख्यमंत्री समेत मुख्य चुनाव आयुक्त, मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग को शिकायत पत्र भेज कर विरोध दर्ज कराया है। इस संबन्ध में संबन्धित अधिकारियों ने कुछ भी बोलने से किनारा कर लिया है।

सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 16 मार्च को प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हुई थी, बावजूद 17 मार्च को निदेशक पद का साक्षात्कार कराया गया। पूर्व निर्धारित छह सदस्यीय कमेटी ने करीब 30 से अधिक अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए। जबकि इसके लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति लेनी चाहिये थी। मगर अधिकारियों ने इसकी जहमत नहीं उठाई।

**श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन**

# संसार में अमृत भरा है, आपको उसमें से लेना आना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती तट स्थित खाटूश्याम मन्दिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक देवी हेमलता शास्त्री ने राजा परीक्षित के जन्म और उससे जुड़ी कथा सुनाई। राजा परीक्षित को क्रमिक मुनि से सात दिन के भीतर मृत्यु का श्राप मिला था, जिसके निवारण के लिए सुकदेव महाराज का आगमन हुआ।

कथा को आगे बढ़ाते हुए देवी हेमलता शास्त्री ने कहा कि जीवन में दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है। दृष्टिकोण बदलने से कई बार दुख में भी सुख की अनुभूति होती है। मन्दिर में पत्थर है, किन्तु प्रेम उस पत्थर को भगवान बना देता है। उन्होंने कहा कि हमें प्रभु को निरन्तर धन्यवाद देना चाहिए। रिश्ते प्रेम से जुड़ते हैं, किन्तु उनमें कटुता हमारी गल्तियों से आती है। हमें चिन्तन करना होगा और दृष्टिकोण बदलना होगा। जब तक हम स्वयं हार नहीं मानेंगे तब तक हमें कोई हरा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि संसार में अमृत भरा है, किन्तु आपको उसमें से लेना आना चाहिए। संसार में बहुत आनंद है, लेकिन जीना आना चाहिए। मुख्य यजमान सुनीता अग्रवाल और जगदीश अग्रवाल ने भागवत की आरती की। कथा में गिरिजा शंकर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



खाटू श्याम मन्दिर में श्रीमद्भागवत कथा सुनातीं कथावाचक देवी हेमलता शास्त्री।

# पर्वतीय महापरिषद ने किया उत्तरायणी कौथिग के कलाकारों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्वतीय महापरिषद के उत्तरायणी कौथिग-2024 में शामिल होने वाले कलाकारों को बुधवार को गोमतीनगर स्थित पर्वतीय महापरिषद भवन में सम्मानित किया गया। पर्वतीय महापरिषद के सचिव हेमंत सिंह ने बताया कि संरक्षक प्रो. आरसी पंत और मुख्य संयोजक टीएस मनराल ने कलाकारों को सम्मानित किया।

सम्मान समारोह की शुरुआत गोमतीनगर के कलाकारों के सम्मान से हुई। उत्तरायणी कौथिग-2024 में प्रथम स्थान प्राप्त इन्दिरा नगर विस्तार की टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के बाद कलाकारों ने लोक नृत्य झोड़ा प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर पीसी पंत, गोपाल दत्त गरवाल, केएन चंदोला, गोविन्द सिंह बोरा, ख्याली सिंह, हेमंत सिंह गड़िया, महेंद्र पंत, बसंत भट्ट, हरीश कांडपाल, गिरीश चंद कोठारी, शंकर पांडे, दीपा पाण्डेय, भारती कांडपाल, राकेश, मनीष, मोहन बिष्ट, आदि मौजूद रहे।



पर्वतीय महापरिषद के समारोह में सम्मानित किए गए कलाकार। अमृत विचार

# पीजीआई में एमआरआई के लिए तीन महीने की वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **एपेक्स ट्रॉमा में एमआरआई जांच सुविधा न होने से निजी सेंटर जाने को मजबूर हो रहे गंभीर मरीज**

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई की पुरानी बिल्डिंग में लगी एमआरआई मशीन से जांच कराने के लिये मरीजों को तीन महीने से अधिक का इंतजार करना पड़ रहा है। इससे एपेक्स ट्रॉमा में आने वाले गंभीर मरीज निजी सेंटर से जांच कराने को मजबूर हैं। हालांकि, संस्थान प्रशासन पीपीपी मोड पर एमआरआई जांच की सुविधा देने का प्रयास कर रहा है।

एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में 131 बेड पर मरीजों को इलाज मुहैया कराया जा रहा है। यहां आने वाले मरीजों को शुरुआती 24 घंटे में मुफ्त इलाज किया जाता है। ट्रॉमा में अभी अभी तक सिर्फ सिटी स्कैन की सुविधा है। एमआरआई जांच के लिए मरीजों को संस्थान की पुरानी बिल्डिंग में लगी एमआरआई मशीन के सेंटर पर भेजा जाता है। मरीजों का कहना है कि यहां पर करीब तीन महीने से अधिक की वोटिंग होने के कारण उन्हें जांच के लिए मजबूर होकर निजी सेंटर जाना पड़ रहा है।



### संस्थान प्रशासन का दावा जल्द लगेगी मशीन

एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश हर्षवधन ने बताया कि मरीजों को सभी प्रकार की जांच की सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में सिटी स्कैन की सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि एमआरआई मशीन महंगी होने की वजह से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल लगाने की सहमति बनी है। संस्थान प्रशासन ने पीपीपी मॉडल पर एमआरआई मशीन लगाने के लिए शासन से अनुमति मांगी है।

# अस्पताल से लापता हुए मरीज का सुराग नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ:** बलरामपुर अस्पताल से संदिग्ध हालात में लापता हुए मरीज का चार दिन बाद भी पता नहीं चल सका है। नाका निवासी अंकुर शर्मा की तबीयत खराब होने पर परिजन ने 30 मार्च को बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया था। पीड़ित परिजनों ने इसकी शिकायत अस्पताल प्रशासन से की। इलाज के दौरान मरीज लापता होने की घटना से अस्पताल में हड़कंप मच गया। इस मामले में वजीरगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है।

पीड़ित परिजनों ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मरीज की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। उसकी तलाश की जा रही है।

**अनदेखी** | बलरामपुर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट की दो मशीनें करीब दो साल से खराब

# डायलिसिस का इंतजार बढ़ा रहा मरीजों का दर्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट की दो मशीनें करीब दो साल से खराब हैं। इनकी न तो मरम्मत की जा सकी है और नहीं है इनकी जगह पर नई मशीनें लगवाई जा सकीं। जिसके चलते भर्ती मरीजों को डायलिसिस के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

दरअसल, बलरामपुर अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में कुल सात मशीनें लगी हुई हैं। दो मशीनें खराब होने से पांच मशीनों पर ही डायलिसिस का पूरा भार है। इस यूनिट में अस्पताल में भर्ती मरीजों की ही डायलिसिस की जाती है। वेटिंग होने के कारण कई मरीजों को लौटना पड़ रहा है। सीतापुर निवासी मो.हनीफ ने बताया कि उनकी मां वार्ड में भर्ती हैं। पहले दो बार डायलिसिस हो चुकी है। हर बार डायलिसिस लेट लतीफ होती है। इस बार भी गत मंगलवार की तारीख दी गई थी। आज दूसरे दिन भी नंबर नहीं आया। इसी तरह बहराइच निवासी कल्पना को भी डायलिसिस के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।




बलरामपुर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट के बाहर इंतजार करते लोग।

### पीपीपी यूनिट में तो वेटिंग लिस्ट में नाम तक नहीं लिखा

बलरामपुर अस्पताल के सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) में पीपीपी मोड पर 13 डायलिसिस मशीनें संचालित है। यहां इमरजेंसी मरीजों की डायलिसिस की जाती है। डायलिसिस कराने वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं होती। जिले में अन्य अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा न होने के कारण मरीज यहां आते हैं। बुधवार को अमृत विचार प्रतिनिधि मरीज का तीमारदार बनकर यूनिट में मौजूद महिला कर्मचारी से मिला। महिला कर्मचारी ने बताया कि यहां अभी वेटिंग है। नंबर आने में एक महीने से भी ज्यादा का समय लगेगा। मरीज का नाम और नंबर दर्ज करने की बात पर उसने कहा कि बीच-बीच में आकर पता करते रहिए। कोई कॉल नहीं करेगा।

> यूनिट का विस्तार करने के लिए जल्द ही डायलिसिस की पांच नई मशीनें लगवाई जाएंगी। इसके लिए शासन को पत्राचार किया गया है।
>
> -**डॉ. पवन कुमार अरुण**, निदेशक बलरामपुर अस्पताल

### 400 नए बेड खरीद लिए, लेकिन नहीं खरीद पाए मशीनें

दो मशीनें खराब होने से डायलिसिस कराने वाले मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिनों पहले अस्पताल में 400 से अधिक बेड खरीदे गये हैं। सूत्रों का कहना है कि जबकि अस्पताल में बेड पर्याप्त मात्रा में थे। नतीजन जो बेड सही स्थिति में थे, उन्हें भी नये बेड आने पर बदलना पड़ा। जबकि खराब हुई मशीनों के बदले नई डायलिसिस मशीनें लगवाने में अस्पताल प्रशासन रुचि नहीं दिखा रहा।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** इटौंजा इलाके में ट्रेन की चपेट में आये युवक की मौत हो गई। बुधवार को जानकारी होते ही रेलवे लाइन पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इटौंजा इंस्पेक्टर मारकंडेय यादव ने बताया युवक मंगलवार देर रात में घर से निकला था। उसकी शिनाख्त अर्जुन (25) निवासी लासा मजरा अकड़रिया कला के रूप में हुई है। बताया कि वह घर से नाराज होकर निकला था। शराब का आदी था। आशंका है कि नशे में धुत होने के चलते ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई। घटना स्थल के पास में शराब व पानी की बोतल मिली हैं। कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### तीन माह बाद छेड़खानी की प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** एक छात्रा ने शोहदे पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए नाका थाने में लिखित शिकायत की। हालांकि, पुलिस ने घटना के तीन माह बाद शोहदे पर एफआईआर दर्ज की है। नाका हिंडोला क्षेत्र की रहने वाली युवती का आरोप है कि गत 19 दिसंबर को पड़ोसी श्याम सुंदर उर्फ भुट्टे ने उससे सरेराह उससे छेड़खानी की थी। थाने में शिकायत देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद छात्रा ने एसीपी कैसरबाग रत्नेश सिंह से मदद की गुहार लगाई। जिनके निर्देश पर तीन माह बाद पुलिस ने छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### दो पक्षों में मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाना अंतर्गत रहीमनगर पड़ियाना गांव में परिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पहले पक्ष के भीषम ने सरवन, सूरज, नीरज और किरन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि परिवारिक विवाद के चलते पड़ोसियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ कर मारपीट की है।

# चार साल के बच्चे पर पड़ोसी ने चढ़ाई एक्सयूवी

## घर के बाहर खेल रहा था मासूम, सोशल मीडिया पर हादसे का वीडियो हुआ वायरल

लखनऊ/सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** बिजनौर थाना अंतर्गत न्यू गुड़ौरा में बुधवार दोपहर एक दिलदहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां घर के बाहर खेल रहे मजदूर के बेटे अरमान (04) पर पड़ोसी ने एक्सयूवी चढ़ा दी। पहिए के नीचे दबने से बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### घटनास्थल से चालक फरार

प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा के मुताबिक, न्यू गुड़ौरा निवासी साजिद मजदूरी करते हैं। लिखित शिकायत में मजदूर ने बताया कि बुधवार दोपहर बेटा अरमान घर के बाहर सड़क किनारे खेल रहा था। तभी पड़ोसी ने बेटे पर एक्सयूवी चढ़ा दी। गाड़ी का पहिया बेटे को कुचलते हुए उतर गया। मौके पर ही बेटे ने दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद पड़ोसी गाड़ी लेकर घटनास्थल से भाग निकला। इसके बाद परिजन बच्चे को फौरन नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


अरमान

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक्सयूवी चालक की तलाश में पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जहां, एक फुटेज में एक्सयूवी चालक की करतूत कैद हो गई। वीडियो में साफतौर पर एक्सयूवी चालक बच्चे को रौंदते हुए हुए दिखाई पड़ रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले एक्सयूवी चालक की पहचान हो गई है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### आमने-सामने टकराई बाइक, एक की मौत

बंथरा थाना अंतर्गत लोहा भट्ठे के पास बुधवार दो बाइक आमने-सामने टकराई गई। इस दुर्घटना में गंभीर रुप से जख्मी बाइक राजकुमार (45) की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, क्षेत्र के शराय शहजादी निवासी विशाल दोपहर घर से जुनाबगंज की तरफ जा रहा था। लोहा भट्ठे के पास उसकी बाइक रामदीन खेड़ा निवासी राजकुमार की बाइक से टकरा गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां राजकुमार की मौत हो गई।


घटना के बाद मौके पर रोते बिलखते परिजन, इनसेट में मृतक दिव्यांशु गौतम। अमृत विचार

# किसान पथ पर मजदूर को टैंकर ने रौंदा

## पानी छिड़कते समय हुआ हादसा, ग्रामीणों ने शव रखकर लगाया जाम

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

**अमृत विचार :** दुबग्गा थाना अंतर्गत बुधवार दोपहर निर्माणाधीन आउटर रिंग रोड पर पानी का छिड़काव कर रहे टैंकर चालक ने मजदूर दिव्यांशु गौतम (19) रौंद दिया। घटनास्थल पर ही मजदूर ने दम तोड़ दिया। मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने आउटर रिंग रोड पर शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देते हुए उन्हें सड़क से हटाया।

प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा के मुताबिक, माल के काकराबाद गांव निवासी दिव्यांशु गौतम मलहा गांव के समीप निर्माणाधीन आउटर रिंग रोड पर मजदूरी करता था। डीसीसी इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के सुपरवाइजर निलेश तिवारी ने बताया कि दिव्यांशु साथी मजदूरों के साथ आउटर रिंग रोड की सर्विस लाइन में काम कर रहा था। तभी पानी का छिड़काव कर रहे टैंकर से पीछे की तरफ से वह पानी पीने लगा। टैंकर चालक ने बिना देख पीछे की तरफ रफ्तार बढ़ा दी। जिसमें वह टैंकर के पहिए के नीचे दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक टैंकर लेकर घटनास्थल से भाग निकाला।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जानकारी मिलते ही परिजन ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर आउटर रिंग रोड पर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। उसके बाद मार्ग को जाममुक्त कराया। देर रात पुलिस ने परिजनों की लिखित शिकायत पर टैंकर चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।


प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### हादसे से बाइक सवार की मौत

दुबग्गा थाना अंतर्गत जेहटा माल रोड पर एमसी सक्सेना चौराहे पर मंगलवार शाम एक कामर्शियल वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार मो. अहमद (22) की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी देते हुए शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा के मुताबिक, मड़ियांव कोतवाली के फैजुल्लागंज दाउद नगर निवासी मो. अहमद (22) जेहटा माल रोड़ एमसी सक्सेना चौराहे पर बाइक कहीं जा रहा था। इसी बीच एक कामर्शियल वाहन ने बाइक पर पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# बांग्लादेशी नागरिकों को वीजा दिलाने के नाम पर साढ़े पांच लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **नाका हिंडोला पुलिस ने जालसाजों पर एफआईआर दर्ज की**




**अमृत विचार :** नाका हिंडोला थाना में एक बांग्लादेशी नागरिक ने दो पासपोर्ट एजेंट के खिलाफ नाका हिंडोला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि जालसाज एजेंट ने पांच बांग्लादेशी नागरिकों को मेसोडोनिया का वीजा दिलाने का झांसा देकर साढ़े पांच लाख रुपये ऐंठ लिए है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, मूलरूप से बांग्लादेश के नौखाली जिले के बेगमगंज निवासी रोकोन जमा सोबुज ने अमित कुमार गिरी और फिरोज खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2003 में पासपोर्ट एजेंट फिरोज खान से उसकी मुलाकात हुई थी। इस दौरान जालसाज ने बताया कि वह वीजा दिलाने का काम करते हैं। इस पर पीड़ित व उसके पांच साथियों ने मेसोडोनिया जाने के लिए उससे संपर्क किया। आरोप है कि मेसोडोनिया का वीजा दिलाने ने नाम पर जालसाज ने उससे साढ़े पांच लाख रूपये हड़प लिए। पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन बाद उनके वाट्सएप पर अमित गिरी ने फर्जी वीजा भेजा दिया। जांच करने पर पता चला कि भेजा गया वीजा फर्जी निकला। जिसके बाद पीड़ित ने जालसाजों से रुपये वापस मांगा तब वह धमकाने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### डीमैट खाता खुलवाकर हड़पे 4.35 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ:** विभूतिखंड के एक कारोबारी को झांसे में लेकर डीमैट खाता खुलवाया और धमकाकर 4.35 लाख रुपये जमा कराकर हड़प लिए। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक विराज मार्केट निवासी कारोबारी आलोक पांडेय के मोबाइल पर 28 सितंबर को अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपने पहचान हरिदास के रूप में बताते हुए डीमैट खाता खुलवाने का प्रलोभन दिया। आलोक के इंकार करने पर उनकी बात मनोज से कराई। दबाव डालकर आलोक से डीमैट खाता खुलवा लिया। इसके बाद धमकाकर कई मदों से 4.35 लाख रुपये डीमैट खाते में जमा करवाए। संदेह होने पर आलोक ने उसी नंबर पर संपर्क किया, लेकिन नंबर बंद जाने लगा। जांच पड़ताल कराई तो पता चला कि रुपये जयदीप के खाते में ट्रांसफर कराए गए हैं। आलोक ने हरिदास, मनोज और जयदीप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# जालसाज ने सर्राफ से ऐंठ लिए 13 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **सर्राफ ने सआदतगंज कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर**

**अमृत विचार :** सआदतगंज कोतवाली में एक सर्राफ ने जालासाज के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। सर्राफ का कहना है कि जालसाज ने मकान बेचने का दावा कर उससे 13 लाख रुपये ठग लिए है। फिलहाल, पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, सौबतियाबाग निवासी सर्राफ फैज अली ने पश्चिम बंगाल के जिला मेदनीपुर निवासी शेख मेराजुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में सर्राफ ने बताया कि जालसाज से उनका पुराना परिचय था। आरोप है कि कुछ वक्त पूर्व जालसाज ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए अपना मकान बेचने का उनसे 13 लाख रुपये में सौदा तय किया था। रुपये मिलने के बाद जालसाज शहर छोड़ कर चला गया। कई दिनों तक सम्पर्क नहीं होने पर फैज अली के पूछताछ करने पर शेख मेराजुल की करतूत पता चला। जिस मकान का आरोपी ने सौदा किया था। वह किसी दूसरे व्यक्ति का निकला। इसके बाद सर्राफ ने जालसाज के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर सआदतगंज कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# युवती ने पांच पर दर्ज कराई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज थाने में एक युवती ने पांच लोगों पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि क्षेत्र की युवती घर से जा रही थी। रास्ते में गांव के ही शिवकुमार ने उसके साथ छेड़छाड की। पीड़िता ने इसकी शिकायत परिजनों से किया।आरोप है कि पीड़िता के भाई व पिता गांव के ही शिवकुमार के घर पहुंचे, तब शिवकुमार ने उमेश, मनीष, प्रकाश व कालिया के साथ मिलकर उसके परिजनों को लाठी- डंडे से पिटाई कर दी। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही हैं।


गोमती नदी के किनारे कुड़ियाघाट पर लगे कूड़े के ढेर में बुधवार को आग लग गई। कुछ ही देर में आग विकराल हो गई और किनारे की झाड़ियों तक पहुंच गई। चौक फ़ायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कपूरथला चौराहे पर युवक ने लहराया लाइसेंसी रिवाल्वर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का मामला सामने आया है। अलीगंज इलाके में भीड़ के बीच युवक को पुलिस ने लाइसेंसी रिवाल्वर लहरा रहे युवक को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना अंतर्गत कपूरथला चौराहा पर 1 अप्रैल को नशे में धुत बनारसी टोला निवासी शेखर जोशी खुले आम लाइसेंसी रिवाल्वर लहरा रहा था। उसके साथ एक और युवक था। रिवाल्वर लहराते देख आसपास भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों को देखते ही भागने के प्रयास में नशे में धुत युवक रिवाल्वर समेत गिर गया जबकि दूसरा फरार हो गया। गिरने से युवक घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू है। ऐसे में असलहों को प्रदर्शन करना प्रतिबंधित है। घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में भी युवक रिवाल्वर लहराते दिखा है। आरोपी की रिवाल्वर व छह कारतूस जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नौकरानी ने घर से पार किए लाखों के गहने

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर इलाके में लाखों के गहने नौकरानी ने घर से पार कर दिये। स्नेहनगर निवासी शैलेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया मोहल्ला में रहने वाली महरीन नामक महिला को 15 फरवरी को घरेलू काम के लिये नौकरी पर लगाया था। 5 मार्च को वह, उनकी पत्नी व बेटी काम से घर से बाहर गये थे। घर पर भतीजा अकेला था। इसी दौरान महरीन बर्तन साफ करने आई थी। भतीजा पढ़ते- पढ़ते सो गया। इस दौरान वह बिना बताये ही चली गई। पत्नी व बेटी लौटी तो गहने चोरी होने की जानकारी हुई। शैलेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में महरीन पर गहने चुराने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक जोड़ी झाला, चेन, तीन अंगूठी, नथ, हार, डायमंड रिंग जिसकी कीमत एक लाख है, चोरी की होने की बात कही है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 200 किलो लहन और 25 लीटर कच्ची शराब बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -4 मयस्टॉफ थाना माल अंतर्गत ग्राम केडौरा बाजार रामनगर में आम के बागों, खेतों सहित संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। इस दौरान मौके से लगभग 200 किलो लहन तथा 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आबकारी अधिनियम की धाराओं में दो अभियोग पंजीकृत करते हुए मौके पर लहन नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इसके अतिरिक्त विभिन्न आबकारी टीमों द्वारा जनपद की मदिरा की दुकानों पर टेस्ट परचेसिंग करते हुए दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया।

### फंदे से लटका मिला युवती का शव

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशान्त गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत अहिमामऊ गांव निवासी मीनाक्षी यादव का शव मंगलवार रात फंदे से लटकता मिला। मीनाक्षी एक निजी अस्पताल में कार्यरत थी। मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह ड्यूटी से कमरे पर लौटी थी। जिसके बाद उसने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे मृत अवस्था में बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कार की छत पर गिरा लोहे का एंगल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी की लापरवाही के मामले रुक नहीं रहे हैं। मंगलवार को कानपुर के कल्याणपुर निवासी धीरज कुमार मंगलवार शाम कार से लखनऊ एयरपोर्ट के लिए सवारी की बुकिंग लेकर कानपुर से लखनऊ आ रहा था। तभी बंथरा कस्बे में पिलर न. - 133 और 134 के बीच पीएनसी कंपनी द्वारा किए जा रहे एलिवेटेड रोड निर्माण के दौरान ऊपर से अचानक एक लोहे का एंगल उसकी गाड़ी पर आ गिरा। जिससे कार का अगला शीशा टूट गया और कार क्षतिग्रस्त हो गई। धीरज का कहना है कि एंगल इतना गर्म था कि उससे उसका हाथ भी जल गया। फिलहाल धीरज की तहरीर पर बंथरा पुलिस पीएनसी के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी पर कुल्हाड़ी से हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थाना अंतर्गत सेक्टर-एल में मंगलवार रात पड़ोसी ने सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सैन्यकर्मी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने हमलावर पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, सेक्टर-एल निवासी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी कमलेश सपरिवार रहते हैं। लिखित शिकायत में सैन्यकर्मी ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे खाना-खाने के बाद घर के सामने वह टहल रहे थे। इसी बीच पुराने विवाद को लेकर पड़ोसी जगदीश उन्हे अपशब्द कहने लगा। इसका विरोध करने पर पड़ोसी घर से कुल्हाड़ी उठा लाया। जब तक कमलेश कुछ समझ पाते तब तक जगदीश ने उन पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। बचाने की कोशिश में कमलेश का कंधा जख्मी हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने जगदीश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### ई-खसरा जांच में मलिहाबाद पीछे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले के मलिहाबाद में ई-खसरा जांच (क्रॉप सर्वे) कर्मचारी नहीं कर पाए हैं। 14 ग्राम पंचायत ऐसी हैं जहां निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। जबकि फसल कटने की कगार पर हैं। कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और सरलता लाने के लिए ई-खसरा पड़ताल करना है। इसमें एप के माध्यम से मोबाइल न खेत का सर्वे कर रकबा, फसल बोआई, आच्छादन, उत्पादन से लेकर किसान व खाताधारकों का विवरण भरना है। इससे पैदावार का सही आकलन होगा और फर्जीवाड़ा रुकेगा। 14 ग्राम पंचायत ऐसी हैं जहां लक्ष्य कर्मचारी पूरा नहीं कर पाए हैं। बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए लक्ष्य पूर्ति न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# पशुओं पर अत्याचार, पशु पालन विभाग बेबस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **जिलों पर कार्रवाई के लिए नहीं बन पाई एसपीसीए**

▸▸ **दावे हवाहवाई, धूल फांक रहे कमेटी के प्रस्ताव**

**अमृत विचार :** बेजुबानों पर हो रहे अत्याचार के आगे जिम्मेदार पशु पालन विभाग बेबस है। तर्क है कि उपचार के अलावा कार्रवाई और निगरानी का अधिकार नहीं है। जबकि विभाग 2010 में पशु क्रूरता पर कार्रवाई के लिए, लागू शासनादेश के तहत सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनीमल यानी एसपीसीए का कहीं गठन नहीं कर पाया तो कहीं कमेटी निष्क्रिय है।

जिलों पर एसपीसीए कमेटी में अधिकारियों के साथ पांच पशु प्रेमियों को शामिल करना है। जो क्षेत्रों में पशुओं पर अत्याचार की निगरानी करेंगी। मौके पर घटना या सूचना मिलने पर पुलिस-प्रशासन को जानकारी देकर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत जुर्माना व एफआइआर कराएंगे। राजधानी की बात करें तो कमेटी गठन की का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में है। 2 फरवरी को शहर के कश्मीरी मोहल्ला में एक श्वान को डंडे से मारकर अधमरा की घटना हुई थी। ठीक इसी तरह बुधवार को गोमती नगर के लोधपुर उजरियांव गांव में श्वान को बाइक से घसीट कर और खंबे में बांधकर डंडे से पीटकर कुछ लोगों ने अधमरा कर दिया। जबकि इससे पहले कश्मीरी मोहल्ला की घटना पर पशु पालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कमेटी गठन की बात कही थी। निदेशक पशु पालन (प्रशासन एवं विकास) डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि जिलों पर कमेटी बनी है। यदि सक्रिय नहीं है तो इसकी जानकारी कर उचित कार्रवाई करेंगे।




# स्ट्रीट डॉग को खंभे में बांधकर टांगें तोड़ीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पिटाई करते दिखे दंपति**

▸▸ **पशु प्रेमियों ने गोमतीनगर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की**

**अमृत विचार :** गोमतीनगर थाना अंतर्गत उजरियांव गांव से बुधवार दोपहर भौंकने पर दंपती ने स्ट्रीट डॉग को लाडी-डंडे से पीटा। फिर बाइक से घसीट कर उसे खंभे से बांधा और पैर तोड़ दिए। स्ट्रीट डॉग की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पशु प्रेमियों ने दंपति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सोसाइटी फॉर एनिमल वेलफेयर की अध्यक्ष शबा बानो ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर स्ट्रीट डॉग को पीटने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला डॉग के मुंह पर लगातार लाठियां मारती दिखा रही है। जिससे डॉग के मुंह से खून बहने लगा। दूसरे वीडियो में महिला का पति डॉग को बाइक से घसीट खम्भे में बांध कर उसके पैर पर लाठियां मारता दिखाई दे रहा है। स्ट्रीट डॉग के पैर टूट गए हैं। इस सम्बन्ध में संबन्धित थाने से संपर्क किया, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी। एनजीओ के सदस्यों ने स्ट्रीट डॉग का इलाज कराया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

शबा बानो ने बताया कि पशुक्रूरता अधिनियम के तहत दंपति के खिलाफ गोमतीनगर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पूर्व में भी पशु क्रूरता से जुड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। दिसम्बर 2023 को गाजीपुर क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग को खाना खिलाने पर कुछ युवकों ने लड़की से अभद्रता और मारपीट की थी। इंदिरानगर में एक दंपति ने घर सामने सो रहे स्ट्रीट डॉग की दोनों टांगें तोड़ दी थी। सांसद मेनका गांधी के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। जनवरी में सआदतगंज के कश्मीरी मोहल्ले में युवकों ने एक डॉग को पीटकर अधमरा कर दिया था।

### पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पशु प्रेमी चारू खरे ने दंपति के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने बिजली मैकेनिक जगदीश व उसकी पत्नी सोनम पर गिरफ्तार पर उन पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

**पेपर मिल कॉलोनी हादसा** | नाबालिग कार चालक के पिता पर परिवहन विभाग भी कर रहा कार्रवाई की तैयारी

# निरस्त होगा कार का पंजीकरण, जुर्माना भी लगेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

▸▸ **दो महिलाओं को रौंदने वाले आरोपी कार चालक को भेजा गया बाल सुधार गृह**

**अमृत विचार:** पेपर मिल कॉलोनी में दो महिलाओं को कार से रौंदने वाले नाबालिग के पिता पर परिवहन विभाग कार्रवाई की तैयारी में है। विभाग एफआईआर के आधार पर पिता पर 25 हजार जुर्माना लगाने के साथ कार का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की तैयारी कर रहा है। उधर, मृतकों के परिजनों का कहना है कि अगर आरोपी के पिता पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो वह कोर्ट का दरवाजा खट खटाएंगे।

पेपर मिल कॉलोनी में मंगलवार सुबह करीब 5 बजे शराब कारोबारी प्रतीक जायसवाल के नाबालिग बेटे ने कार से दो महिलाओं को रौंद दिया था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया था। नाबालिग को बुधवार को पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया। जबकि मामले में साइदा बानों के बेटे मोनू गुरुवार को आरोपी के पिता पर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अफसरों से मिले।

फिलहाल अफसरों ने छात्र के पिता के खिलाफ जांच रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाने का आश्वासन दिया है। मोनू का कहना है यदि पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की तो वह कोर्ट की शरण में जायेंगे। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया पिता प्रतीक जायसवाल पर एमवी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।



### ऐसे हादसे में वाहन मालिक माना जायेगा दोषी

परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सड़क हादसे में नाबालिगों को लेकर मोटर वाहन संशोधन अधिनियम 2019 लागू किया गया है। इसमें धारा 199 (क) के तहत सजा का प्रावधान है, जिसमें किसी किशोर द्वारा किए मोटर वाहन संबंधी अपराध में वाहन या किशोर के संरक्षक या वाहन के स्वामी को ही दोषी मानते सजा दी जाएगी।

### हादसों में जान गंवाने वालों में से 40 फीसदी नाबालिग

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य शुचिता चतुर्वेदी ने पिछले साल 15 दिसंबर को एक पत्र परिवहन विभाग को लिखा था, जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र के किशोर-किशोरियों द्वारा बिना ड्राइविंग लाइसेंस के बाइक, या चार पहिया वाहन से दुर्घटनाएं होने का जिक्र किया था। वहीं किंग जॉर्ज चिकित्सा विवि और लोहिया संस्थान के विशेषज्ञों के आंकड़ों के मुताबिक सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में से 40 फीसदी नाबालिग होते हैं।

### दो पक्षों में मारपीट छेड़छाड़ का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना क्षेत्र अंतर्गत औरंगाबाद ख्वाजापुर में कूड़ा फेकने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। पुलिस ने दोनों पक्षों का शांति भंग की कार्रवाई की। वहीं, एक पक्ष की महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाकर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, ख्वाजापुर में बीते सोमवार को कूड़ा फेकने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से विधवा लक्ष्मीयाना समेत तीन महिलाओ का शांतिभंग का चालान किया। वहीं, कार्रवाई के बाद दूसरे पक्ष की युवती (19) ने पड़ोसी सुनील, सुशील, अमित, नितिन पर छेड़छाड़ का आरोप लगाकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## एक नजर

### वाशेबल एप्रेन कार्य के चलते कई ट्रेनें प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के प्रयागराज रामबाग स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर वाशेबल एप्रेन के अनुरक्षण कार्य के चलते 5 से 14 अप्रैल तक ब्लॉक लिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन रहेगा। शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन- हावड़ा से 4 अप्रैल से 13 अप्रैल तक प्रस्थान करने वाली 12333 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग के स्थान पर बनारस स्टेशन पर अपनी यात्रा समाप्त करेगी।जबकि प्रयागराज रामबाग से 5 अप्रैल से 14 अप्रैल तक प्रस्थान करने वाली 12334 प्रयागराज रामबाग-हावड़ा एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग के स्थान पर बनारस स्टेशन से चलाई जायेगी।

### कल खेले जाएंगे सेमीफाइनल मुकाबले

**अमृत विचार, लखनऊ :** खेलो इंडिया महिला सब जूनियर हॉकी में बुधवार को साई शक्ति और नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर ने अपने मुकाबले जीत कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता में साई बाल और प्रीतम सिवाच अकादमी ने पहले ही अंतिम चार में जगह बना ली थी। सेमी फाइनल के मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे। गोमती नगर स्थित पदमश्री मो. शाहिद स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता में दिन का पहला मुकाबला साई शक्ति और भाई भेलो हॉकी अकादमी के बीच खेला गया। इस मुकाबले में साई शक्ति ने 9-0 से जीत दर्ज की।

# केसरी शाम, हर दिशा राम हैं अयोध्या में

## पाण्डेयगंज व्यापार मंडल के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पाण्डेयगंज गल्ला मंडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक पंकज सिंह, नीरज बोरा व अन्य।

**अमृत विचार :** पाण्डेयगंज गल्ला मंडी में बुधवार की शाम को होली मिलन समारोह और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। यह आयोजन पिछले पांच दशक से लगातार आयोजित किया जा रहा है।

इस मौके पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक पंकज सिंह और विधायक डॉ. नीरज बोरा भी मौजूद रहे। व्यापारी नेता बनवारी लाल कंछल, पाण्डेयगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, महामंत्री राजकुमार अग्रवाल, अनूप बागडिया, राम लोटन द्विवेदी और सचिन अग्रवाल की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। इस आयोजन में मध्य प्रदेश से आये कवि शशिकांत यादव को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वीर रस के प्रख्यात कवि वेदव्रत वाजपेयी ने सुनाया : भारत मां तेरे बेटों का हर संकट टल जायेगा, चक्र सुदर्शन पहली गाली देने पर चल जायेगा। भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित शशिकांत यादव ने कहा

**▸▸ मध्य प्रदेश के कवि शशिकांत यादव को मिला भामाशाह पुरस्कार**

: राजघाट से ले मौका, गांधी जी को दे धोखा, झूठे ये स्वराज वादी पोंगे शोर निकले, सारी दुनिया को बेईमान बतलाने वाले भोले अन्ना जी के सारे चेले ढोर निकले, कुर्सी मिली तो बैठे ही नहीं पसर गए, ये तो बड़े वाले भ्रष्टाचारी मोर निकले।

मनु व्रत वाजपेयी की यह पंक्तियां खूब पसंद की गईं : जब कोई युवराज चौदह वर्ष लड़ता है, तब कहीं वह वीर से रघुवीर बनता है। सुमित्रा सरल ने श्रृंगार रस को कुछ इस अंदाज में प्रस्तुत किया : मैं तुमको देखकर रुकती हूं पर घुंघरू नहीं रुकते, मैं कितनी बार ये दिल दूं तेरे जादू नहीं रुकते, मैं तुमसे मिलने आती हूं तो ये धड़कन नहीं रुकती, मैं तुमसे मिलके जाती हूं तो ये आंसू नहीं रुकते।

पं. अशोक नागर ने कहा : वो दंगों का आगजनी का खेल नहीं चलने देगा, लूटमार और ब्लैक मनी का खेल नहीं चलने देगा। गौरव साक्षी ने अयोध्या धाम की बात कुछ इस अंदाज में की : केसरी शाम है अयोध्या में, हर दिशा राम हैं अयोध्या में, यूं तो चार धाम भारत में, पांचवां धाम है अयोध्या में। अयोध्या की बात सुदीप भोला ने कुछ यूं की : रामलला कसम निभा दी हमने सौ परसेंट, राम विरोधी जितने नेता हैं मेंटल पेशेंट।

गौरव चौहान ने : सैनिकों का शौर्य वाला रंग आंखों में चढ़ा तो, आंखो वाला नीर तब गंगा लगने लगा, सरहद पे उड़े जो वीरता के कई रंग सारा, आसमान ही तिरंगा लगने लगा के जरिये देश भक्ति का ज्वार उठा दिया। कवि सम्मेलन में विनीत चौहान और शिखा सिंह उर्जिता की रचनाएं भी खूब पसंद की गईं।

# होली मिलन समारोह और रोजा इफ्तार में जुटे किसान और कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** तपसी बाबा आश्रम दुबग्गा में भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुट के प्रदेश अध्यक्ष/ प्रदेश संयोजक नीरज यादव पुजारी ने 'होली मिलन समारोह एवं रोजा इफ्तार पार्टी' का संयुक्त रूप से आयोजन किया।

इस अवसर पर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद हलीम, युवा जिला अध्यक्ष कल्लू रावत समेत बड़ी संख्या में किसान और दुबग्गा सब्जी विक्रेता समिति के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। आश्रम भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर किसानों ने सदस्यता ग्रहण की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एकता में ही संगठन को आगे बढ़ाने की कुंजी है। किसान भाई निकट भविष्य


अपनी समस्याओं को दिखाते किसान।

**▸▸ भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा आश्रम**

में अपनी समस्याओं को लाएं। इन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। इसके लिए युवा प्रदेश अध्यक्ष नीरज यादव को मांगपत्र दें। समस्याओं का निदान कराया जाएगा। इसी क्रम में आश्रम के निकट ही रोजा इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय लोग, मंडी के पदाधिकारी और किसान शामिल हुए। 'गुलाल' लगा होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर दुबग्गा मंडी से ज्ञान सिंह, शाहनवाज, गुलफाम, कलाम, राहुल, साहू महाराज आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# अशोक अग्रवाल बनाए गए व्यापार मंडल महानगर इकाई के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र काष्ठ आधारित उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष व ताजपुरिया समूह के मालिक हीवेट रोड शिवाजी मार्ग के व्यापारी अशोक अग्रवाल को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की लखनऊ महानगर इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।


अशोक अग्रवाल

**▸▸ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग के निर्देश पर सौंपी गई जिम्मेदारी**

यह जानकारी भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने दी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग के निर्देश पर उन्हें संगठन की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। आगामी दो माह में लखनऊ महानगर इकाई के महानगर वरिष्ठ महामंत्री व कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर मनोनयन कर दिया जाएगा। संगठन की विभिन्न इकाइयों ने उनके मनोनयन पर बधाई दी है।

# दूध पीते बच्चे का भी फितरा वाजिब है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ.

**अमृत विचार :** कार्यालय आयतुल्लाह अल उजमा सैय्यद सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा विभिन्न धार्मिक मुद्दों पर पूछे जा रहे सवालों के जवाब आज 23 रमजान को मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए।

रोजेदारों की समस्याओं के निराकरण के लिए संचालित की जा रही शिया हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर सवाल पूछे जा

**▸▸ जुमे की नमाज के दोनों (खुतबे) उपदेश सुनना उत्तम**

सकते हैं।

हेल्पलाइन पर आज एक रोजेदार ने सवाल पूछा कि क्या ईद-उल-फित्र पर दूध पीते बच्चे का भी फितरा दिया जायेगा ? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि दूध पीते बच्चे का भी फितरा दिया जाएगा। अगर बच्चा 29 रमजान को पैदा हुआ है तो भी फितरा दिया जाएगा। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि क्या फितरा का पैसा दूसरे शहर भेजा जा सकता है ? इसके जवाब में कहा गया कि अगर अपने शहर में इसके हकदार नहीं हैं, तो अन्य शहर में जकात व फितरा भेज सकते हैं।

शिया हेल्पलाइन पर पूछा गया कि क्या जुमा की नमाज के दोनों (खुतबे) उपदेश सुनना आवश्यक हैं ? इसके जवाब कहा गया कि खुतबों को सुनना उत्तम है। एक सवाल पूछा गया कि बीवी और बच्चों का फितरा क्या शौहर पर वाजिब है ? इसके जवाब में बताया गया कि यह जिम्मेदारी घर के मुखिया की है। जिसकी देखरेख में घर चल रहा है यह उसकी जिम्मेदारी है। अगर उसकी देखरेख में किसी अन्य समुदाय का आदमी भी है तो उसका फितरा भी अदा करना होगा।

# शास्त्रीय संगीत में प्रतिभागियों ने तबला और पखावज में दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में बुधवार को प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में अवनद्ध वाद्य तबला एवं पखवाज की प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने दीप प्रज्ज्वलन से की।

निर्णायकों में अकाशवाणी दिल्ली के उस्ताद अख्तर हसन, पं. वासुदेव उपाध्याय, पखावज परम्परा की 15वीं पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे ऋषि शंकर उपाध्याय और तबले के


प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में भाग लेते कन्हैया पांडे व अनुभव दास। अमृत विचार

युवा हस्ताक्षर रामेंद्र सिंह सोलंकी का नाम शामिल है।

प्रतियोगिता की शुरुआत बाल वर्ग की प्रस्तुतियों से हुई। जिसमें बरेली संभाग से चयनित आरोही रावत ने तबले पर तीन ताल, हाथरस संभाग से चयनित केशव मल्लिक ने पखावाज में चार ताल एवं प्रयागराज संभाग से चयनित कन्हैया पांडे ने तबले में तीन एवं रूपक ताल की प्रस्तुति से की।

किशोर वर्ग में तबले पर प्रयागराज

**▸▸ राजधानी से चयनित आकांक्षा राय ने युवा वर्ग में दी प्रस्तुति**

से वासुदेव पांडेय, झांसी से प्रियांशु कश्यप और लखनऊ से मृदुनंदन सनवाल ने प्रस्तुतियां दीं। युवा वर्ग में लखनऊ से चयनित आकांक्षा राय, प्रयागराज से अखिलेश चंद गौतम, अतर्रा से सिद्धांतीमणि, मुरादाबाद से लक्की वर्मा ने तबले पर प्रस्तुति दी।

पांचवे दिन कुल 30 प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। तबले में बाल वर्ग में आर्यमन को प्रथम, ओजस पंत को द्वितीय और रवि प्रकाश को तृतीय स्थान मिला। किशोर वर्ग में सिद्धांती मणि को प्रथम, शिवानंद शर्मा को द्वितीय और उदय प्रकाश को तृतीय स्थान मिला। युवा वर्ग में प्रेम चंद को प्रथम, श्री नारायण को द्वितीय और लक्की वर्मा को तृतीय स्थान मिला।

पखावज में बाल वर्ग में अनुभव रामदास को प्रथम, केशव मलिक को द्वितीय स्थान मिला। किशोर वर्ग में माधव झा को प्रथम, आदि नारायण पति को द्वितीय और अनुराग व्यास को तृतीय स्थान मिला। अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर के मार्गदर्शन और रेनू श्रीवास्तव के समन्वयन में पवन कुमार, आकांक्षा श्रीवास्तव, रंजना, शशि श्रीवास्तव, आयुष, मल्हू ने सहयोग दिया।

# जामा मस्जिद तहसीनगंज में तीन दिवसीय एतिफाक 26 रमजान से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रमजान मुबारक की महत्वपूर्ण इबादत एतिकाफ का तीन दिवसीय आयोजन तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में 26 रमजान से किया जायेगा। जामा मस्जिद में यह आयोजन पिछले 25 साल से लगातार किया जा रहा है।

मौलाना शाहकार जैदी ने बताया कि रमज़ान की इबादत का हुक्म अल्लाह ने अपनी किताब कुरान मजीद में दिया है। मस्जिद के पूर्व पेश इमाम मौलाना सैय्यद अली क़ासिम रिजवी और पूर्व डीएसपी रिज़वान


मौलाना शाहकार जैदी

हैदर की कोशिशों से शाही जामा मस्जिद में वर्ष 1999 में पहली बार इस महत्वपूर्ण इबादत का आयोजन

**▸▸ पिछले 25 साल से जामा मस्जिद में हो रहा आयोजन**

किया गया था। इस वर्ष एतिक़ाफ़ 26, 27 व 28 रमज़ान (6, 7 व 8 अप्रैल 2024) को किया जायेगा।

एतिक़ाफ़ के दौरान मस्जिद में ठहरने वाले रोज़दारों को शिया धर्मगुरुओं द्वारा कुरान का पाठ कराने के साथ ही धार्मिक ग्रंथों और इस्लाम धर्म से संबंधित बातों की जानकारी दी जाती है। एतिकाफ में बैठने वालों को बहुत सी जानकारियों के साथ इस्लाम के नाम पर समाज में फैली भ्रातियों और उनसे बचने के उपाय की जानकारी भी प्राप्त होती है। तीन दिन तक मस्जिद में रोज़ेदार एतिक़ाफ़ करने के लिये मस्जिद में ही ठहरते हैं और अल्लाह की इबादत करते हुए अपने लिए, अपने परिवार के लिए, समाज के लिए और देश व दुनिया के कल्याण के लिये दुआएं मांगते हैं।

शाहकार जैदी ने बताया कि एतिकाफ में बैठने की पहली शर्त यही है कि जो इसमें भाग लेना चाहता है उस पर रोजा अनिवार्य होता है बिना रोजा रखे एतिकाफ नहीं कर सकते। इस वर्ष एतिकाफ में भाग लेने के लिये एक फार्म निकाला गया है जिसको भरना अनिवार्य होगा। इसका कोई शुल्क नहीं है। एतिकाफ में भाग लेने के लिए 26 रमजान (6 अप्रैल) की सहरी के समय मस्जिद में प्रवेश करना होगा। एतिकाफ के दौरान रोजेदारों के लिये तीन दिन तक सहरी, इफ्तारी व रात के भोजन की व्यवस्था मस्जिद में ही की जायेगी। जिसमें प्रमुख तौर पर वकार हैदर रिजवी (पूर्व डिप्टी एसपी), महमूद अख्तर, इंजीनियर अहमद रजा, इंजीनियर यावर हुसैन, मोहम्मद रजा, उर्फी, शकील, आशू, आरिफ, अर्शी जैद्दी और हैदर आदि मस्जिद की व्यवस्थाएं देखेंगे।

# पदाधिकारियों ने सुनीं कर्मचारियों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडलीय कार्यालय में स्थित सभागार में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की दो दिवसीय 241वीं स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को सुना।

बैठक में मंडल रेल प्रबंधक, एसएम शर्मा ने मंडल की वर्तमान उपलब्धियों और भविष्य में क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं और कार्यप्रणाली से यूनियन के पदाधिकारियों को

**▸▸ आवास, चिकित्सा, महिलाओं के लिए शौचालय समेत कई बिंदुओं पर हुई चर्चा**

अवगत कराया। कर्मचारियों के हितों की दिशा में रेल प्रशासन की ओर से लिए गए निर्णयों के साथ उठाये गए कदमों से भी यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया।

बैठक में सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों को देय धनराशि को समय पर भुगतान किये जाने, रेल कॉलोनियों की स्वच्छता, परित्यक्त रेल आवासों में रहने वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर रेल आवास प्रदान किये जाने, चिकित्सकीय आधार पर विकोटिकृत कर्मचारियों को पुनः कार्य प्रदान करने, मंडल के स्टेशनों, कार्यालयों और अन्य ईकाइयों में महिलाओं के लिए समुचित संख्या में शौचालयों की व्यवस्था के साथ नियमित स्वच्छता, मंडलीय चिकित्सालय में चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ में वृद्धि करने जैसे प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की।

बैठक में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, अमित पाण्डेय, आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी शिवगोपाल मिश्रा, नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के मण्डल अध्यक्ष विभूति मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# पाठ्यक्रमों को लेकर कुलपति के सवाल-जवाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह ने सभी संकायाध्यक्षों की एक बैठक की। इसमें उच्च शिक्षा नीति को आधार बनाते हुए नवीन पाठ्यक्रमों को लेकर निर्देश दिये। बुधवार को आयोजित बैठक में विवि के सभी संकायाध्यक्ष उपस्थित रहे। इसमें नवीन पाठ्यक्रमों को आधार बनाया गया। शैक्षणिक सत्र के दौरान कक्षाओं में किन - किन विषयों के बिन्दुओं पर फोकस किया जाएगा, इस पर भी बल दिया गया। ऐसे में विभागाध्यक्षों की ओर से कुछ सुझाव दिये गए। कुलपति ने कहा कि एलएलबी और एलएलएम में शिक्षणसत्र के दौरान प्रयोगात्मक विधियों को प्रमुखता दी जाए, ताकि छात्र विषयवार जानकारियां प्राप्त कर सकें। बैठक के दौरान प्रयोगात्मक कक्षाओं पर भी सूचनाएं साझा की गईं।

# रोजगार की राह में छात्रों को मिले तीन अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की रोजगार की राहें आसान हुई हैं। चार माह में 700 से अधिक छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। विभागाध्यक्ष का कहना है कि चार माह के भीतर 300 से अधिक छात्रों को तीन -तीन रोजगार के अलग-अलग कंपनियों से अवसर मिले हैं।

लखनऊ विवि में कैंपस प्लेसमेंट का सिलसिला जनवरी माह से शुरू हुआ। बुधवार तक इनकी संख्या 700 पार कर गई। निजी कंपनी ने दिनभर चली चयन प्रक्रिया में 102 छात्रों का चयन किया। निदेशक सीपीसी प्रोफेसर मधुरिमा लाल बताती हैं कि चार माह के भीतर रोजगार पाने वाले छात्रों का आंकड़ा 700 पार कर चुका है। बुधवार को 102 छात्रों का चयन निजी कंपनियां द्वारा किया गया। 300 से अधिक छात्र ऐसे भी हैं, जिनकों तीन-तीन कंपनियां रोजगार के अवसर प्रदान कर चुकी हैं। कुछ कंपनियां विदेशी भी हैं। बताती हैं कि ट्रेनिंग और कार्य के दौरान छात्रों का अध्ययन भी सुचारु रूप से जारी रहेगा। कैंपस प्लेसमेंट की प्रक्रिया आगे भी पूर्ण होगी।

### बढ़ी हैं उम्मीदें

कैंपस प्लेसमेंट के दौरान चयन होने पर मेघा त्रिपाठी बेहद खुश थीं। पूछने पर कहती हैं कि यहां पढ़ाई के साथ रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। इससे अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। शिवानी सिंह का कहना है कि अन्य संस्थानों में एक कंपनी से चयन के बाद दूसरे में जाने की अनुमति नहीं मिलती थी। यहां इन सबकी बाध्यता नहीं है। भूपेन्द्र जायसवाल बताते हैं कि कई छात्रों को तीन- तीन जॉब आफर लेटर मिल चुके हैं। छात्रा महिमा वर्मा, आदर्श पाण्डे, रोमी मौर्या आदि ने व्यवस्था पर संतोष जताया।

# स्कूलों में पहुंचाई गई किताबों की देनी होगी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के सरकारी विद्यालयों में निशुल्क किताबें पहुंचाने की प्रक्रिया जारी है। इसी बीच एक सप्ताह में कितनी किताबों के सेट बच्चों को मिल चुके हैं इसकी जानकारी सोमवार तक निदेशालय को होगी।

वहीं जिन विद्यालयों में किताबें नहीं पहुंची हैं वहां इसी सप्ताह में पहुंचाना होगा। इस संबंध में पाठ्य



**▸▸ जहां नहीं पहुंचीं, वहां एक सप्ताह में पहुंचाने के निर्देश**

पुस्तक अधिकारी और बेसिक शिक्षा निदेशक की ओर से भी दिशा निर्देश जारी किए गये हैं। कहीं पर भी बच्चे यदि किताबों से वंचित होते हैं इसके लिए सीधे खंड शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार माना जायेगा।

इसके साथ ही किसी भी प्रधानाध्यापक पर किताबो ढोने लिए दबाव नहीं बनाया जायेगा। ऐसा यदि कहीं पर होता है तो उसके लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे।

### कक्षा-1 की किताबें भी जल्द ही बच्चों की दी जाएंगी

दूसरी ओर कक्षा-1 की किताबें भी जल्द ही बच्चों को दी जायेंगी। अधिकारियों ने बताया कि अभी नामांकन संख्या चल रही है। ऐसे में 30 अप्रैल तक होने वाले नामांकन के आधार पर बच्चों को किताबों के सेट वितरित किए जायेंगे। जो ऊपरी कक्षा में नामांकन हो रहे हैं उनको किताबों के सेट दिए जा रहे हैं।

### सही ब्योरा भरने के निर्देश

जिन नये बच्चों का प्रवेश लिया जा रहा है उनका सही ब्योरा आनलाइन फीड करना होगा। ताकि बच्चों को डीबीटी के जरिए मिलने वाली सहायता राशि समय से उनके खाते में भेजी जा सके। इसके लिए बच्चों का आधार व अभिभावकों का खाता संख्या भी अनिवार्य रूप से अपलोड करने के लिए कहा गया है।

## सुपर न्यूमेरिक सीटों के आरक्षण पर लुआक्टा मुखर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीएचडी प्रवेश में शिक्षकों के प्रवेश को सुनिश्चित किये जाने को लेकर लुआक्टा ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखा है। मुखर विरोध के बीच सुपर न्यूमेरिक सीटों के आरक्षण का भी हवाला दिया गया है। लविवि सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ डॉ. मनोज पाण्डेय और महामंत्री डॉ. अंशु केडिया ने संयुक्त रूप से एक पत्र लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नाम जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि शोध में प्रवेश की समस्या का मुख्य कारण नियमों के बावजूद शोध अध्यादेश 2023 में शिक्षकों के प्रवेश के लिए 10 प्रतिशत सुपर न्यूमेरिक सीटों का आरक्षण का प्राविधान नही किया गया है। तब जबकि शोध अध्यादेश में कुलपति को विशेषाधिकार प्राप्त हैं। ऐसे में इस अनियमितता को दूर किये जाना आवश्यक है। लुआक्टा ने पीएचडी प्रवेश में शिक्षकों का प्रवेश सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

# गुजरात से मुकाबले को राजधानी पहुंची एलएसजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आईपीएल के इस सत्र में भले ही लखनऊ सुपरजायंट्स को पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। लेकिन इकाना स्टेडियम में पंजाब किंग्स और बंगलूरू में रॉयल चैलेंजर्स को मात दे एलएसजी ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

एलएसजी की टीम बुधवार दोपहर बाद लखनऊ पहुंच गई। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले के लिए मेजबान टीम गुरुवार देर शाम को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में अभ्यास करेगी। शुक्रवार दोपहर तक गुजरात टीम भी लखनऊ पहुंच जाएगी। देर शाम टीम के इकाना स्टेडियम में अभ्यास सत्र में भाग लेगी।

बीती 30 मार्च को इकाना स्टेडियम में एलएसजी और पंजाब किंग्स के शानदार क्रिकेट देखने को मिला। इस मुकाबले को आधार माना जाए तो मेजबान टीम और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले मुकाबले में रनों की बारिश होने की संभावना है।

एलएसजी के बल्लेबाज क्विंटन और उपकप्तान निकोलस पूरन एक बार फिर यहां पर आतिशी बल्लेबाजी करते दिखाई देंगे। गुजरात की ओर से कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन और डेविड मिलर अहम योगदान दे सकते हैं।

### ट्रंप कार्ड होंगे मयंक यादव

150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बॉल फेंक बल्लेबाजों के दिलों में खौफ पैदा करने वाले एलएसजी के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल में नई सनसनी बनकर सामने आए हैं। पिछले दो मैच में छह विकेट चटकाकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले मयंक यादव अब किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। ऐसे में आने वाले मुकाबलों में एलएसजी प्रबंधन के लिए 21 साल का यह तेज गेंदबाज ट्रंप कार्ड के रूप में उतरेगा।


मयंक यादव

## सार-संक्षेप

### अमय पांडेय का सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर मयूर रेजीडेंसी विस्तार निवासी अमय कुमार पांडेय का चयन एनडीए परीक्षा के माध्यम से लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ। उनके चयन पर परिवार व करीबी रिश्तेदारों ने बधाई दी। मूलरूप से जौनपुर के असैथा पट्टी बलजोर निवासी अखिलेश चंद्र पांडेय उत्तर प्रदेश पुलिस में निरीक्षक है। वह लखनऊ के कई थानों पर प्रभारी निरीक्षक रहे है। परिवार सहित इंदिरानगर के मयूर रेजीडेंसी विस्तार में रहते है। उनके पुत्र अमय कुमार पांडेय (19) ने सीएमएस गोमतीनगर से इंटरमीडिएट की परीक्षा 2023 में पास की। एनडीए परीक्षा में अमय का चयन लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ। अमय इस सफलता का श्रेय अपने दादा सेवानिवृत्त शिक्षक सुभाष चंद्र पांडेय, माता सृष्टि पांडेय, पिता अखिलेश चंद्र पांडेय को दे रहे हैं।


पिता के साथ अमय पांडेय। अमृत विचार

### प्रवेश उत्सव से बढ़ायेंगे नामांकन संख्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित 1600 से अधिक सरकारी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव के माध्यम से नामांकन संख्या बढ़ाई जायेगी। इस दौरान शिक्षक अभिभावकों को शिक्षा का महत्व भी बतायेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पिछले साल की अपेक्षा इस बार 10 प्रतिशत अधिक बच्चों का प्रवेश कराने का लक्ष्य भी शिक्षकों को दिया है। पूरे अप्रैल माह में प्रवेश उत्सव मनाते हुए बच्चों की नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। नामांकन से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजधानी में शैक्षिक सत्र 2023-24 में 1.54 लाख बच्चों की संख्या सरकारी स्कूलों में हैं। इस बार इससे अधिक नामांकन कराने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र 2024-25 की शुरूआत 1 अप्रैल से हो चुकी है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि नवीन सत्र में प्रत्येक विद्यालय में 10 प्रतिशत अधिक नामांकन का लक्ष्य दिया है। लक्ष्य का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहने पाये।

### दोहरीकरण कार्य के चलते बदले मार्ग से चलेगी मरुधर एक्सप्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर फुलेरा-डेगाना खंड पर स्थित नवा सिटी-गोविन्दी मारवाड़ स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य में नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण गाड़ियों का मार्ग परितर्वन और उनका ठहराव रहेगा। 26 अप्रैल को वाराणसी सिटी से प्रस्थान करने वाली 14863 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जयपुर-रींगस-सीकर-चुरू-रतनगढ़-डेगाना के रास्ते चलाई जायेगी। इस गाड़ी का ठहराव रींगग, सीकर, चुरू, रतनगढ़ एवं लाडनू स्टेशनों पर किया जायेगा। 27 अप्रैल को जोधपुर से प्रस्थान करने वाली 14854 जोधपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग डेगाना-रतनगढ़-चुरू-सीकर-रींगस-जयपुर के रास्ते चलायी जायेगी।

## एक नजर

### अलग-अलग मंचों के प्रतिनिधिमण्डल ने की अखिलेश यादव से मुलाकात

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से बुधवार को साझी दुनिया, नागरिक समाज, लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ के प्रतिनिधिमण्डल ने पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की और गठबंधन को पूरा समर्थन दिये जाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व कुलपति डॉ. रूपरेखा वर्मा, प्रो. रमेश दीक्षित, पूर्व आईएएस हरिश्चन्द्र, पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, पूर्व डीआईजी राजेन्द्र सिंह यादव और पूर्व जज बीडी नकवी शामिल रहे। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमण्डल का कहना था कि देश में आपातकाल जैसी स्थिति है। नागरिक स्वतंत्रता पर आघात हो रहा है। भाजपा कैसे सरकारी लाभ का इस्तेमाल राजनीति में कर सकती है?

### रंगदारी देने से इंकार करने पर ठेकेदार से मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी थाने में एक ठेकेदार ने दो नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। ठेकेदार का कहना है कि दबंग ने उससे पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे थे। गौतमपल्ली थाना अंतर्गत रोहतास गोल्फ लिंक अपार्टमेंट कालिदास मार्ग निवासी देवेंद्र सिंह ने सरकारी ठेकेदार है। वर्तमान में वह जुग्गौर में गोमती नदी में बालू की सफाई का कार्य करवा रहे हैं। लिखित शिकायत ठेकेदार का आरोप है कि निमेष यादव उर्फ गुड्डन और विकास यादव लगातार सरकारी कार्य में बाधा डाल उससे पांच लाख रूपये का गुंडा टैक्स मांग रहे है। इंकार करने पर आरोपी मजदूरों से भी हाथापाई करते हैं। आरोप है कि 17 मार्च की रात करीब 12 बजे आरोपियों ने उनके कार्यस्थल पर हवाई फायरिंग कर मजदूरों के साथ मारपीट की। हालांकि, हंगामा बढ़ने पर आरोपी ठेकेदार को धमकी देते वहां से भाग निकले। पीड़ित का कहना है कि आरोपी आए दिन उससे गुंडा टैक्स देने का दबाव बना धमकी दे रहे है। प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# जहां परिंदा नहीं मार सकता पर वहां से कैसे फरार हो गए तस्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» अमौसी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तस्करों के भागने का मामला

**अमृत विचार :** अमौसी इंटरनेशनल एयरपोर्ट जहां चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं, बिना अनुमति परिंदा भी पर नहीं मार सकता। वहां से एक साथ 29 तस्कर फरार हो गये। वह भी तब जबकि उनके पेट में शारजाह से तस्करी कर लाया गया सोना था। यहां से पूछताछ के दौरान अफसरों व सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर तस्कर कैसे फरार हो गये? इस वाकये ने एयर पोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

बता दें कि 1 अप्रैल को शारजाह से लखनऊ आए विमान संख्या 6ई-1424 से 6 तस्करों को डीआरआई और कस्टम ने रोका। इन तस्करों से 2084000 सिगरेट, जिनकी लगभग तीन करोड़ 12 लाख साठ हजार थी बरामद हुईं। जब 2 अप्रैल को पूछताछ में छह आरोपियों ने बताया कि 30 और तस्कर थोड़ा- थोड़ा सोना पेट में छिपाकर लाए हैं। जब रोजे का वक्त आएगा तो इफ्तारी के समय उसे निकालेंगे। इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने हाल में उनके खाने पीने का इंतजाम किया। जो सुरक्षाकर्मी आने और जाने वाले दरवाजों के आसपास तक किसी को फटकने नहीं देते। तस्कर उन्ही सीआईएसएफ से धक्का मुक्की कर अलग-अलग दिशाओं में भाग निकले। फिलहाल पुलिस ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ सभी आरोपियों की तलाश शुरू की है।

### सुरक्षा पर सवाल

29 यात्रियों के एयरपोर्ट से भागने के मामले में सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। एयरपोर्ट पर सबसे सख्त सुरक्षा रहती है। लखनऊ एयरपोर्ट से मेन रोड तक की दूरी करीब एक किमी. है। कोई भागता है तो भी सुरक्षा में तैनात जवान दौड़ा कर पकड़ सकते हैं। लेकिन यहां हंगामा हुआ, दो दिन तक हाल में रहे। फिर सीआईएसएफ के जवानों को के पहरे के बाद आसानी से फरार हो गये। ऐसे में एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात जवान की मिलीभगत होने की अटकलें है।

### हवाई से ज्यादा सड़क मार्ग से सोने की तस्करी

कस्टम विभाग के सूत्रों की मानें तो भारत में ज्यादातर सोना सऊदी, मस्कट, दुबई, बैंकाक से लाया जाता है तस्कर ज्यादातर सोना म्यांमार के रास्ते बांग्लादेश से सड़क मार्ग से ला रहे हैं। यह सोना यूपी से होकर दूसरे राज्यों तक जाता है। इसके चलते महज 10 से 15 फीसदी सोना ही पकड़ में आता है।

# त्योहारों पर न घटे कोई अप्रिय घटना : मुख्य सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

» प्रशासनिक और पुलिस अफसरों को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा कि आगामी दिनों में प्रदेश में कई त्योहार आयोजित होंगे। हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। प्रदेश में कहीं कोई अप्रिय घटना घटित न हो। त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कहा कि किसी भी धर्म पर टीका-टिप्पणी व छोटी सी अफवाह माहौल को खराब कर सकती है और कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिये इस पर विशेष नजर रखी जाए। मुख्य सचिव बुधवार को प्रदेश के समस्त जिलों, मंडलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापित होने के उपरांत पहली बार रामनवमी आयोजित होने जा रही है, भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आएंगे। इसे ध्यान में रखते सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। प्रमुख स्थानों पर मेडिकल कैंप भी लगाए जाएं। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित होंगे, ऐसे में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाये।

### सड़क मार्ग पर न हों धार्मिक आयोजन

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में कोई भी धार्मिक आयोजन सड़क मार्ग पर नहीं होना चाहिये। कोई शोभायात्रा, धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकले। इसके लिए धर्म-गुरुओं के साथ पहले से ही बैठक कर ली जाए। सोशल मीडिया को लेकर अधिकारियों को संवेदनशील रहने की जरूरत है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल का लगातार गश्त होना चाहिये। जनपद के वरिष्ठ अधिकारी भी पेट्रोलिंग में प्रतिभाग करें। हर एक संदिग्ध गतिविधि पर हमारी नजर होनी चाहिए।

फील्ड में तैनात सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ आदि निर्धारित स्थान पर ही हों, किसी भी दशा में सड़क मार्ग व यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो।

# मकान और झोपड़ी में लगी आग

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

» मलिहाबाद और नगराम में हुईं आग लगने की घटनाएं
» दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर पाया काबू

**अमृत विचार :** मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत मुशीगंज में मंगलवार देर शाम एक मजदूर के घर में अचानक आग लग गई। आग को विकराल होता देख घर में मौजूद लोग शोर मचाते बाहर निकले। इसके बाद लोगों ने तत्काल दमकल विभाग के कंट्रोल रूम पर आग लगने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही चौक फायर स्टेशन से दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। वहीं, दूसरी तरफ नगराम के काजीखेड़ा में मजदूर की झोपड़ी में आग लगने से उसकी गृहस्थी जलकर राख हो गई।

एफएसओ चौक पुष्पेंद्र यादव के मुताबिक, मुशीगंज गांव निवासी मजदूर राजेश कन्नौजिया ईंट भट्टे में काम करता है। मंगलवार देर शाम पत्नी बिट्टन घर के सामान की खरीदारी करने कस्बे की बाजार में गई थी। हादसे के वक्त घर में बेटा प्रेम और ऋषभ मौजूद थे। इसी बीच घर में अचानक आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देख बच्चे शोर मचाकर बाहर निकले। तभी पड़ोसियों ने बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनी तो वह भी बाहर निकले। पड़ोसियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन नतीजा शून्य रहा। फैलती आग को देख पड़ोसियों ने तत्काल दमकल कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। एफएसओ ने बताया कि दो फायर टेण्डर की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में घर में रखी चारपाई, कपड़े और राशन जलकर नष्ट हो गया। बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल, शार्ट सर्किट का कयास लगाया जा रहा है। वहीं, नगराम के काजीखेड़ा में मंगलवा रात मजदूर दुर्गा रावत के छप्पर में आग लग गई। जिससे कपड़े व अन्य सामान जल गया। दुर्गा के घर लगी आग से पड़ोसी बजरंग नाई के मकान में भी नुकसान हुआ है।

### सिलेंडर ब्लास्ट में महिला झुलसी

आलमबाग कोतवाली अंतर्गत गढ़ी कनौरा में बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे सिलेंडर ब्लास्ट में नीलोफर झुलस गई। हादसा उस वक्त हुआ जब महिला घर में खाना पका रही थी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची दमकल कर्मियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से उसे तालकटोरा के आरएलबी (रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल) में भर्ती कराया है।

# सात जिलों के महाविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



» लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने जल्द पद भरने के दिए निर्देश
» समय पर पदों को न भर पाने वाले महाविद्यालयों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध लखनऊ सहित सात जनपदों के कई महाविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली हैं। रजिस्ट्रार ने महाविद्यालयों को रिक्त पद भरने के निर्देश दिए हैं। समय पर पद न भरने वाले महाविद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली और उन्नाव के कई जनपदों के महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। सीतापुर जनपद के श्रीकृष्णा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में बीबीए, बीसीए, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषय के प्रवक्ताओं की कमी है। सीतापुर के खैराबाद स्थित बीएस एजूकेशनल महाविद्यालय में सहा प्राचार्य का पद रिक्त है। इसे भरने के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, बीएन डिग्री कॉलेज हरदोई, मान्यवार कांशीराम लॉ कॉलेज शाहाबाद, श्रीकृष्णदत्त एकेडमी रायबरेली, माडर्न गर्ल्स कॉलेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज, प्रभात राजेन्द्र कुमार पूनम देवी महाविद्यालय, सत्यवती पटेल महाविद्यालय खीरी, पं राज नारायण मिश्रा डिग्री कॉलेज और अकबरी बेगम लॉ कॉलेज में भी शिक्षकों की कमी है। लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वीके सिंह ने बताया कि कई महाविद्यालयों के संकायों में शिक्षकों का अभाव है। कुछ में सहायक प्राचार्य/प्राचार्य के पदों को भरे जाना है। जीव विज्ञान, भूगोल सहित अन्य विषयों के शिक्षकों के पदों को भरने के लिए महाविद्यालयों को पत्र भेजा जा चुका है। समय पर पद नहीं भरे तो महाविद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी।

### महाविद्यालयों में तेजी से बढ़ी प्रवेश प्रक्रिया

एक तरफ महाविद्यालय शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है, वहीं दूसरी तरह छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर आवेदन बढ़े हैं। लखनऊ विवि के अलावा भाषा विवि, बीबीएयू, पुनर्वास विवि, एकेटीयू सहित केकेसी, ऐपीसेन व अन्य महाविद्यालयों में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जोरों पर है।

### ऑनलाइन प्रक्रिया में आई बाधा

भाषा विवि में पीएचडी आवेदन को लेकर सीमित समयावली दी गई है। बुधवार को ऑनलाइन आवेदन में समस्या देखने को मिली। विवि प्रशासन का कहना है कि नेटवर्कों की बाधा के चलते फार्म नहीं भरे जा पा रहे हैं। यही हाल केकेसी, एपीसेन के सहित अन्य जनपदों में प्रवेश आवेदन प्रक्रिया में देखने को मिला।



हजरतगंज स्थित जनरल पोस्ट ऑफिस में कई घंटे सर्वर डाउन होने से उपभोक्ता परेशान रहे, इस दौरान रही कम भीड़। अमृत विचार

# 6 घंटे डाउन रहा सर्वर, जीपीओ में परेशान हुए उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» ज्यादातर उपभोक्ताओं को काम कराए बगैर ही लौटना पड़ा

**अमृत विचा र:** सर्वर ठप होने से बुधवार को जीपीओ में छह घंटे तक उपभोक्ताओं के काम नहीं हो पाए। घंटों इंतजार के बाद ज्यादातर उपभोक्ता काम कराए बगैर ही लौट गए। परेशान उपभोक्ताओं में डाक विभाग के प्रति नाराजगी दिखी।

वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर डाक विभाग का सर्वर दो दिन के लिए बंद किया जाता है। ऐसा वर्ष भर का कार्य निष्पादित करने के लिए किया जाता है। सर्वर केवल एक और दो अप्रैल को ही बंद होना चाहिए। किंतु चालू वित्तीय वर्ष के तीसरे दिन यानी तीन अप्रैल को भी सर्वर डाउन रहा। इससे बुधवार को जीपीओ पहुंचे उपभोक्ताओं को स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, ई-स्टाप खरीदना समेत अन्य कार्य के लिए परेशान होना पड़ा। ज्यादा समस्या खाता संबंधित कार्य में आई।

नरही से आये रमेश ने बताया कि खाता संबंधित कार्य के लिए तीन घंटे से यहां खड़े हैं, सर्वर डाउन होने से कार्य नहीं हो पा रहा है। निशातगंज के रामबाबू ने बताया कि बच्चे के खाते में रुपये जमा करने आये थे, सर्वर की वजह से कार्य नहीं हो पाया। शाम 4 बजे सर्वर ठीक हो पाया।

सर्वर ठप्प होने की समस्या बैंकों में भी रही। राजधानी के ज्यादातर बैंक में कार्य प्रभावित रहा। कई घंटे लाइन लगाने के बाद भी लोगों को निराश लौटना पड़ा। जिससे लोग निराश नजर आये।

> वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर सर्वर की समस्यापूरे देश के डाकघरों में रहती है। पूरे वर्ष का लेखा-जोखा पूर्ण करना पड़ता है, इसलिए सर्वर को दो दिनों के लिए आम नागरिकों के लिए बंद कर दिया जाता है। **-सुशील कुमार तिवारी, चीफ पोस्ट मास्टर जीपीओ**

## सार-संक्षेप

### आज कई इलाकों में गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनुरक्षण कार्य के चलते राजधानी के कई इलाकों में गुरुवार को बिजली गुल रहेगी। इससे करीब पांच लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। चिनहट के लौलाई, भरवारा मे जर्जर तार बदले जाएंगे। इससे सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। अहिबरनपुर डालीगंज के बागशाह फीडर से पोषित इलाकों में 10 :30 बजे से 3 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। विकास नगर में तारों के बदलने के कारण गांधीनगर के आसपास के क्षेत्रों सप्लाई 10 बजे से 4 बजे तक बाधित रहेगी। चिनहट के रामआसरे पुरवा में 2 बजे से 5 बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। अर्जुनगंज में जर्जर तारों और खंभों को बदलने के कारण फेड्स कॉलोनी में 10 बजे से शाम 5 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। फजैल्लागंल में अनुरक्षण कार्य के चलते कृष्णलोक कॉलोनी, संतकबीर नगर, मिल्लत और लौहरमऊ में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। उधर आज ट्रांसगोमती के कई इलाकों में तारों के टूटने और शार्ट सर्किट के कारण घंटों बिजली बाधित रही। महानगर के अवर अभियंता के अनुसार तेज हवाओं के कारण तारों के टूटने के साथ शार्ट सर्किट की घटनाएं हो रही हैं। समस्या को तुरंत दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सीनियर सिटीजन सेंटर परिसर में कराएं पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को सीनियर सिटीजन सेंटर (अलीगंज) का निरीक्षण किया। अधिकारियों को लगभग सभी काम पूर्ण मिले। लाइब्रेरी, योगा हाल, कैफेटेरिया, मेडिकल रूम और फाइनेंशियल कंसलटेंसी एरिया का भी जायजा लिया गया। मंडलायुक्त ने साफ-सफाई और पुताई का काम एकरूपता के साथ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के जीवन में सकारात्मक लाने के लिए सीनियर सिटीजन सेंटर के परिसर में बागवानी की जाएगी। परिसर में पौधरोपण भी कराया जाएगा ताकि लोगों को घर जैसा वातावरण मिल सके।

### श्रीनगर की हवाई सैर कराने को आइआरसीटीसी तैयार

**अमृत विचार,लखनऊ :** मार्च महीना खत्म होने के साथ अप्रैल माह में मौसमी का पारा चढ़ने लगा है। इसको ध्यान में रखते हुए आईआरसीटीसी, क्षेत्रीय कार्यालय टीम ने राजधानी लखनऊ से श्रीनगर, सोनमर्ग, पहलगाम व गुलमर्ग के लिये 05 रात्रि और 06 दिन के हवाई यात्रा टूर पैकेज की तैयार शुरू की है। इसे 14 अप्रैल से 19 अप्रैल तक संचालित किया जायेगा। मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पैकेज में श्रीनगर में चार-चिनार (फ्लोटिंग गार्डन), डल झील पर शिकारा की सवारी, शंकराचार्य मंदिर, सोनमर्ग में बर्फीले पहाड, गुलमर्ग में गोंडोला केबल कार (प्रत्यक्ष भुगतान के आधार पर), पहलगाम मे अवंतीपुर खंडहर और कई दर्शनीय स्थलों यानी बेताब घाटी, चंदनवारी तथा अरु घाटी में भ्रमण आईआरसीटीसी की ओर से कराया जायेगा। श्रीनगर में 3 रात्रि, पहलगाम मे 1 रात्रि और श्रीनगर के हाउस बोट में 1 रात्रि विश्राम रहेगा। यात्रियों के लिये लखनऊ से श्रीनगर तथा वापसी की यात्रा की व्यवस्था सीधी फ्लाइट द्वारा की गई है।

### कॉम्पलेक्स, रो-हाउस समेत पांच निर्माण सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अलीगंज, इंदिरा नगर व जानकीपुरम में नियम विरुद्ध पांच भवन निर्माण सील कर दिए। इसमें व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, रो-हाउस भवन शामिल हैं। जो बिना मानचित्र स्वीकृत के बनाए जा रहे थे। बुधवार को प्रवर्तन जोन-4 के अंतर्गत पुलिस बल के साथ एलडीए की टीम अलीगंज सेक्टर-डी पहुंची। वहां 128 वर्गमीटर क्षेत्रफल में राजीव अग्रवाल व श्वेता द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए बनाया जा रहा दो मंजिला भवन निर्माण सील कर दिया। इसी क्षेत्र के सेक्टर-एल में दो मंजिला बिल्डिंग का निर्माण सील किया। जो अनुराग पांडेय व कुमुद द्वारा बनाया जा रहा था। इसके अलावा सीतापुर रोड योजना के सेक्टर-ए में 112 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृति के प्रमोद शंकर शुक्ला व अन्य द्वारा व्यावसायिक निर्माण कराने पर सील किया। जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि तीनों जगह विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली व राकेश कुमार ने कार्रवाई की है।

### मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का मिला लाभ तो हुई खुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत जिले के 2135 बच्चों को 25 सौ रुपये प्रतिमाह के हिसाब से भुगतान किया गया है। बच्चों के खाते में तीन माह की राशि भेज दी गई है। बता दें कि 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिन्होंने माता-पिता दोनों, माता-पिता में से किसी एक या अभिभावक को खो दिया है को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत लाभान्वित किया जाता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी के स्तर से अभियान चलाकर ऐसे बच्चों को चिह्नित किया गया। योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके इसके लिए प्रचार-प्रसार किया गया। चयनित बच्चों को तिमाही धनराशि का भुगतान किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि जनवरी से मार्च तक तीन माह की धनराशि का भुगतान बच्चों के खाते में भेज दी गई है।

### संवेदनशील क्षेत्रों पर तैनात रहेगी पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** रमजान माह के आखिरी जुमा यानि अलविदा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए है। शहर के संवेदनशील क्षेत्रों और मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इतना ही नहीं इस बार सड़कों पर अलविदा जुमा की नमाज नहीं पढ़ी जाएगी, प्रशासन ने सड़क पर नमाज अदा करने की इजाजत नहीं दी है।

# स्कॉर्पियो लूटने वाले बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

» विश्वासखंड में मंगलवार सुबह बदमाशों ने ठेकेदार की स्कॉर्पियो लूटी थी

**अमृत विचार :** गोमतीनगर के विश्वासखंड में मंगलवार सुबह दो बदमाशों ने कार चालक पर हमला कर एक ठेकेदार की स्कॉर्पियो लूट ली थी। बदमाशों की तलाश में पुलिस की तीन टीमे घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है।

गौरतलब है कि 2 मार्च की सुबह करीब साढ़े दस बजे इंदिरानगर के तकरोही निवासी ठेकेदार दिनेश यादव चालक शान बाबू के साथ स्कॉर्पियो से विश्वासखण्ड स्थित बलरामपुर चीनी मिल के कार्यालय में एक अधिकारी से मिलने गए थे। तभी पीछे से आए दो बदमाशों ने स्कॉर्पियों में बैठे चालक शान बाबू पर हमला कर गाड़ी लूट कर भाग निकले थे। वारदात को अंजाम दने के बाद बदमाश गाड़ी लेकर हुसेड़िया चौराहे पर पहुंचे। इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इसके बाद बदमाश एक बाइक सवार से बाइक छीनकर वहां से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि बदमाशों की तलाश में घटनास्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर तक चौराहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए है। जिसमें कुछ संदिग्ध दिखाई पड़े। वहीं, बदमाशों की तलाश में गठित टीमों ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# तकनीकी खराबी से उड़ान नहीं भर सका विमान, हंगामा

संवाददाता, सरोजनीनगर

» अमौसी एयरपोर्ट से मुंबई जा रहा था विमान

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर स्थित चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से मुंबई जाने वाले एयर इण्डिया के एक विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। जिसके चलते विमान उड़ान नही भर सका। विमान में दो घंटे बैठने के बाद भी विमान ने उड़ान नही भरी तो यात्रियां ने जमकर हंगामा किया। हंगामे की खबर पाकर मौके पर पहुंचे एयरलाइन अधिकारियों ने यात्रियों को दो दिन बाद का टिकट दिया है।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक एयर इण्डिया एयरलाइंस का विमान (एआई-626) चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से दोपहर दो बजे मुंबई के लिए उड़ान भरता है। यह विमान उड़ान भरने को तैयार था। जिसके चलते यात्रियों को भी विमान में बैठा दिया गया। विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इंजीनियरों की एक टीम बुलाई गई, लेकिन काफी समय तक खराबी दूर नही कर सकी। दो घंटे तक परेशान हुए यात्रियों ने क्रू-मेम्बर से विमान के उड़ान न भरने की जानकारी चाही। जवाब न मिलने पर यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की खबर पाकर मौके पर पहुंचे एयरलाइन अधिकारियों ने यात्रियों को विमान में तकनीकी खराबी आने की जानकारी दी। यात्रियों ने बताया कि एयरलाइंस द्वारा उन्हें दो दिन बाद का टिकट दिया गया है।

### एयरपोर्ट पर पकड़ी 1.33 करोड़ की सिगरेट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** एयरपोर्टपर मंगलवार रात कस्टम अधिकारियों ने बैंकाक से तस्करी कर लाई गयी 1.33 करोड़ रुपये कीमत की सिगरेटें पकड़ी। बैंकाक से आने वाली उडान संख्या एफडी 146 शाम पौने सात बजे बैंकॉक से रवाना होकर रात करीब सवा नौ बजे अमौसी एयरपोर्ट पहुंची थी। कस्टम टीम ने संदिग्ध लगने पर 25 यात्रियों की जांच की। उनके पास से 7,85,200 विदेशी सिगरेट बरामद हुईं। इन सिगरेटों की कीमत 1,33,48,400 रुपये बताई गई है।

### शिक्षक उपस्थित, लेकिन कक्षाएं बाधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही। बुधवार को दिए गए आदेश के बाद कक्षाओं का हाल जाना गया तो कोई भी कक्षाएं संचालित नहीं मिली। शिक्षक तो उपस्थित थे, लेकिन कक्षाएं पूरी तरह से बाधित थीं। ऐसे में रजिस्ट्रार की ओर से शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बताते हैं कि बुधवार को कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह की ओर से रजिस्टर डॉक्टर भावना मिश्रा को निर्देश दिए गए कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन और रूसा भवन का हाल जाना जाए। इसी के बाद रजिस्टर ने एक-एक कर कक्षाओं का निरीक्षण किया। डॉक्टर भावना मिश्रा का कहना है कि एक भी कक्षा संचालित नहीं मिली। शिक्षक तो उपस्थित थे, लेकिन कक्षाएं बाधित मिली। ऐसे में सभी शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं जिन शिक्षकों ने शैक्षिक कार्य में भाग नहीं लिया। वो निश्चित समय के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

# 32 की उम्र में ही करोड़ों का मालिक बन गया राजीव नयन

राज्य ब्यूरो लखनऊ

» सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक के मुख्य आरोपी के पास उप्र. व मप्र. में हैं होटल, रिसॉर्ट व हास्पिटल

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती परीक्षा -2023 को लीक मामले का मुख्य आरोपी मास्टर माइंड राजीव नयन 32 वर्ष की उम्र में करोड़ों रुपये की संपत्ति का मालिक बन गया। उसके नाम उप्र. व मप्र. में कई होटल, रिसोर्ट और हास्पिटल हैं। जल्द से जल्द अत्यधिक धन कमाने के लिए उप्र.व मप्र. में वह लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराता रहा। उस पर यूपी पीसीएल, एनएचएम, टीईटी आदि के पेपर लीक कराने के भी आरोप हैं। एनएचएम और टीईटी पेपर लीक मामले में उस पर कौशांबी और ग्वालियर में एफआईआर दर्ज हैं।

मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा ने सत्य सांई यूनिवर्सिटी भोपाल से सिविल ब्रांच से बीटेक किया है। माता-पिता की मृत्यु होने के बाद उसने मामा के यहां रहकर पढ़ाई की। वर्ष 2010 में बीटेक करने के लिए टीआईटी कालेज भोपाल में प्रवेश लिया। वहीं उसकी मुलाकात मधुबनी बिहार निवासी सुभाष प्रकाश एवं अतुल वत्स से हुई थी। वह दोनों भोपाल के विभिन्न कालेजों में पैसा लेकर एडमिशन कराने का गैंग चलाने लगे।

### तरुणेश अजारिया से मिलने के बाद बना बड़ा गैंग

वर्ष 2019 में राजीव की मुलाकात तरुणेश अजारिया उर्फ गुरु जी से हुई। तरुणेश भोपाल में पैसा लेकर पेपर लीक कराने का गैंग चलाता था। तरुणेश के साथ मिलकर भोपाल में एनएचएम के अंतर्गत नर्सिंग स्टाफ की भर्ती का पेपर लीक कराया। इस मामले में राजीव और तरुणेश दोनों जेल गए थे। अतुल वत्स ने अभियुक्त राजीव की मुलाकात डॉ. शरद से कराई थी। शरद भी पेपर लीक कराने का गैंग चलाता था। वह गौतमबुद्धनगर निवासी रवि अत्री से जुड़ा था। शरद के माध्यम से राजीव की मुलाकात रवि अत्री से हुई। रवि एवं राजीव ने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर रीवा के शिव महाशक्ति रिसॉर्ट में लगभग 300 परीक्षार्थियों को पेपर पढ़ाया था। राजीव व रवि ने रवि अन्नी व विक्रम पहल उर्फ हवलदार व गैंग के अन्य सदस्यों के साथ गुरुग्राम के ग्रीन वैली रिसार्ट में 500 अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाया। एसटीएफ की पूछताछ में राजीव ने बताया कि झांसी में बंद मोनू गुर्जर, रजनीश रंजन तथा गौतमबुद्धनगर जेल में बंद मोनू पंडित गौरव व प्रमोद पाठक उसके पुराने परिचित हैं। सभी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करके भर्ती करवाते हैं।

# रामनवमी पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें :डीआरएम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामनवमी पर लाखों श्रद्धालुओं की होने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी। अयोध्या के मजिस्ट्रेट के साथ बैठक करके रामनवमी में अयोध्या में जुटने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर बातचीत की गई। साथ ही अयोध्या रूट की ट्रेनें फुल होने पर अतिरिक्त ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाकर श्रद्धालुओं के रेल सफर को आसान किया जा सकेगा।

यह जानकारी उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने दी। वह बुधवार को हजरतगंज स्थित डीआरएम कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। डीआरएम ने बताया कि 9 से 17 अप्रैल तक रामनवमी को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। अनुमान है कि राम नवमी पर बीस लाख के आसपास श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। इससे ज्यादा भीड़ होने की संभावना पर वेटिंग एरिया और यात्री सुविधाओं पर नजर रखी जाएगी। इस मौके पर सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा उपस्थित रहीं।

**बनाया जा रहा है हंड्रेड डे प्लान :** डीआरएम ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के लिए हंड्रेड डे प्लान बनाया जा रहा है। उसके अनुसार काम किया जाएगा।

## एक नजर

### अतीक के बेटे उमर और अली की रिमांड हुई मंजूर

**प्रयागराज, अमृत विचार :** बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के प्लान को लेकर एक खुलासा हुआ है। पुलिस की जांच यह बात सामने आई है कि नैनी जेल के अंदर ही अली को उमेश पाल हत्याकांड के पूरा प्लान बताया गया था। मामले में माफिया अतीक अहमद के बेटे उमर और अली का रिमांड तामिल कराया गया है। रिमांड बनने के बाद पुलिस की अर्जी पर कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों भाइयों को तलब कर रिमांड मंजूर किया है। धूमनगंज पुलिस ने नैनी सेंट्रल जेल जाकर अली के रिमांड का वारंट भी तामिल करा दिया है।

### खेत में लगी आग, 15 मिनट रोकनी पड़ी जम्मू तवी

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव, अमृत विचार :** रेलवे लाइन किनारे गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। इससे उतमानपुर गांव निवासी महादीन की तीन बिसुआ खेत में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। धीरे-धीरे आग रेलवे लाइन के किनारे तक पहुंच गई। इसी दौरान कानपुर से जम्मू जा रही जम्मू तवी एक्सप्रेस वहां पहुंच गई। आग का विकराल रूप देख लोको पायलट में ट्रेन को कुछ दूर पहले ही रोक दिया। करीब 15 मिनट ट्रेन रुकी रही।

### बाराबंकी: नहीं रहे पूर्व राज्यमंत्री छोटेलाल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तीन बार



विधायक और राज्यमंत्री रह चुके छोटेलाल यादव का बुधवार को निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमारी थे और लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर फैल गई। वह पूर्व मुख्यमंत्री मुलाम सिंह यादव के भी काफी करीबी थे। कुछ दिनों पूर्व ही वह सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

# सत्ता में एनडीए की नहीं होगी वापसी : शिवपाल

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल



सिंह यादव ने दावा किया कि एनडीए गठबंधन की किसी भी सूरत में दिल्ली की सत्ता में वापसी नहीं होगी। एनडीए के खिलाफ बड़े पैमाने पर देशभर में जनाक्रोश देखा जा रहा है। शिवपाल यादव अपने गृह जिले इटावा में चौगुर्जी स्थित आवास पर बुधवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि एनडीए के नेताओं के इशारे पर विपक्षी राजनेताओं के खिलाफ जिस तरीके से ईडी और सीबीआई के सहारे जेल भेजने की कार्रवाई करा रही है, उससे एनडीए के खिलाफ बड़े पैमाने पर जनाक्रोश सारे देश में फैला हुआ है। यही जनाक्रोश एनडीए को सत्ता से बेदखल करने के लिए पर्याप्त होगा। बेटे आदित्य यादव के बदायूं संसदीय सीट से चुनाव मैदान में उतरने के सवाल पर कहा कि बदायूं की जनता ने मांग की है कि युवा नेता चाहिए। जनता की मांग को सूचीबद्ध करके पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मुख भेज दिया गया है। फिलहाल बदायूं से वह खुद इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार है, लेकिन जनता को मांग करने का हक है और जाहिर है कि जनता ने जो मांग की है उस पर अब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को निर्णय लेना है। आदित्य यादव के चुनाव में टिकट मिलने पर आप कहां से लड़ेंगे के सवाल पर शिवपाल ने कहा कि हम चुनाव लड़ेंगे, इसकी चिंता आप लोगों को करने की जरूरत नहीं है। सपा से नाराज चल रही विधायक पल्लवी पटेल के पीडीएम फार्मूले को लेकर के चुनाव मैदान में उतरने के सवाल पर शिवपाल ने कहा कि उनको ऐसा नहीं करना चाहिए। जिससे लोगो को लगे कि आप भाजपा की मदद कर रहे है। कन्नौज संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा न होने के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि कन्नौज से समाजवादी पार्टी ही जीतेगी। यह सीट नेताजी की सीट रही है। अब समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ कन्नौज संसदीय सीट पर चुनाव मैदान में उतरेगी और जीत भी हासिल करेगी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि योगी सरकार में पुलिस के संरक्षण में लगातार हत्याएं हो रही हैं। जेल भी नहीं बचे हैं। पूरी तरह से भाजपा शासन में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके तिहाड़ जेल भेजे जाने के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के राज्य में विपक्ष के राजनेताओं का शोषण किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### भीम शर्मा ने ली भाजपा की सदस्यता




कार्यक्रम में मौजूद भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व भीम शर्मा।

**नई दिल्ली, अमृत विचार :** श्रीगंगानगर के वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार भीम शर्मा ने श्रीगंगानगर मीडिया सेंटर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने भीम शर्मा को भाजपा का पट्टा पहनाकर उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। कैलाश मेघवाल ने कहा कि भाजपा का परिवार लगातार बढ़ रहा है। भीम शर्मा ने उत्तर-पश्चिम रेलवे के जेड-यू आरसीसी सदस्य के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है। अब उनके अनुभवों और कार्यो का लाभ भाजपा को मिलेगा। इस अवसर पर भीम शर्मा ने कैलाश मेघवाल और भाजपा का आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी, महेश पेडीवाल, बीकानेर संभाग सह प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रतन गणेश गढ़िया, जिला प्रवक्ता पवन शर्मा,अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव भगवान जोगपाल व अनिल धानुका उपस्थित रहे।

### कानपुर में शादी के बाद लाखों हड़पकर दुल्हन फरार

**कानपुर, अमृत विचार :** बजरिया निवासी इंजीनियर को बेसहारा होने का झांसा देकर जालसाज दुल्हन ने शादी की, इसके बाद लाखों रुपये हड़पे और गृहस्थी का सामान लेकर फरार हो गई। पीड़ित ने छानबीन की तो पता चला कि आरोपी दुल्हन पहले से शादीशुदा व तीन बच्चों की मां है। पीड़ित ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बजरिया निवासी शानू सोनकर ने बताया कि वह टाटा कंपनी में इंजीनियर हैं। उनकी मुलाकात औरैया, बिधूना निवासी प्रीति दुबे उर्फ श्रेया से हुई थी। प्रीति ने खुद को बेसहारा बताकर 28 नवंबर 2019 को शानू से शादी की। आरोप है कि शादी के बाद प्रीति ने कई बार में उनसे करीब 7.50 लाख रुपये लिए। प्रीति ने कन्नौज, सतारा निवासी गणेश, शिवम व विनय बाजपेई से मुलाकात करा 3.50 लाख रुपये दिलाए। साथ ही माता-पिता बताकर कुसुम-अरुण से मिलवाया। आरोप है कि इस दौरान प्रीति के परिजनों ने उनसे करीब 1.50 लाख रुपये लिए। शानू ने बताया कि इसके बाद प्रीति बेवजह विवाद करने लगी। 17 अगस्त 2023 को प्रीति ने उसराहार, औरैया निवासी पंकज सेंगर को बुलाया और गृहस्थी का सामान व नकदी लेकर फरार हो गई। पता चला कि प्रीति की पहले शादी हो चुकी है और उसके तीन बच्चे हैं।

### 6 व 7 को उन्नाव में गरजेंगे जगुआर, सुखोई व मिराज

**उन्नाव, अमृत विचार :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की एयर स्ट्रिप पर आगामी 6 व 7 अप्रैल को तीसरी बार एक्सरसाइज गगन शक्ति के तहत जगुआर, सुखोई, मिराज-2000 व मिग जैसे लड़ाकू विमान गरजेंगे। इन विमानों की सफल लैंडिंग को लेकर हवाई पट्टी पर साफ-सफाई व एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर बैरिकेडिंग लगाने का काम जारी है। इसके चलते 2 से 11 अप्रैल तक हवाई पट्टी के साढ़े तीन किमी क्षेत्र को ब्लॉक किया गया है। इस दौरान वाहनों को सर्विस रोड से गुजारा जा रहा है। बता दें कि वर्ष-2016 व 2017 में हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों का सफल अभ्यास हुआ था। बुधवार को लखनऊ एयरबेस से पहुंचे शशांक, सुमित, एस सिंह व राकेश सिंह सहित करीब तीन दर्जन वायु सेना के जवानों ने हवाई पट्टी को अपने कब्जे में लिया। वायुसेना के जवान एयर स्ट्रिप पर पैनी नजर रख रहे हैं। एयरफोर्स के जवानों ने बताया कि फाइटर जेट की तीव्र गर्जना से कान का पर्दा फट सकता है, इसलिए प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों व उच्चंधिकारियों के लिए रुई का इंतजाम भी किया है।

# बाइक सवार पिता-पुत्री व साली की डीसीएम से कुचलकर मौत

## हरदोई में पिहानी रोड पर बरगावां के पास हुआ हादसा

**हरियावां, हरदोई**

**अमृत विचार।** युवक अपनी बेटी और साली के साथ बाइक से घर जा रहा था। पिहानी रोड पर बरगावां के पास एक तेज़ रफ्तार डीसीएम ने बाइक में टक्कर मारते हुए तीनों को कुचल दिया। बुधवार की शाम हुए हादसे में तीनों की वहीं पर मौत हो गई। हादसा होने से वहां चीख-पुकार मच गई, उसी बीच ड्राइवर डीसीएम को वहीं छोड़ कर भाग निकला। पुलिस उसे अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी।

पिहानी कोतवाली के सिरकटिया मजरा करीमनगर निवासी 28 वर्षीय नीरज खेती-बाड़ी करता था। बुधवार की शाम वह अपनी ढाई वर्षीय पुत्री सावनी और 10 वर्षीय चचेरी साली जूली को साथ लेकर बाइक से घर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में पिहानी रोड पर कोतवाली देहात के बरगावां के पास सामने से तेज़ रफ्तार में आ रही डीसीएम ने बाइक में टक्कर मारी और तीनों को कुचलते हुए निकल गई। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर डीसीएम को मौके पर ही छोड़ कर भाग निकला। उधर एसएचओ कोतवाली देहात अनिल सैनी भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने तीनों शवों को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरू कर दी। डीसीएम पुलिस के कब्ज़े में है। एसएचओ ने बताया डीसीएम ड्राइवर की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्जकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गोंडा में तीन युवकों को ट्रक ने रौंदा, एक की जान गई

**मसकनवा, गोंडा अमृत विचार :** छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा-बभनान मार्ग पर दीननगर गुमटी के पास गन्ने से लदा ट्रक चालक ने बुलेट सवार तीन युवकों को रौंद दिया। जिसमें बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार सुबह छपिया थाना क्षेत्र के गांव अगया माफी टैरवा निवासी विजय कुमार वर्मा (23) पुत्र मायाराम वर्मा अपने मित्र अरविंद (21) पुत्र धनी व अभिषेक सोनी (20) पुत्र दिनेश कुमार सोनी के साथ मसकनवा बाजार जा रहे थे। मसकनवा की तरफ से गन्ना लाद कर बभनान मिल जा रहे ट्रक चालक ने मसकनवा बभनान मार्ग पर दीन नगर गांव के पास बाइक सवार युवकों को रौद दिया जिससे विजय की मौत हो गई। बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया ले जाया गया जहां से मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर अयोध्या रेफर कर दिया गया।



# लखीमपुर खीरी: हंगामा करने वाले भाजपा नेताओं पर केस

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

> रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई होगी। -**गणेश प्रसाद साहा,** एसपी

**अमृत विचार :** पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी और किराएदार दरोगा के बीच हुई मारपीट मामले में बुधवार को एक और कार्रवाई की गई है। पुलिस ने सदर कोतवाली में हंगामा करने वाले भाजपा नेताओं पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने यह कार्रवाई डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर की है, जिसमें धारा 144 के उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर पहचान कर उन्हें आरोपी बनाएगी।

शहर के एक मोहल्ले में पड़ोसी जिले के भाजपा सांसद की भतीजी के घर किराए पर रहने वाले नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्रा पर सांसद की भतीजी ने मारपीट व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने सदर विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव और विधायक के समर्थकों के साथ दरोगा पर कार्रवाई की मांग को लेकर सदर कोतवाली में धरना दिया था। समर्थकों ने कोतवाली में मौजूद आरोपी दरोगा की पिटाई भी की थी। पुलिस ने दरोगा, उसकी पत्नी व बेटी के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की थी। दरोगा की पत्नी ने भी मकान मालिक और उसके सात अज्ञात साथियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी और आरोप लगाया था कि सांसद की भतीजी के पति व सात अन्ये ने उससे व परिवार से मारपीट की। 11 साल की बेटी से छेड़छाड़ की। पुलिस ने सांसद की भतीजी के पति व सात अन्ये के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पॉक्सो एक्ट भी लगाया था। इधर, आचार संहिता लगी हुई है। कोतवाली में तैनात दारोगा राजेश पांडेय ने धारा 144 के उल्लंघन में सांसद की भतीजी के पति सहित 10 से 12 लोगों के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### रामनवमी पर अयोध्या के 5 हजार मंदिरों के गर्भगृह में होंगे अनुष्ठान, कनक भवन में गूंजेंगी बधाइयां

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी में राम मंदिर श्रद्धालुओं के लिए केंद्र बिंदु होगा। इसके पहले 9 अप्रैल से शुरू हो रहे रामनवमी महोत्सव में 5 हजार मंदिरों में अनुष्ठान और बधाई गायन, नृत्य, लीला उत्सव और रामकथा का आयोजन कराया जाएगा। सभी मंदिरों में इसकी तैयारी की जा रही है। जन्मोत्सव मनाए जाने को लेकर नौ अप्रैल से 10 दिवसीय आयोजन मठ मंदिरों में शुरू होगा। राम जन्मभूमि परिसर को फूलों से सजाया जाएगा और गर्भगृह में कलश स्थापना के साथ अनुष्ठान की शुरुआत होगी। अयोध्या के प्रमुख मंदिर दशरथ महल, कनक भवन, रामहर्षण कुंज, जानकी महल, हनुमान बाग, राम वल्लभा कुंज, मणिराम छावनी सहित अन्य मंदिरों में राम कथाओं का आयोजन भी किया जाएगा। दशरथ महल के महंत बिंदुगद्याचार्य देवेंद्र प्रसादाचार्य ने कहा कि दशरथ महल इस उत्सव का मुख्य स्थान है। 9 अप्रैल से राम कथा होगी। 17 को जन्मोत्सव पर बधाई गायन, नृत्य और लीलाओं का भी आयोजन किया जाएगा। 18 को अंतिम दिन भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### 15 मिनट पहले आगमन व प्रस्थान करेगी नई दिल्ली बनारस एक्सप्रेस

**नई दिल्ली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के प्रयागराज स्टेशन पर 12582 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस के समय में संशोधन किया गया है। ये ट्रेन 19 अप्रैल से 15 मिनट पहले आगमन और प्रस्थान करेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि परिचालन कारणों से प्रयागराज स्टेशन पर 12582 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस सुबह 7.30 के बजाए 7.15 बजे पहुंचेगी और 7.40 के बजाए 7.25 बजे प्रस्थान करेगी।

### बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी की मौत पर मानवाधिकार आयोग में केस

**बांदा, अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के मामले पर बवाल अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक ओर सीजेएम के आदेश पर न्यायिक और जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले की मजिस्ट्रेटीयल जांच की जा रही है, वहीं इस मामले पर सेवानिवृत्त आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की पहल पर मानवाधिकार आयोग में भी केस दर्ज हो गया है। हालांकि, मानवाधिकार आयोग के समक्ष जेल अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। मंडल कारागार में निरुद्ध पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की 28 मार्च की रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। समाजसेवी संगठनों से लेकर राजनीतिक दलों तक ने माफिया की मौत पर संदेह जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेज कर मौत के हालातों की बिंदुवार जांच कराने की मांग उठाई थी। मानवाधिकार आयोग ने ठाकुर की शिकायत व जेल अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

# परिजनों के करुण क्रंदन से नम हो उठीं लोगों की आंखें

**फॉलोअप**

**बाराबंकी में हुए सड़क हादसे के शिकार तीनों बच्चों के शवों का किया गया दाह संस्कार**

**सूरतगंज, बाराबंकी**



मौके पर मौजूद पुलिस-प्रशासन के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सड़क हादसे में एक साथ तीन बच्चों की मौत से मदरहा व पर्वतपुर में मातमी सन्नाटा पसर गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाए गए तो परिजनों के करुण-क्रंदन से वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गयीं।

बता दें कि लखनऊ चिड़ियाघर से भ्रमण कर लौट रहे बच्चों की बस मंगलवार शाम हादसे की शिकार हो गई थी। दुर्घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई थी। बुधवार को पीड़ित परिवारों के घरों में लोगों की भीड़ एकत्र थी। बच्चों के माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों की चीत्कार से हर किसी का कलेजा फट रहा था। उधर, तीनों बच्चों के शव देर रात्रि में पोस्टमार्टम के बाद गांव लाया गया तो वहां हाहाकार मच गया। मदरहा निवासी जगत नारायण की बेटी कामिनी वर्मा के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार गांव में हुआ। पर्वतपुर निवासी राजकुमार मिश्रा की बेटी शुभी और विनोद की बेटी मानसी का अंतिम संस्कार घाघरा नदी के छोर पर एक साथ किया गया।

### परिजनों को 25 लाख की सहायता दे सरकार : तनुज



अंतिम संस्कार में पहुंचे कांग्रेस नेता तनुज पुनिया।

इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी तनुज पुनिया ने मांग की है कि सरकार और जिला प्रशासन को हादसे में जान गवांने वालीं छात्राओं के परिजनों को कम से कम 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देनी चाहिए। साथ ही दिव्यांग हो चुके छात्रों के उच्चस्तरीय इलाज के साथ उनके लिए कृत्रिम अंग की व्यवस्था व 15 लाख की मदद दी जाए। गंभीर रूप से घायल छात्रों के इलाज के साथ उन्हें 10 लाख की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए।


## वर्ग पहेली-29

**बाएं से दाएं**

3. 1. जिसपर पूर्ण रूप से प्रभाव पड़ा हो 2. तर-बतर, लतपथ 3. भीगा, गीला 4. अभिभूत, ओतप्रोत, अभिपन्न।
5. रास्ते का खाना और ख़र्च, मार्ग व्यय, पाथेय।
6. 1. आधारस्वरूप 2. जड़ से संबंध रखने वाला 3. बिलकुल प्रारंभिक 4. नींव या बुनियाद के रूप में होने वाला।
9. 1. गली, मार्ग 2. चित्रशाला 3. चित्रों की पंक्ति 4. चित्रांकित दीवार या पट्ट।
10. 1. सिर या किसी अंग का बाल साफ़ करना, मूंड़ा जाना 3. ठगा जाना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. एक प्रकार का आभूषण जो बांह में पहनते हैं, बाज़ूबंद, केयूर 2. कवच 3. ज़िरहबख़्तर।
2. 1. औषधियों से बना वह गाढ़ा और चिकना लेप जो घाव आदि पर लगाया जाता है 2. घाव की दवा। (मु.) -लगाना : राहत पहुंचाना।
4. 1. रज़ामंद होने की अवस्था या भाव, राज़ी-ख़ुशी, सहमति 2. स्वीकृति, मंज़ूरी।
7. 1. हाथी के पांव को बांधने का सिक्कड़, आंदू 2. बेड़ी।
8. 1. पोई नामक पौधा 2. पोई नामक पौधे की पत्ती।



### वर्ग पहेली-28 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 चा | ब | |
| 2 सू | झ | बू | 3 झ | | | 4 उ |
| | | | 5 प | ढ़ा | लि | खा |
| | 6 शं | 7 सि | का | | | ड़ |
| 8 कं | | ल | | 9 मै | | प |
| था | | हि | | थि | | छा |
| | 10 को | ला | ह | ल | | ड़ |

## सुडोकू-108

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

### सुडोकू-107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 16.14 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दूसरों की निंदा करने से बचें। जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाकर रखें। व्यवसाय में नए ऑर्डर मिल सकते हैं, जो आपके लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं।

**वृष:** आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। संतान की गतिविधि से आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विदेश यात्रा की योजना बन सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के सहकर्मियों के साथ परेशानी होगी।

**मिथुन:** आज परिवार का सहयोग न मिलने से कुछ काम रुक सकते हैं। बड़े भाई-बहनों को लेकर परेशानी होगी। भावुक होकर कोई बड़ा निर्णय न लें। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए। अपनी दिनचर्या को असंतुलित न होने दें।

**कर्क:** आज अनावश्यक चिंता न करें। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। आप भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। आप समझदारी से उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपको शिक्षा में काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**सिंह:** आज राजनीतिक व्यक्तियों को मान-सम्मान मिलेगा। सूझ-बूझ के साथ मामलों को सुलझा लेंगे। नजदीकी मित्र आपका काफी अच्छा सहयोग करेंगे जिसके कारण आप तनाव मुक्त महसूस कर सकते हैं।

**कन्या:** आज दांपत्य संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। खानपान में लापरवाही न करें। वाणी में संयम अवश्य रखें। अनचाही यात्रा करने से आपको बचना चाहिए। अपरिचित लोगों के कारण नुकसान हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बढ़ेगा।

**तुला:** आज माता से सलाह लेना आपके लिए लाभकारी होगा। विवाहेतर संबंधों से स्वयं को दूर रखें। महत्वपूर्ण कार्य रुक सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज नए संपर्कों का लाभ उठाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन के लिए जा सकते हैं। आप काफी सहज महसूस करेंगे। व्यापार में नई शुरुआत कर सकते हैं।


**धनु:** आज जॉब में आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। वैवाहिक संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। मानसिक दबाव से छुटकारा मिलेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है।

**मकर:** आज प्रियजनों के साथ हास्य-विनोद में शाम बिताएंगे। व्यापार की प्रगति से हर्षित होंगे। परीक्षा परिणामों में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार का माहौल सौहार्दपूर्ण रहने वाला है। जॉब में उच्च पद मिल सकता है।

**कुंभ:** आज पुरानी यादों को लेकर मन व्यथित होगा जिसके कारण आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे। दूसरों की बातों पर ज्यादा विश्वास न करें। दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित रहेगी। वाणी में कटुता के कारण रिश्तों में दरार आ सकती है।

**मीन:** आज मूल्यवान वस्तु उपहार में मिल सकती है। आप परेशान लोगों की मदद करने की कोशिश करेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर रहेंगे। व्यवसाय में आपकी आय में बढ़ोतरी होगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 20.12 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा — दोपहर : 12.00
मजाल — रात : 07.00

&pictures
धड़क — सुबह : 10.54
साइलेंस ... — रात : 08.00

SONY PIX
लाइफ — सुबह : 11.25
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
क्रांति — सुबह : 08.45
बीवी हो तो ऐसी — रात : 07.20

colors CINEPLEX
कल हो न हो — सुबह : 07.57
फिर हेरा फेरी — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टकला बीवी से पूछता है- कैसा लग रहा हूं?
बीवी- अजी छोड़ो भी
टकला- अरे बता ना
बीवी- अजी रहने दो अब मैं क्या बताऊं
टकला - अरे बता भी तुझे मेरी कसम
अरे बता भी तुझे मेरी कसम
बीवी - ऐसे लग रहे हो जैसे फटे हुए मौजे से अंगूठा बाहर निकल आया हो।

बैंक मैनेजर- ये कैसे हस्ताक्षर हैं?
संजू- यह हस्ताक्षर मेरी दादी के हैं
बैंक मैनेजर- ऐसे अजीब हस्ताक्षर? नाम क्या है उनका?
संजू- जलेबी बाई।

## एक नजर

### कांग्रेस ने घोषित किए पांच पदाधिकारी

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस ने बुधवार को संगठन में बदलाव करते हुए पांच जिला व शहर अध्यक्षों की सूची जारी की। धीरेंद्र शुक्ला को जालौन, प्रमोद मिश्रा को गोंडा व नीरज त्रिपाठी को प्रतापगढ़ का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। विजय चौधरी को गाजियाबाद व अफसाना शाह को बांदा का शहर अध्यक्ष बनाया गया है।

### बसपा ने घोषित की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। जिसमें बसपा सुप्रीमो मायावती, आकाश आनंद, सतीश चंद्र मिश्रा, वश्विनाथ पाल, मुनकाद अली समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल है। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया की पहले चरण की सीटों पर बसपा मुखिया मायावती, नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, मुनकाद अली, राजकुमार गौतम, शमसुद्दीन राइन, सूरज सिंह जाटव, सतपाल पीपला, नरेश गौतम, रवि सहगल, रणविजय सिंह, सुरेश आर्य, विजय सिंह, और जफर मलिक आदि नेता प्रचार करेंगे।

### दो बच्चियों से दुष्कर्म में नाबालिग दोषी

नई दिल्ली। दिल्ली अदालत ने 2017 में दो बच्चियों से दुष्कर्म के लिए नाबालिग को दोषी ठहराया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत मामले की सुनवाई कर रहे थे। आरोपी पर सात और चार वर्ष की बच्चियों से दुष्कर्म पर पॉक्सो और आईपीसी के प्रावधानों के तहत मुकदमा हुआ था। अदालत ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा, निर्णायक रूप से ऐसा कहा जा सकता है कि अभियोजन पक्ष बिना संदेह के आरोपों को साबित करने में सफल रहा कि आरोपी ने दोनों बच्चियों से दुष्कर्म दिया था।

# बीमा भारती ने पूर्णिया से दाखिल किया नामांकन, पप्पू यादव भी अड़े

पटना, एजेंसी



- एक्स पर पोस्ट कर आज नामांकन करने का किया ऐलान

बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की उम्मीदवार बीमा भारती ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, हाल में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सहयोगी दल की प्रत्याशी के नामांकन के बावजूद चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं।

यादव ने एक्स पर कहा, 'प्रणाम पूर्णिया, सलाम पूर्णिया, जोहार पूर्णिया। कल जन नामांकन है सब आशीष देने आएं। पूर्णिया के सम्मान में, आपके आशीर्वाद से पप्पू यादव मैदान में। प्रणाम पूर्णिया से कुछ लोग इतना चिढ़े हैं कि उसका अपमान करने के लिए कुछ भी करेंगे। मेरी मां पूर्णिया 26 अप्रैल को उनका जमानत ज़ब्त कर जवाब दे।'

एक महीने से भी कम समय पहले राजद में शामिल हुईं भारती के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव भी थे। इस अवसर पर तेजस्वी यादव ने पूर्णिया में एक रैली को भी संबोधित किया और जनता से मौजूदा विधायक भारती के लिए वोट करने का आग्रह किया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मिले आश्वासन का दावा करते हुए पप्पू यादव इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वह पूर्णिया सीट से ही चुनाव लड़ेंगे, जिसे उन्होंने 1990 के दशक में तीन बार जीता था। पप्पू यादव गुरुवार को पूर्णिया सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

उनकी पत्नी रंजीत रंजन कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य हैं। पप्पू यादव ने बेटे सार्थक के साथ 2015 में गठित जन अधिकार पार्टी का एक पखवाड़े पहले कांग्रेस में विलय कर दिया था। यादव ने कुछ दिन पहले केरल के वायनाड का उदाहरण देते हुए पूर्णिया में दोस्ताना लड़ाई होने की संभावना जताते हुए कहा था कि राहुल गांधी को भाकपा की एनी राजा द्वारा चुनौती दी जा रही है। भाकपा, कांग्रेस की तरह इंडिया' गठबंधन की सहयोगी है।

# यूकेपीसीएस परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

संवाददाता, नैनीताल

- महिला अभ्यर्थियों को 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण पर दायर है याचिका

अमृत विचार : उत्तराखंड हाईकोर्ट ने यूकेपीसीएस परीक्षा में राज्य की महिला अभ्यर्थियों को 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण अधिनियम को चुनौती देती याचिका की सुनवाई करते हुए सरकार को नोटिस जारी किया है।

याचिकाकर्ता सत्यदेव त्यागी ने उत्तराखंड लोक सेवा (महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण) अधिनियम, 2022 की धारा 3(1) को चुनौती देते हुए दलील दी है कि सार्वजनिक सेवाओं में रहने वाली महिलाओं को 30% आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 16 के दायरे से बाहर है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने 14 मार्च 2024 पीसीएस के विभिन्न पदों जिनमें डिप्टी कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक, जिला कमांडेंट होम गार्ड आदि के 189 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया है। उक्त विज्ञापन के खंड 10 (डी) में राज्य की महिला उम्मीदवारों के लिए 30% क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया है। इसको चुनौती देते हुए कोर्ट से प्रार्थना की है कि उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया में, महिलाओं को मूल निवास आधारित क्षैतिज आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति रितू बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने बुधवार को मामले की सुनवाई के बाद सरकार को नोटिस जारी किया है।

# ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार दो बच्चों की मौत

बागपत : जिले में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर बुधवार को एक ट्रक से टक्कर लगने पर ई-रिक्शा सवार दो बच्चों की मौत हो गयी तथा रिक्शा चालक समेत पांच अन्य घायल हो गये।

क्षेत्राधिकारी (नगर) हरीश सिंह भदौरिया ने बताया कि बागपत कोतवाली क्षेत्र में खेडकी गांव के पास दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह करीब सात बजे एक ट्रक ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी और इस हादसे में ई-रिक्शा सवार दो बच्चों की मौत हो गयी। उनके अनुसार दोनों की उम्र एक से तीन साल के बीच है। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक और चार महिलाएं घायल हुई हैं एवं उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रतिबंधित दिवसों की समयसारिणी निर्धारित

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही, प्रतिबंधित दिवसों की समय-सारिणी निर्धारित कर दी है। विज्ञापनों के प्रकाशन के लिए प्रस्तावित तारीख से से दो दिन पूर्व आवेदन करना होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार, किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य व जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराया जाना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण से लेकर सप्तम चरण के मतदान दिवस और मतदान दिवस से एक दिन पहले की प्रतिबंधित दिवसों की समय सारिणी निर्धारित कर दी गई है। आयोग ने निर्वाचन के दिवस व निर्वाचन दिवस के एक दिन पूर्व को प्रतिबंधित दिवस घोषित किया है।

# आयोग ने निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को दी मतदान की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डाक मतपत्र व 'निर्वाचन ड्यूटी सार्टिफिकेट' के माध्यम से कर सकेंगे मतदान

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन कर्मी डाक मतपत्र व 'निर्वाचन ड्यूटी सार्टिफिकेट' के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा बताया कि अपने संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को 'निर्वाचन ड्यूटी सार्टिफिकेट' जारी किया जायेगा। ऐसे रिजर्व मतदान कार्मिक जो किसी भी पोलिंग स्टेशन पर तैनात नहीं, अपनी उपस्थिति के स्थान के नजदीक के पोलिंग स्टेशन पर मतदान कर सकेंगे। कार्मिकों के निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण-पत्र सम्बन्धी सम्पूर्ण गतिविधियों के समन्वय के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

उन्होंने बताया कि सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी से फार्म-12 भरकर मतदान दिवस के सात दिन पूर्व रिटर्निंग अफसर को निर्वाचन ड्यूटी आदेश व मतदाता फोटो पहचान पत्र की प्रति उपलब्ध कराएंगे। जांच के बाद रिटर्निंग अफसर वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर पर निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मियों को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। जो सरकारी अधिकारी-कर्मचारी अपने निर्वाचन क्षेत्र (जहां के वे मतदाता हैं) में ही निर्वाचन ड्यूटी पर हैं वे वहां निर्वाचन ड्यूटी सार्टिफिकेट के माध्यम से और जो अधिकारी-कर्मचारी अपने निर्वाचन क्षेत्र (जहां के मतदाता हैं) के अतिरिक्त निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी पर हैं वे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगें। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात पुलिस कार्मिकों व होमगार्ड जवानों को पुलिस अधीक्षक मतदान की सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

# दानिश व अतुल समेत 47 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : द्वितीय चरण के लोकसभा चुनाव की आठ सीटों के लिए बुधवार को 47 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें कांग्रेस से दानिश अली, सपा के अतुल, बसपा के देवव्रत कुमार आदि प्रत्याशी शामिल हैं। अब तक कुल 81 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अमरोहा में आठ, मेरठ में छह, बागपत में छह, गाजियाबाद में पांच, गौतमबुद्धनगर में 11, बुलन्दशहर (अजा) में तीन और अलीगढ़ व मथुरा में चार-चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि अमरोहा लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस से कुंवर दानिश अली, भारतीय जवान किसान पार्टी से विजेन्द्र सिंह व निर्दलीय प्रत्याशियों में नरेन्द्र सिंह, कुमदेश कुमार, तसव्वुर अजान, राम अवतार, राजपाल सिंह सैनी व काशिफ हुसैन ने नामांकन किया। मेरठ सीट के लिए बसपा से देवव्रत कुमार त्यागी, सपा से अतुल ने भी नामांकन किया। गाजियाबाद सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से नन्द किशोर पुण्डीर, भारतीय जनता पार्टी से अतुल गर्ग ने भी नामांकन किया।

# चुनाव नतीजों के 30 दिनों के भीतर दाखिल चुनाव याचिका ही स्वीकार्य



- अयोग्यता सिद्ध करने में सक्षम कोई भी व्यक्ति दाखिल कर सकता है याचिका

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक चुनाव याचिका पर विचार करते हुए कहा कि चुनाव याचिका चुनाव में असफल उम्मीदवार या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा दाखिल की जा सकती है, जिसका नामांकन पत्र चुनाव में खारिज कर दिया गया हो या वार्ड के किसी निर्वाचक द्वारा भी दाखिल की जा सकती है।

निर्वाचक को चुनाव याचिका दाखिल करते समय यह ध्यान रखना होता है कि चुनाव के परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर चुनाव याचिका दाखिल की जाए, अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो याचिका पोषणीय नहीं मानी जाएगी। इसके साथ ही अगर शिकायतकर्ता संबंधित वार्ड का निर्वाचक नहीं है और वह विपक्षी की अयोग्यता को सिद्ध करने में सफल होता है तब ऐसी स्थिति में चुनाव याचिका स्वीकार करने योग्य होगा। वर्तमान मामले में याची द्वारा कथित तौर पर जनहित याचिका दाखिल कर बताया गया है कि विपक्षी द्वारा नामांकन फार्म और चुनावी सामग्रियों में खुद को डॉक्टर के रूप में दर्शाया गया है, जिस कारण वह पार्षद के रूप में संबंधित वार्ड में निर्वाचित हो गया है।

विपक्षी नगर पंचायत, सिसौली, मुजफ्फरनगर में 4 मई 2023 को सभासद चुना गया था। अतः उनका नामांकन और चुनाव निरस्त किया जाए। हालांकि विपक्षी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची को उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 62 के प्रावधानों के तहत चुनाव याचिका दायर करनी चाहिए थी और वह निर्धारित समय के भीतर दाखिल नहीं की गई है, इसलिए वर्तमान याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, जबकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि चुनाव याचिका केवल चुनाव में उम्मीदवार द्वारा दाखिल की जा सकती है और किसी ग्रामीण के द्वारा नहीं। इस दृष्टि से वर्तमान याचिका सुनवाई योग्य है, लेकिन मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की पीठ ने राजीव कुमार की याचिका को आधारहीन मानते हुए खारिज कर दिया।

### धारा 498 के तहत शिकायत दर्ज नहीं करा सकती दूसरी पत्नी

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घरेलू हिंसा से जुड़े एक मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि आईपीसी की धारा 498-ए (क्रूरता के अपराध के लिए) के प्रावधानों के अनुसार मामला तब स्थापित होता है, जब महिला ने अपने पति या उसके रिश्तेदारों के हाथों क्रूरता का सामना किया हो। हालांकि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 के तहत विवाह को वैध बनाने के लिए विवाह के समय किसी भी पक्ष के पास जीवित जीवनसाथी नहीं होना चाहिए। अगर पहली पत्नी जीवित है तो किसी अन्य महिला के साथ विवाह वैध नहीं माना जाता है। ऐसी स्थिति में दूसरी पत्नी आईपीसी की धारा 498ए के तहत शिकायत दर्ज नहीं करा सकती है, क्योंकि कानून की दृष्टि में उनका वैवाहिक संबंध शून्य और अमान्य है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण सिंह देशवाल की एकल पीठ ने अखिलेश केसरी और तीन अन्य की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार कर आईपीसी की धारा 498-ए के तहत चल रही कार्यवाही को रद्द करते हुए पारित किया। हालांकि याची के खिलाफ आईपीसी की अन्य धाराओं और घरेलू हिंसा की धारा 3/4 के तहत कार्यवाही बरकरार रखने का निर्देश दिया। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन महिला थाना जिला सोनभद्र में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले के अनुसार याची और शिकायतकर्ता पति-पत्नी रूप के रूप में रहते हुए तीन बच्चों के माता-पिता भी थे। शिकायतकर्ता के अनुसार याची ने उससे दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट की, जिससे वर्तमान मामला उत्पन्न हुआ, जबकि कोर्ट ने माना कि याची ने अपनी पहली पत्नी से तलाक की डिक्री प्राप्त नहीं की थी, इस कारण शिकायतकर्ता के साथ उसका विवाह वैध नहीं माना जाएगा।

### अफजाल अंसारी की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई टली

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार गाजीपुर के पूर्व बसपा सांसद अफ़ज़ाल अंसारी के मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की आगामी सप्ताह में सुनवाई होने की संभावना है। सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष होनी थी। कोर्ट ने मुख्य रूप से कहा कि पक्षों को मुकदमे की अगली सुनवाई पर रहना आवश्यक है और किसी भी स्थिति में आगे की तिथि नहीं दी जाएगी।

# जो लोग संविधान बदलना चाहते हैं, उनके निशाने पर हूं : तौकीर

बरेली, अमृत विचार : शहर में 2010 में हुए दंगे के केस में फरार घोषित किए जाने के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बुधवार को एक वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने कहा है कि वह उन लोगों के निशाने पर हैं जो देश का संविधान बदलना चाहते हैं। वह भगोड़े नहीं हैं। उन्हें चाहे फांसी पर चढ़ाया जाए या मुख्तार अंसारी की तरह जेल में जहर देकर मारा जाए, वह हर संघर्ष का सामना करने के लिए तैयार हैं।

मौलाना ने वीडियो में कहा है कि उनकी बदनामी की जा रही है और भगोड़ा बताकर तमाशा बनाया जा रहा है। इसी कारण उन्होंने मजबूरी में अस्पताल से छुट्टी ली है। डॉक्टर ने उन्हें सख्त ताकीद की है कि जब तक ओपन हार्ट सर्जरी नहीं हो जाए, तब तक उन्हें पूरी तरह आराम की जरूरत है। अगर उन पर जवाबदेही बनती है तो वह कोर्ट में हाजिर होने, गिरफ्तारी देने और फांसी पर भी चढ़ने को तैयार हैं। मुख्तार अंसारी की तरह जेल में जहर देकर मरना चाहते हैं तो उसके लिए भी तैयार हैं। मौलाना ने कहा है कि वह भागने वालों में से नहीं हैं। ईमानदारी से काम होगा तो सहयोग करेंगे लेकिन बेईमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाबा तरसेम हत्याकांड : दोनों शूटरों पर अब 50-50 हजार का इनाम घोषित

संवाददाता, रुद्रपुर

- जांच को गठित की गई एसआईटी टीमें 10 से बढ़ाकर 13 की गईं
- सात राज्यों में पुलिस टीमें दे रहीं दबिशें, आरोपी पकड़ से दूर

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का सात दिनों में भी खुलासा नहीं हो सका है। अब पुलिस ने दोनों शूटर्स पर इनाम 25 हजार से बढ़ाकर 50-50 हजार घोषित कर दी है। वहीं अब एसआईटी का गठन कर दिया गया है। एसआईटी समेत तीन और टीमें बढ़ा दी गई हैं। अब तेरह टीमें शूटर्स की खोज में जुट गई हैं। सात राज्यों में ये टीमें दबिशें दे रही हैं।

मालूम हो कि 28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार दो सिख शूटर्स ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सनसनीखेज हत्याकांड के बाद ऊधमसिंह नगर पुलिस ने ढाई घंटे के अंदर हत्यारोपियों की पहचान करते हुए उनकी साफ तस्वीर जारी कर दी थी। लेकिन इसके बाद भी पुलिस को शूटर्स को पकड़ने में कामयाबी नहीं मिल सकी है। पुलिस की कई टीम पहले नेपाल और बांग्लादेश रवाना हुई। वहां कई जगहों पर दबिशें देने के बाद भी कुछ हासिल नहीं हुआ। इसके बाद टीम ने शाहजहांपुर से पांच संदिग्धों की गिरफ्तारी की। शाहजहांपुर में बाबा के विरोधी पक्ष के लोग रहते हैं। पुलिस टीमें शाहजहांपुर, हरियाणा, पंजाब और नेपाल में अभी भी डेरा डाले हुए हैं। सात दिनों में भी शूटर्स पकड़ में नहीं आ सके हैं। अब पुलिस उप महानिरीक्षक ने शिकंजा कसने को दोनों शूटर्स तरनतारन पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह व बिलासपुर के गांव सिहोरा निवासी अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा पर इनाम राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दी है। वहीं एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने मर्डर के खुलासे को एसआईटी का भी गठन किया है। एसआईटी समेत तीन और टीमें बढ़ा दी गई हैं। अब टीमों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुलिस अफसरों और एसएचओ समेत 82 लोगों की 10 टीमें जांच में जुटी थीं। एसएसपी ने बताया कि अब पुलिस की टीमें सात राज्यों में हत्यारोपियों की तलाश में जुटी हैं।

# बीएचयू के लापता छात्र मामले में सरकार ने दाखिल किया हलफनामा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी के एक लापता छात्र के संबंध में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कोर्ट को सूचित किया कि बीएचयू के लापता छात्र के बारे में तत्कालीन स्टेशन हाउस ऑफिसर बीबी तिवारी, सब इंस्पेक्टर कुंवर सिंह और पीएम त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल लक्ष्मीकांत मिश्रा और कांस्टेबल ओम प्रकाश सिंह के खिलाफ कोई पर्याप्त सबूत नहीं मिला है।

कोर्ट को यह भी बताया गया कि कांस्टेबल एसके सिंह और वीके यादव के साथ-साथ होमगार्ड संतोष कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 166 के तहत अपराध सिद्ध होता है और सरकार द्वारा उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने की मंजूरी दे दी गई है। दरअसल फरवरी 2020 में संबंधित छात्र के पुलिस हिरासत से लापता होने पर पूर्व छात्र अधिवक्ता सौरभ तिवारी द्वारा अगस्त 2020 में एक पत्र याचिका दाखिल करने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया। उसी साल नवंबर में कोर्ट ने जांच सीबीसीआईडी को स्थानांतरित कर दी। जांच एजेंसी ने अपनी जांच में पाया कि 2020 में स्थानीय पुलिस द्वारा एक शव का अंतिम संस्कार किया गया, जो बीएचयू के 24 वर्षीय छात्र का था। इस तथ्य से इस बात की पुष्टि हो गई कि लापता छात्र जीवित नहीं है। मामले की वर्तमान सुनवाई मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की पीठ के समक्ष हुई, जिसमें सरकार की ओर से उक्त तर्क दिए गए। सरकार द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामे को रिकॉर्ड पर लेते हुए कोर्ट ने अधिवक्ता को आगामी 22 अप्रैल तक अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# मैं पलटा नहीं, पटखनी दी है : जयंत चौधरी

मुजफ्फरनगर, एजेंसी



राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के 'चवन्नी' वाले बयान पर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि वह पलटे नहीं हैं बल्कि उन्होंने पटखनी दी है।

जयंत ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और रालोद की संयुक्त चुनावी रैली में सपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि कल—परसों की बात है, उत्तर प्रदेश के जो मुख्यमंत्री रहे हैं, उनका भी एक बयान मैंने देखा। अब तक मैं उनके लिए कुछ बोला नहीं हूं। वह भले ही गाली-गलौज करना चाहें, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन मैं एक बात बता देना चाहता हूं, मुजफ्फरनगर के लोगों से मेरी खास अपील है कि हम लोगों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इन्हें (अखिलेश को) बता दें। ऐसा वोट दें कि वे जान जाएं कि मैं पलटा नहीं हूं। इसे पलटना नहीं कहते, इसे पटखनी मारना कहते हैं।

# आजम ने दी अखिलेश का निर्णय मानने की नसीहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- लोस चुनाव के दौरान दोनों के बीच रार कम होने के मिल रहे संकेत

अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्णय को मानने की नसीहत जिले के सपाइयों को दी है। इससे आजम खां और अखिलेश यादव के बीच रार कम होने के संकेत मिल रहे हैं। साथ ही जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान सपाइयों के एकजुट होने में मदद मिलेगी। चुनाव में सपा प्रत्याशी को मजबूती मिलेगी।

सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर मंगलवार को आजम खां से सीतापुर जेल में मिलने पहुंचे तो उन्होंने 90 मिनट की मुलाकात में उन्हें हिदायत दी। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि आजम खां ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्णय मानने को कहा है। बताया कि आजम की गुरुवार को लोकसभा प्रत्याशी से मुलाकात हो सकती है। गौरतलब है कि सपा ने रामपुर से लोकसभा चुनाव के लिए मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि आजम खां ने अखिलेश यादव से रामपुर से चुनाव लड़ने के लिए कहा था। जिसके बाद दोनों के बीच संबंधों में तल्खी की चर्चा चलने लगी थी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर व संकट मोचन मंदिर में भी हाजिरी लगाई।

# छह माह की बच्ची की गला दबाकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पति से विवाद के बाद बच्ची को लेकर मायके आ गई थी महिला

अमृत विचार : मां के साथ ननिहाल में रह रही छह माह की बच्ची की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम में बच्ची की रस्सी से गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। बच्ची के पिता ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव उल्लिया निवासी शिवम कुमार ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले बंडा थाना क्षेत्र के गांव सिंघापुर पमई निवासी राजबेटी पुत्री राजेंद्र प्रसाद से हुई थी। छह माह पहले पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। दोनों में आए दिन झगड़ा होता रहता था जिसके चलते उसकी पत्नी अधिकांश मायके में रहती थी। झगड़े में ही 20 मार्च को वह बेटी निहारिका को लेकर मायके चली गई। 23 मार्च को पत्नी ने उसके खिलाफ बंडा थाने में मारपीट की तहरीर दी थी। बंडा पुलिस ने रविवार को फोन किया था कि राजबेटी ने मारपीट की तहरीर दी है, थाने आ जाना।

सोमवार को वह अपनी ससुराल गया तो बेटी सही थी। मंगलवार की सुबह दस बजे उसके साले चंद्रपाल ने फोन किया कि निहारिका की तबीयत खराब है। वह ससुराल जाने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच करीब 15 मिनट बाद साले ने दोबारा फोन कर बताया कि निहारिका की मौत हो गई है। वह ससुराल गया तो बेटी उसकी पत्नी की गोद में थी और उसके गले में रस्सी कसने का निशान था। उन्होंने बंडा थाने में सूचना देकर बेटी की हत्या का शक जताया और पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिस पर पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रस्सी से गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई। पोस्टमार्टम के बाद शिवम बेटी का शव लेकर अपने घर चला गया। सीओ पुवायां पंकज पंत ने बताया कि बच्ची के पिता ने शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की थी जिस पर पोस्टमार्टम कराया गया। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अमेठी की चुनावी रणभूमि में राजीव से भिड़ी थीं मेनका

**1984** के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार की आपसी लड़ाई आई थी सामने | **4,36,263** कुल वोट पड़े थे उस चुनाव में | **3,65,041** वोट राजीव व मेनका को मिले थे 50163 वोट

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

**अमृत विचारः** 1984 में अमेठी लोकसभा का चुनाव ऐसा था, जिसमें गांधी परिवार का आपसी टकराव देश के सामने आया था। काफी चर्चित रहे 1984 के चुनाव में गांधी परिवार के दो सदस्य राजीव गांधी और मेनका गांधी ही एक दूसरे के खिलाफ अमेठी से चुनावी मैदान में उतर गए थे। हालांकि राजीव के सामने मेनका की जमानत जब्त हो गई थी।


31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बन चुके थे। राजीव गांधी उस समय अमेठी से सांसद थे। 26 दिसंबर 1984 को आम चुनावों की तिथि निर्धारित हो गई थी। राजीव गांधी फिर से अमेठी से चुनावी मैदान में थे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद गांधी परिवार में चल रही अंदर खाने की लड़ाई बाहर आ गई । मेनका गांधी ने उस समय प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी के खिलाफ अमेठी से 'संजय विचार मंच' से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। गांधी परिवार के ही दो सदस्य एक दूसरे के सामने थे। एक तरफ प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे तो दूसरी तरफ निर्दलीय मेनका गांधी। लोगों की जनभावनाएं दोनो तरफ थी।

पुराने लोगों का कहना है कि अमेठी की जनता बड़ी दुविधा में थी कि एक तरफ इंदिरा गांधी की हत्या के बाद जनता की सहानभूति राजीव

**अतीत के झरोखे से**

गांधी के साथ थी वहीं दूसरी ओर नन्हें वरुण गांधी को गोद में लिए अमेठी के सांसद रहे संजय गांधी की विधवा पत्नी मेनका गांधी के प्रति आत्मीय लगाव। मेनका गांधी की सभाओं में भीड़ तो उमड़ती थी लेकिन ये भीड़ वोट में तब्दील नहीं हो सकी। इंदिरा गांधी की हत्या से उमड़ी सहानभूति की लहर में अमेठी की जनता ने राजीव गांधी को चुना। मेनका गांधी की जमानत नहीं बच पाई।


राजीव गांधी।


बेटे वरुण के साथ मेनका गांधी।

**31 प्रत्याशी थे चुनावी मैदान में**

1984 के चुनाव में कांग्रेस से राजीव व दूरदर्शी पार्टी से कुंवर ब्रजेश सिंह चुनावी मैदान में थे। जबकि मेनका गांधी सहित 29 उम्मीदवार निर्दलीय थे चुनावी रणभूमि में उतरे थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राजीव व मेनका के बीच ही माना जा रहा था।

# चौका लगाएंगे पाल या मात देगी गठबंधन की चाल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचारः** 2024 के चुनावी पिच पर डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में भाजपा का बल्ला चला तो जगदंबिका पाल का चौका लगना तय है। इस लोकसभा के चुनावी पिच पर अभी तक बसपा और इंडिया गठबंधन कोई खिलाड़ी 2024 के चुनावी मैदान में नहीं उतारा है। इंडिया गठबंधन और बसपा ऐसे चेहरे की तलाश कर ही रही है। जो जगदंबिका पाल जैसे राजनीति के माहिर खिलाड़ी को मात दे सके।

भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में पहली बार उन्होंने 2004 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे परंतु उन्हे हार का मुंह देखना पड़ा था। किंतु वह जनता के बीच लगे रहे और 2009 के चुनाव में 20 साल बाद डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में जगदंबिका पाल ने


जगदंबिका पाल

- **विनय शंकर त्रिपाठी हो सकते हैं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार**

कांग्रेस से जीत दर्ज कराई। इसके बाद 2014 में जगदंबिका पाल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा भाजपा ने उन पर अपना विश्वास जताते हुए 2019 में प्रत्याशी बनाया। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था 2019 का चुनाव काफी रोचक रहा। बसपा प्रत्याशी आफताब आलम ने उस समय गजब का बैटिंग करते हुए मुकाबला किया किंतु उस चुनाव में जगदंबिका पाल ने 105000 मतों से सपा बसपा गठबंधन प्रत्याशी आफताब आलम को हरा दिया । भाजपा ने पुन जगदंबिका पाल पर अपना विश्वास जताते हुए तीसरी बार 2024 के चुनावी पिच पर प्रत्याशी के रूप में उतार दिया है। किंतु अभी तक इंडिया गठबंधन और बसपा प्रत्याशी का दूर-दूर तक कहीं भी नामोनिशान नहीं दिखाई पड़ रहा है। मतदाता की निगाहें इस आस से दोनों प्रत्याशियों के आने की बाट जोह रहे हैं। कि शायद कोई पाल को आउट कर सके।

सपा प्रत्याशी के रूप में ब्राह्मण चेहरा विनय शंकर त्रिपाठी की चर्चा लगातार चल रही है डुमरियागंज संसदीय सीट से पिच पर बैटिंग करने उतरते हैं तो यहां का चुनाव काफी रोचक हो जाएगा। यहां के चुनाव में ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाता की अहम भूमिका जीत के लिए रहती है, और अगर विनय शंकर त्रिपाठी चुनावी समर में उतरते हैं तो लोकसभा डुमरियागंज का चुनाव काफी रोचक हो सकता है।

# पहले जितनी थी गोंडा-बलरामपुर की आबादी, अब उतने एक क्षेत्र में मतदाता

## पांच गुना बढ़े मतदाताओं तक पहुंचना हुआ दुष्कर, प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्म का सहारा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** 1951 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में प्रचार के जो साधन थे अब वे बदल गए। हर घर तक पहुंचने की उम्मीदवारों की ललक भी कम हो गई। संसाधन बदल गए, मानक बदल गए और चुनाव कराने वाली एजेंसी के नियम भी बदल गए। मतदान का तरीका बदल गया। 1951 में मतदाताओं में जो उल्लास था और विश्वसनीयता थी वह भी बदल गई। एक जीप के आने पर गांव के युवा व लड़के पर्चा लूटने तथा बिल्ला मांगने के लिए जुटते थे वह तरीका भी बदल गया। इसका कारण विकास की ओर बढ़ते भारत तथा सुरसा की तरह मुहं फैलाए जनसंख्या है।

1551-52 में जब देश का पहला चुनाव हुआ था तो गोंडा-बलरामपुर की कुल आबादी 18 लाख के करीब थी। और अब दोनों को मिलाकर कुल आबादी 70 लाख से अधिक हो गई है। गोंडा और बलरामपुर लोकसभा के उम्मीदवार का चयन तब करीब 10-12 लाख मतदाता करते थे और 36 लाख से अधिक मतदाता करेंगे।

बात करते हैं 1951 में गोंडा की। गोंडा जिले की कुल आबादी 1877671 थी। इसमें तीन तहसीलें व आठ नगर निकाय शामिल थे। उस वक्त बलरामपुर भी गोंडा जिले का भाग था। तीन तहसीलों में गोंडा तहसील की कुल आबादी 455738, तरबगंज तहसील की आबादी 428824 तथा उतरौला तहसील क्षेत्र की आबादी 901242 थी। इसके अलावा गोंडा नगर पालिका में 32749, कटरा बाजार में 2261, खरगूपुर में 3420, करनैलगंज में 8386, नवाबगंज में 5825, बलरामपुर में 23130, तुलसीपुर में 7338 तथा उतरौला नगर में 8738 लोग निवास करते थे।

1951 में भी गोंडा में दो लोकसभा क्षेत्र था। एक गोंडा तथा दूसरा बलरामपुर। दोनों लोकसभा क्षेत्र की कुल आबादी 18 लाख के करीब थी और 74 साल बाद भी दो ही लोकसभा है जिसकी कुल आबादी 70 लाख से अधिक है। एक लोकसभा क्षेत्र में उस दरम्यान 5 से 7 लाख मतदाता अपना रहनुमा चुनते थे अब 18 लाख से अधिक मतदाता अपने सांसद का चुनाव करते हैं। आबादी के लिहाज से यदि लोकसभा क्षेत्र का पुनर्गठन होता है तो गोंडा और बलरामपुर में तीन लोकसभा क्षेत्र बन सकते हैं।

**गोंडा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाता**

| विधानसभा | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| गोंडा | 352430 | 187839 | 164561 | 30 |
| मेहनौन | 372559 | 200352 | 172196 | 11 |
| मनकापुर | 333968 | 178042 | 155926 | 00 |
| उतरौला | 426913 | 231116 | 195767 | 30 |
| गौरा | 327327 | 176726 | 150593 | 08 |
| कुल | 1813197 | 974075 | 839043 | 79 |
| गोंडा जिले में बढ़े मतदाता – 74 हजार | | विलोपित– | 48 हजार | |

**बलरामपुर-श्रावस्ती**

| विधानसभा क्षेत्र | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| बलरामपुर सदर | 418992 | 227634 | 193383 | 10 |
| तुलसीपुर | 377515 | 203213 | 174283 | 19 |
| गैसड़ी | 360708 | 192889 | 167794 | 25 |
| श्रावस्ती | 421161 | 222338 | 198809 | 14 |
| भिनगा | 393415 | 210270 | 183143 | 2 |
| कुल– | 1971791 | 1056344 | 917412 | 70 |


**परिसीमन में कुछ विधानसभा क्षेत्र जुड़े कुछ कटे**

- 2009 में हुए लोकसभा के परिसीमन में कई लोकसभा क्षेत्रों में बदलाव हो गया। कैसरगंज लोकसभा में बाराबंकी के जो क्षेत्र शामिल थे वे 2009 में हट गए और गोंडा जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र तरबगंज, कटरा बाजार व करनैलगंज को शामिल किया गया। इसी तरह गोंडा लोकसभा में शामिल कटरा बाजार, करनैलगंज को हटा दिया गया और नए नाम से बनी गौरा विधानसभा, उतरौला विधानसभा क्षेत्र के साथ गोंडा, मेहनौन व मनकापुर को शामिल किया गया। बस्ती में जिले की डिक्सर विधानसभा क्षेत्र को हटा कर तरबगंज किया गया और इसे करनैलगंज में शामिल किया गया। ऐसे ही बलरामपुर लोकसभा क्षेत्र का नाम श्रावस्ती कर दिया गया और श्रावस्ती के दो विधानसभा क्षेत्रों के साथ बलरामपुर की तीन विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ दिया गया।

**घर-घर तो दूर अब गांव तक नहीं पहुंच पा रहे उम्मीदवार**

- पहले के आम चुनावों में उम्मीदवार दिन रात चलकर हर मतदाता तक पहुंचने का प्रयास करते थे। 1951 में सड़कें भी नहीं थीं। चकरोड़, लीक के रास्ते धूल उड़ाते जब नेता जी गांव की ओर बढ़ते थे तो गांव के लोग स्वयं एकत्र होकर उनकी बात सुनते थे। लेकिन अब गांव तक पक्की सड़क होने के बावजूद उम्मीदवार गांवों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसलिए नुक्कड़ नाटक, जनसभा तथा सोशल मीडिया या अन्य साधनों से उम्मीवार आम मतदाता तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग ELECTION COMMISSION OF INDIA



**हर बार बदला उम्मीदवार, दल बदलकर ही दोबारा संसद पहुंचे सांसद**

# किसी भी दल ने दोबारा नहीं बनाया अपने सांसद को प्रत्याशी




राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचारः** बहराइच सीट से वर्ष 1952 से वर्ष 2019 तक हुए लोकसभा चुनाव में किसी एक प्रत्याशी को निरंतर दो बार टिकट नहीं मिला है। इसे संयोग ही कहा जायेगा। हालांकि भाजपा के पदम सेन चौधरी और तत्कालीन कांग्रेस नेता आरिफ मोहम्मद खान ने कुछ वर्षों के अंतराल में दो बार जीत दर्ज कर संसद का रुख जरूर किया है।

बहराइच लोकसभा का गठन वर्ष 1952 में हुआ था। गठन के बाद इस बार वर्ष 2024 में 18वा प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। हालांकि इस सीट पर संयोग कहें या किसी पार्टी के पास सक्षम प्रत्याशी न होना कहा जाए तो गलत नहीं होगा। वर्ष 1952 से वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव की बात करें तो बहराइच सीट से लगातार किसी एक प्रत्याशी को किसी भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। तत्कालीन कांग्रेस नेता आरिफ मोहम्मद खान ने वर्ष 1984 और वर्ष 1989 का चुनाव जनता दल के टिकट से लड़ा और चुनाव भी जीता था। लेकिन पार्टी अलग होने के चलते वह रिकार्ड नहीं बना सके। इसके बाद केरल के राज्यपाल

**▸▸ आरिफ ने ही लगातार दो बार दल बदलकर जीती सीट**

**बहराइच में शामिल हैं यह विधानसभा क्षेत्र**

बहराइच सीट में पांच विधान सभा क्षेत्र के मतदाता मतदान करते हैं। इनमें बहराइच, बलहा, मटेरा, नानपारा और महसी विधान सभा के मतदाता मतदान कर सांसद का चुनाव करेंगे।

आरिफ मोहम्मद खान ने वर्ष 1998 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए जीत का परचम फहराया था। इसी तरह भाजपा पार्टी से वर्तमान विधान परिषद सदस्य पदम सेन चौधरी ने वर्ष 1996 और 1999 के चुनाव में जीत दर्ज की थी। इस पर पुनः भाजपा ने वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल का टिकट काटते हुए उनके पुत्र डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में साफ है कि बहराइच सीट से किसी एक पार्टी का प्रत्याशी निरंतर चुनाव नहीं लड़ पाया है।

**मतदाताओं की संख्या एक नजर में (बहराइच)**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 2602762 है। |
| पुरुष मतदाता | 1373392 |
| महिला मतदाता | 1229288 |

**अब तक हुए चुनाव जीते प्रत्याशी**

| | | |
|---|---|---|
| रफी अहमद किदवाई | कांग्रेस | 1952 |
| सरदार जोगेन्द्र सिंह | कांग्रेस | 1957 |
| राजा राम सिंह | स्वतन्त्र पार्टी | 1962 |
| के के नायर | जनसंघ | 1967 |
| पण्डित बदलू राम | कांग्रेस | 1971 |
| ओम प्रकाश त्यागी | जनतापार्टी | 1977 |
| मुजफ्फर हुसैन | कांग्रेस | 1980 |
| आरिफ मो0 खां | कांग्रेस | 1984 |
| आरिफ मो0 खां | जनता दल | 1989 |
| रुद्र सेन चौधरी | भाजपा | 1991 |
| पद्मसेन चौधरी | भाजपा | 1996 |
| आरिफ मो0 खान | बसपा | 1998 |
| पदमसेन चौधरी | भाजपा | 1999 |
| रुबाब सईदा | सपा | 2004 |
| कमल किशोर | कांग्रेस (अजा) | 2009 |
| सावित्रीबाई | भाजपा | 2014 |
| अक्षयवर लाल | भाजपा | 2019 |

# भाजपा का अभेद्य दुर्ग रहा है लखनऊ का पश्चिम विधानसभा क्षेत्र

**पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में वर्ग विशेष के मतदाता अधिक, फिर भी नहीं लग पा रही सेंध** | **भाजपा प्रत्याशी को दोनों पार्टी के प्रत्याशियों से अधिक वोट मिला**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चुनावी महासमर का आगाज हो चुका है और सभी पार्टियों ने अपनी राजनीतिक बिसात बिछा दी है। एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए तैयारी की जा रही है, मगर इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के सामने चुनौती होगी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वोट बैंक में सेंध लगाने की। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में वर्ग विशेष वाली पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को चारो खाने चित कर दिया था।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले अलग ही माहौल बन चुका था। यूपीए के दस वर्षों के शासन को देख चुके मतदाता बदलाव के मूड में थे। साथ ही मोदी लहर भी अपने चरम पर थी। भाजपा नेतृत्व ने प्रधानमंत्री पद के लिए मोदी को चेहरा घोषित कर दिया था। मोदी के



चेहरे के साथ ही भाजपा सत्ता के महासंग्राम में कूदी थी। लखनऊ संसदीय सीट से राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया गया था। लखनऊ संसदीय सीट के तहत पांच विधानसभाएं आती हैं। इसमें कैंट विधानसभा को भाजपा का गढ़ माना जाता है। जबकि पश्चिम विधानसभा सीट पर एक वर्ग विशेष के मतदाता निर्णायक की भूमिका में होते हैं। भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को पश्चिम विधानसभा से 1,01,373, कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को 65,949 और सपा प्रत्याशी अभिषेक मिश्रा को 11,249 मत मिले। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को पश्चिम विधानसभा से 1,15,491, सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा को 61,005 और कांग्रेस प्रत्याशी आचार्य प्रमोद कृष्णम को 47,791 वोट मिले थे। दोनों दलों में कोई भी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के दुर्ग को नहीं भेद सका।

इस बार इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने रविदास मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस मल्होत्रा के पक्ष में जोर-शोर से प्रचार करेगी। चार जून को ही पता चल सकेगा कि सपा-कांग्रेस क्या एकसाथ आने के बाद भाजपा के अभेद दुर्ग पश्चिम विधानसभा में परचम लहरा पाते हैं या नहीं।

**रणनीति** | अंबेडकर नगर सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष के बन रहे आसार, नामांकन से पहले ही बढ़ी सरगर्मी

# बसपा नेताओं के भरोसे भाजपा और सपा की नैया

## मिशन 80 को भेदने के लिए सपा ने बैठाई गणित, बसपा छोड़कर आये नेताओं पर ही सपा व भाजपा का दांव

पदमाकर पाण्डेय,लखनऊ

**अमृत विचारः** भाजपा के लिए मिशन 80 को साधने के तहत उप्र. की अंबेडकर नगर सीट पर भी विजय हासिल करना चुनौती होगी। यहां पुराने और मौजूदा बसपा नेताओं के बीच ही आपस में टक्कर है। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच माना जा रहा है। दरअसल, पिछली बार चुनाव में जीते सांसद रितेश पाण्डेय बसपा छोड़ने के बाद अब भाजपा के टिकट पर यहां से किस्मत अजमा रहे हैं। सपा ने साढ़े तीन दशक से राजनीति में जमे पूर्व बसपा नेता लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं, बसपा ने कलाम शाह को प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद भी भाजपा की राह आसान नहीं मानी जा रही क्योंकि यह सीट मुस्लिम-दलित बाहुल्य है।

ऐसे में अंबेडकर नगर सीट को भाजपा की ओर से ब्राम्हण प्रत्याशी देना, किसी प्रयोग से कम नहीं। वैसे भी क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास बताता है कि यह सीट भाजपा के लिए सहज कभी नहीं रही है। 2014 में यहां पर भाजपा



ने मोदी लहर में जीत दर्ज थी, मगर 2019 में स्थितियां फिर से विपरीत हो गई, जब सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को करीब 96 हजार से अधिक वोटों से पराजित किया था।

रितेश पांडेय की इस जीत में पिता व पूर्व सांसद राकेश पाण्डेय के दबदबे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वो भी बसपा से सांसद रह चुके हैं और वर्तमान में सपा से विधायक हैं। गंभीर सवाल तो यह है कि क्या इस चुनाव में वह अपने पुत्र का समर्थन करेंगे या फिर अपनी पार्टी के उम्मीदवार लाल जी वर्मा का?




दूसरी तरफ लाल जी वर्मा के राजनीतिक व्यक्तित्व की बात की जाये तो, बसपा के लालजी वर्मा व राम अचल राजभर, जमीनी स्तर के नेताओं का जिले में खासा प्रभाव है। इन्होंने दशकों से अपनी राजनीति के बल पर जिले में बसपा को रोपा है। इन्हीं की वजह से लोकसभा सीट व विधानसभा की पांचो सीटें ज्यादातर समय बसपा के कब्जे में रही है, या फिर सपा के पाले में गई है।

मौजूदा समय में ये दोनो ही नेता, सपा का दामन थाम चुके हैं। इनके सपा में जाने के बाद ही 2022 में अंबेडकर नगर अंतर्गत पांचों विधानसभा सीटो पर सपा ने परचम लहराया था। अंबेडकर नगर के पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश त्रिपाठी का दावा है कि भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ही नहीं, उनके पूरे परिवार का क्षेत्र में खासा जनाधार है। वह सपा के मंच से दूर हैं और भाजपा प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं।

अंबेडकरनगर के जलालपुर विधानसभा सीट से सपा विधायक राकेश पाण्डेय बीते दिनों राज्यसभा के चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करने वाले सपा के सात विधायकों में शामिल थे। इसके बाद उन्होंने पुत्र रितेश के समर्थन में प्रचार करना शुरू कर दिया है। चर्चा है कि वह खुद भी भाजपा का दामन थामना चाहते हैं।

लोकसभा चुनाव में मुद्दों को लेकर अमृत विचार ने जनता से बातचीत की तो पाया कि लोग महंगाई, बेरोजगारी, किसान आंदोलन, चुनावी बांड और सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे सवालों को महत्वपूर्ण तो मानते हैं, लेकिन वोट देने के सवाल पर मोदी के मुकाबले दूसरा नेता नहीं होने, राम मंदिर बनने, धारा-370 हटने और विकसित भारत का जिक्र करते हुए प्रदेश में गुंडाराज की जगह कानून का राज स्थापित होने को विमर्श के केंद्र में रख देते हैं। प्रस्तुत है जनता के साथ संवाद में निष्कर्ष का मंथन...



# ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग मुद्दों से भरा भाजपा का बैग

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग और राम मंदिर के साथ विकसित भारत के लिए भाजपा ने अबकी बार, 400 पार का नारा देकर मोदी 3.0 के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जब मैदान में उतरे तो उन्होंने अपने अंदाज में विपक्षी गठबंधन को पहले परिवारवाद के कठघरे में खड़ा किया फिर दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद अभियान को भ्रष्टाचार पर प्रहार में केंद्रित कर दिया। अपने बीते दो कार्यकाल को ट्रेलर बताते हुए यह तक कह दिया कि आगे और बड़े काम होने हैं। इसके मुकाबले विपक्षी इंडिया गठबंधन पटना, मुंबई और दिल्ली में रैलियां करने के बाद भी मुद्दों के लिहाज से अपना चुनावी अभियान पटरी पर नहीं ला पाया है, तो इसकी बड़ी वजह उसके द्वारा उछाले जा रहे सवाल मुद्दे से ज्यादा मोदी विरोध जैसे हैं, यह आकलन संवाद में 45 फीसदी लोगों ने व्यक्त करते हुए साफ कहा कि इसी कारण दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद गठबंधन ने सहानुभूति लेने की कोशिश तक सिमट गया।

### मुद्दे बनाना और उनसे बने माहौल का फायदा उठाना

- लोगों ने साफ कहा कि चुनाव मुद्दों और उनके जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है, भाजपा और उसके नायक मोदी यह बात भलीभांति जानते हैं, जबकि विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ वैसा कोई चुनावी मुद्दा खड़ा नहीं कर पा रहा है, जिसे हथियार बनाकर भाजपा का विजय रथ रोक सके। यही बात 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत नजर आ रही है।

- मंदिर और विकसित भारत के जयघोष के साथ भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री का लगातार करारा प्रहार
- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, चुनावी बांड व एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल के सवालों पर नहीं हलचल

### महंगाई, बेरोजगारी, किसान और चुनावी बांड को नहीं मिल पा रही धार

- तेजी से आगे बढ़ते चुनावी अभियान और बदलती परिस्थितियों में सीएए, समान नागरिक संहिता, किसान आंदोलन, फसलों की एमएसपी जैसे मुद्दे नेपथ्य में जाते दिख रहे हैं और राष्ट्रवाद से प्रेरित कच्चातिवु द्वीप जैसे मुद्दे फाइलों से बाहर आ गए हैं। इसके मुकाबले विपक्षी गठबंधन के हाथ महंगाई, बेरोजगारी, चुनावी बांड, नेताओं के यहां छापे, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे मुद्दों को मुखरता से उठाने में तंग नजर आ रहे हैं।

### कांग्रेस भी गारंटी लाई पर जनता के बीच तक नहीं पहुंच पाई

- भाजपा के अनुसार मोदी की गारंटी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण और हाशिए पर पड़े उन कमजोर लोगों के लिए है, जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है। इसके मुकाबले कांग्रेस ने भी अपनी गारंटी पेश कीं, लेकिन उन्हें जनता के बीच ले जाकर परवान नहीं चढ़ा पा रही है।

### बयानों पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच जनता हुई मगन

- मतदान का वक्त जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, जनता की सीधी जरुरत से जुड़े वास्तविक मुद्दों की जगह पर राजनीतिक दलों के निजी हित से पैदा हुए सियासी मुद्दे हावी होते जा रहे हैं। तमाम दलों और उनके नेताओं की ओर से केवल एक-दूसरे पर बयानों से ही आरोप-प्रत्यारोप किया जा रहा है। जनता क्या चाहती है, आम जनता के सामने वास्तविक समस्याएं क्या है, चुनाव को लेकर जनता के मन में क्या चल रहा है, जैसे सवाल टीवी की बहस और सोशल मीडिया से गायब होते जा रहे हैं।

गाजीपुर में यह पहला चुनाव है जब माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का कोई प्रभाव नहीं हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि उसकी मौत का कितना, कहां और क्या असर होगा। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सपा-बसपा के अलग-अलग लड़ने का फायदा भाजपा को मिलने की संभावना है।


# गुंडाराज का खात्मा बनाम सहानुभूति

विनय जायसवाल, मऊ


**अमृत विचार।** पूर्वांचल की सबसे चर्चित लोकसभा सीटों में गाजीपुर शामिल है। गाजीपुर को 'लहुरी काशी' यानी छोटी काशी भी कहा जाता है। इसकी वजह काशी की तरह गंगा यहां भी उत्तर वाहिनी हैं। इस शहर को तुगलक वंश के सैय्यद मसूद गाजी ने बसाया था। एशिया में सबसे बड़े अफीम के कारखाने के लिए विख्यात इस शहर ने वामपंथी, दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी या दलित उभार, राजनीति की हर धारा को आगे बढ़ाया है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद इस बार यहां चुनाव और धारदार हो गया है। इसकी वजह यह है कि मुख्तार के भाई मौजूदा सांसद अफजाल अंसारी सपा के टिकट पर मैदान में हैं। पिछला चुनाव वह बसपा से जीते थे। भाजपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। शीर्ष नेतृत्व बदली परिस्थितियों के मद्देनजर जिताऊ नाम पर मंथन कर रहा है, जबकि बसपा किसी मजबूत यादव चेहरे की तलाश में है। गाजीपुर में सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है।

### बेटा दावेदार पर चौंका सकते मनोज सिन्हा बृजेश सिंह, अलका राय के भी नाम


गाजीपुर लोकसभा सीट पर अगर अंसारी परिवार का दबदबा है तो भाजपा का भी आधार कम नहीं है। वर्तमान में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की यहां अच्छी पैठ मानी जाती है। वह तीन बार इस सीट से सांसद रहे हैं, हालांकि 2019 में चुनाव हार गए थे। इस बार भाजपा से उनके बेटे अभिनव सिन्हा दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन कहा यह भी जा रहा है कि तेलंगाना की राज्यपाल सौंदर्यराजन की तरह पद से इस्तीफा देकर मनोज सिन्हा भी मैदान में उतर सकते हैं। पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय का नाम भी दावेदारों में लिया जा रहा है, तो सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर यहां से बृजेश सिंह को चुनाव लड़ाने के लिए सीट अपने खाते में मांग रहे हैं।



### 2019 का जनादेश




### 2014 का जनादेश




- वर्तमान सांसद अफजाल अंसारी गाजीपुर से पहली बार 2004 और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे।
- पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा-सपा का गठजोड़ होने से उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मनोज सिन्हा को एक लाख से ज्यादा वोटों से हरा दिया था।

2004 में पहली बार और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे **अफजाल अंसारी**



### गाजीपुर में निकल रहीं टोलियां

- गाजीपुर में अफजाल अंसारी और उनका परिवार क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहा है। उनके समर्थन में मुस्लिम युवाओं के साथ यादव मतदाताओं की टोलियां सुबह ही क्षेत्रों में निकल जाती हैं और लोगों को यह बताने में जुटी हैं कि उनके अपने मुख्तार अंसारी की हत्या हुई है। परिवार का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इसका बदला चुनाव में अफजाल को जिताकर लेना है। अफजाल को उम्मीद है कि मुख्तार की मौत से उपजी सहानुभूति उन्हें जीत दिलाएगी, जबकि भाजपा नेतृत्व यह मानता है कि मोदी की गारंटी, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थी और गुंडाराज खात्मे के साथ अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के दम पर इस कठिन सीट पर भी जीत हासिल करने में दिक्कत नहीं आएगी।

### यहां हर दल को मिलती रही जीत

- गाजीपुर सीट पर सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस सभी दल चुनाव जीत चुके हैं। 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस जीती थी, इसके बाद लगातार दो चुनावों में भाकपा ने लाल झंडा फहराया। 1977 में जनता पार्टी के गौरीशंकर पांडेय जीते। 1980 व 1984 के बाद कांग्रेस यहां जीत दर्ज नहीं कर सकी।
- 1996 में पहली बार इस सीट पर भाजपा के मनोज सिन्हा जीते लेकिन 1998 में सपा के ओमप्रकाश सिंह ने सीट भाजपा से छीन ली, हालांकि भाजपा ने 1999 में पुन: मनोज सिन्हा पर यकीन किया और वह जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इसके बाद लगातार दो चुनावों में सपा का कब्जा रहा।
- 2014 की मोदी लहर में मनोज सिन्हा ने यहां भी कमल खिला दिया। लेकिन 2019 में भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा।

### राजभर व निषाद साथ आने से भाजपा के लिए अनुकूल माहौल

- इस बार चुनाव में सपा के साथ कांग्रेस है तो भाजपा के साथ राजभरों की नुमाइंदगी करने वाले सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और निषाद, बिंद, केवट का प्रतिनिधित्व करने वाले वाली निषाद पार्टी है। यहां राजभर और निषाद मतदाता जिधर जाते हैं उसका पलड़ा भारी हो जाता है। हालांकि यादवों की सर्वाधिक संख्या है इसके बाद दलित, राजभर और मुस्लिम मतदाता हैं।

### पांच में चार विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचों विधान सभाओं में किसी पर भी भाजपा का कब्जा नहीं है। सैदपुर, गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जमनिया विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है जबकि जखनिया सीट पर सुभासपा का विधायक है। 2022 के चुनाव में इस सुभासपा का सपा के साथ गठबंधन था। लेकिन अब वह भाजपा के साथ खड़ी है।



जीतेंगे बाजी

बेंगलुरु नार्थ से भाजपा की उम्मीदवार शोभा कारनदलाजे के कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकारों ने कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया।

# एमपी में उमा भारती घर बैठीं स्मृति ईरानी संभालेंगी मोर्चा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नामांकन में नहीं पहुंची उमा भारती
- विधान सभा चुनाव से नाराजगी, अब मध्य प्रदेश में स्टार प्रचारक भी नहीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की कथित भितरघात का जवाब देने के लिए भाजपा हाई कमान ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को तैयार किया है। वह प्रदेश में उन स्थानों पर जाएंगी जहां उमा के अंर्तविरोध से पार्टी को नुकसान की आशंका है। इसकी शुरुआत स्मृति ने बुधवार को खजुराहो संसदीय क्षेत्र से कर दी। वहां प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नामांकन में जब उमा भारती ने आने में असमर्थता जताई तो दिल्ली से स्मृति ईरानी को पहुंचना पड़ा। उमा भारती खजुराहो से चार बार सांसद रह चुकी हैं। अब भाजपा केंद्रीय कार्यालय ने मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में स्मृति ईरानी का चुनाव कार्यक्रम तैयार कर दिया है। गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में उमा भारती की खामोशी को ध्यान में रखते हुए उनको हाई कमान ने स्टार प्रचारकों की सूची से भी हटा दिया है।



स्मृति ईरानी।



उमा भारती।

### खजुराहों में उमा के वर्चस्व की परीक्षा

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उमा भारती के वर्चस्व की परीक्षा उनके अपने संसदीय क्षेत्र खजुराहो से हो जाएगी। यहां पर भाजपा अच्छी स्थिति में है। पार्टी को पता चला है कि खजुराहो से इंडिया गठबंधन ने ऐन वक्त पर अपना जो प्रत्याशी बदला है उसके पीछे भी उमा भारती की महिला, पिछड़ा वर्ग की राजनीति है। इसी के तहत यह कुप्रचार किया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा की एकमात्र तेजतर्रार महिला नेता (उमा) को किस तरह दरकिनार किया जा रहा है। गठबंधन में मध्य प्रदेश की 29 में खजुराहो सीट सपा को मिली है। सपा ने पहले भोपाल के डा. मनोज यादव को टिकट दिया था। लेकिन दो दिन बाद ही बदलकर बुंदेलखंड निवाड़ी की पूर्व विधायक मीरा यादव को उतार दिया, ताकि यह संदेश लोगों तक पहुंचाया जाए कि विपक्ष ने पिछड़ा वर्ग से महिला को टिकट दिया है। अब पूरे चुनाव को सवर्ण बनाम पिछड़ा वर्ग में बदलने की योजना है। इस क्षेत्र में विधानसभा की सभी सीटें भाजपा के पास है। इसलिए शर्मा का पलड़ा फिलहाल भारी है। पिछली बार भाजपा के मुकाबले कांग्रेस ने राज नगर के पूर्व विधायक नाती राजा की पत्नी कविता सिंह को टिकट दिया था। लेकिन वह भारी अंतर से चुनाव हार गई थीं।

# कांग्रेस के लिए बंजर हो चुकी हमीरपुर सीट, छोड़ी उम्मीद

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कभी हमीरपुर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस की तूती बोलती थी, लेकिन 1989 के बाद असर खत्म हो गया। 1996 में कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे सुनील शास्त्री को चुनावी मैदान उतार कर वापसी की कोशिश की, लेकिन जनता ने नकार दिया। अब तो पार्टी ने मान लिया है कि यहां उसका जनाधार रसातल में पहुंच गया है। यही वजह है कि सपा से गठबंधन में सीट उसी के पास है।

कांग्रेस की विजय यात्रा की शुरुआत 1952 में मन्नूलाल द्विवेदी की जीत से हुई। अगले दो चुनाव भी कांग्रेस के ही खाते में रहे। 1967 में कांग्रेस के मन्नूलाल द्विवेदी चुनाव हार गए। 1971 में स्वामी ब्रह्मानंद चुनाव जीते। आपातकाल की विरोधी लहर का खामियाजा 1977 में कांग्रेस को यहां भी भुगतना पड़ा। लेकिन 1980 में कांग्रेस फिर इस सीट पर काबिज हो गई। 1984 में भी परचम फहराने में कामयाब रही। इसी के बाद से ऐसी फिसली कि वोट प्रतिशत में तेजी के साथ गिरावट आई और चुनाव दर चुनाव में पार्टी चारों खाने चित हो गई। वर्ष 1999 में वोट प्रतिशत घटकर मात्र 1.52 रह गया।

हालांकि 2004 में गंगा चरण राजपूत व 2009 में सिद्ध गोपाल साहू ने अपने दम पर कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ाया। तब गंगा चरण को 18.49 प्रतिशत व सिद्ध गोपाल साहू को 23.93 फीसद वोट मिले। 2014 और 2019 में कांग्रेस से प्रीतम सिंह किसान चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें एक बार 4.05 व 10.66 फीसद वोट ही मिल सके। लगातार पिछले नौ लोकसभा चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। इस दल के ज्यादातर नेता व कार्यकर्ता अपनी निष्ठा बदल कर दूसरे दलों का दामन थाम चुके हैं। ऐसे में पार्टी का संगठन भी कमजोर हो चुका है।

लखनऊ लोकसभा सीट

2019 में भाजपा के राजनाथ सिंह ने सपा प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम को तीन लाख 47 हजार वोटों से हराया था

# मुलायम ने जेल में रखा हाथ, रविदास ने नहीं छोड़ा साथ

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** देश की हॉट सीट में लखनऊ भी एक है। यहां से रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके सामने सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक रविदास मेहरोत्रा हैं। यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है लेकिन सपा उम्मीदवार की स्थानीय स्तर पर पकड़ से इंकार नहीं किया जा सकता है। लखनऊ सीट पर 5वें चरण में चुनाव होना है इसके लिए 20 मई को वोटिंग होगी।

लखनऊ लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से विधायक बने थे। वह कॉलेज के दिनों से राजनीति में सक्रिय हैं। जमीनी संघर्ष वाले नेता माने जाते हैं। उनके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी है। वह 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने का रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं। रविदास खुद कहते हैं कि उन्हें जनता की आवाज उठाने के चक्कर में अक्सर जेल जाना पड़ा। रविदास ने केकेसी विद्यालय से पहली बार छात्रसंघ का चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। उनकी मुलायम सिंह यादव से जेल में मुलाकात हुई। इसके बाद रविदास ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुलायम सिंह यादव का करीबी गिने जाने के कारण सपा सरकार में उन्हें अहम विभाग सौंपे गए थे। पिछले विधानसभा चुनावों में रविदास मेहरोत्रा ने मोदी-योगी लहर के बावजूद लखनऊ मध्य से भाजपा प्रत्याशी को 10 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। वह पहली बार 1989 में जनता दल के टिकट पर लखनऊ पूर्वी से विधायक बने थे। साल 2012 में लखनऊ मध्य से सपा के टिकट पर चुनाव जीता। लेकिन अखिलेश सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद वह 2017 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से हार गए थे। अब अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव का टिकट देकर उन्हें राजनाथ की जीत की हैट्रिक तोड़ने का लक्ष्य सौंपा है।



- 251 बार जेल जा चुके सपा प्रत्याशी विधायक रविदास मेहरोत्रा के सामने राजनाथ का रथ रोकने की चुनौती
- पांच बार अटल बिहारी सांसद रहे, एक बार लालजी टंडन अब 2014 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह

### हैट्रिक मारने से नहीं चूकेंगे राजनाथ सिंह

इस सीट पर साल 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा की जो जीत का झंडा गाड़ा, वह अब तक लहरा रहा है। तब से सपा और कांग्रेस ने कितने ही प्रत्याशियों को लखनऊ से लड़ाया, लेकिन भाजपा इस सीट पर अजेय है। लखनऊ पूर्व पीएम और भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि रहा है। पांच बार अटल बिहारी बाजपेयी यहां से सांसद रहे। एक बार लालजी टंडन और 2014, 2019 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह सांसद हैं। इस बार राजनाथ के लिए मौका जीत की हैट्रिक लगाने का है।

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 3 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया था। लखनऊ की आबादी इस समय 50 लाख गिनी जाती है। 2019 के आंकड़े के अनुसार लखनऊ में कुल 19 .37 लाख वोटर थे। 2024 में लखनऊ जिले में मतदाताओं की संख्या 39 लाख 53 हजार हो गई है। इसमें पुरुष 20 लाख 82 हजार हैं और साढ़े 18 लाख महिला वोटर हैं।

### लखनऊ पश्चिमी और मध्य विधान सभा में बढ़त से सपा को इस बार जीत का भरोसा

- लखनऊ सीट पर पिछले चुनाव में राजनाथ सिंह ने 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए थे, जबकि सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा, जो शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी हैं, को मात्र 2 लाख 85 हजार वोट मिले थे। राजनाथ ने 3 लाख 47 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। पिछले लोकसभा चुनाव में लखनऊ सीट पर लगभग 55 फीसदी वोटिंग हुई थी। यहां तीसरे नंबर पर कांग्रेस रही थी, जिसके आचार्य प्रमोद कृष्णम को 1 लाख 80 हजार 11 वोट मिले थे।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,876.82 | 22,434.65 |
| नुकसान | 27.09 | 18.65 |
| प्रतिशत में | 0.04 | 0.08 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 890।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# नई सरकार वाणिज्य नियमों को करे आसान

## पहले 100 दिन के लिए जीटीआरआई ने दी सलाह, निर्यात को बढ़ावा देने पर दे ध्यान

नई दिल्ली, एजेंसी



ई-वाणिज्य नियमों को आसान करने, शुल्क वापसी योजना का नकद वितरण, एक राष्ट्रीय व्यापार तंत्र की स्थापना और भारत के व्यापार समझौतों की प्रभावशीलता पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करना नई सरकार के 100 दिन का एजेंडा होना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि प्रमुख फलों और सब्जियों के उत्पादों के लिए तंत्र का पता लगाने के वास्ते ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का सुझाव दिया गया है।

ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी एक उन्नत डेटाबेस तंत्र है जो एक व्यावसायिक नेटवर्क के भीतर पारदर्शी जानकारी साझा करने की अनुमति देता है। रिपोर्ट में विशेष आर्थिक क्षेत्रों को छूट के आधार पर घरेलू बाजार में सामान बेचने की अनुमति देना और दवा सामग्री, सौर सेल, ईवी बैटरी और मोबाइल फोन घटकों जैसे महत्वपूर्ण आयात के लिए चीन पर निर्भरता को कम करने आदि का भी सुझाव दिया गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा-पहले 100 दिन (एक नई सरकार के लिए) शासन और नीति की दिशा निर्धारित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं...। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होगा और मतों की गिनती चार जून को की जाएगी। चुनाव सात चरण में होने हैं।

शोध संस्थान ने यूरोपीय जलवायु विनियमन के प्रतिकूल प्रभावों का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने; गठबंधन बनाने, डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) में बेहतर परिणामों के लिए साझेदारी को मजबूत करने; डब्ल्यूटीओ कानून कितने भेदभावपूर्ण हैं और उनमें बदलाव की जरूरत है इस बात पर प्रकाश डालने और विनिर्माण योजनाओं में प्रोत्साहनों का मानकीकरण करने आदि के सुझाव दिए। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि राष्ट्रीय व्यापार तंत्र (एनटीएन) सभी आवश्यक दस्तावेजों तथा सूचनाओं को ऑनलाइन जमा करने को केंद्रीकृत करने के अलावा, सीमा शुल्क, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), शिपिंग कंपनियों, बंदरगाह और बैंक के साथ अलग-अलग बातचीत की आवश्यकता को समाप्त करने के अलावा सभी निर्यात-आयात संबंधी अनुपालन को ऑनलाइन सक्षम करने में मदद करेगा। श्रीवास्तव ने एनटीएन की वकालत करते हुए कहा कि विशिष्ट विभागों पर केंद्रित मौजूदा प्रणालियां तेजी से विकसित नहीं होती और व्यापक प्रक्रियाओं को भी कुशलतापूर्वक नहीं संभाल पाती। उन्होंने कहा है कि नई व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत तैयार एनटीएन भारत के लिए आवश्यक है।

## दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन बढ़ाकर 6 जून की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन आगे बढ़ाकर 6 जून कर दी है। आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस में बुधवार को इस संदर्भ में संशोधन किये गये। विभाग ने बोलीदाताओं के लिए नकदी को सुगम बनाने के लिए बैंक गारंटी और बयाना राशि जमा की गारंटी भी कम कर दी है। नोटिस संशोधन के अनुसार, लोकसभा परिणामों की घोषणा के बाद लाइव नीलामी की शुरुआत की नई तारीख 20 मई से बदलकर 6 जून कर दी गई है। परीक्षण के तौर पर नीलामी अब 13 और 14 मई के बजाय 3 जून को होगी। सरकार मोबाइल सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। विभाग ने पश्चिम बंगाल सर्किल में 900 मेगाहट्र्ज बैंड में नीलामी के लिए ब्लॉक की संख्या भी घटाकर 44 कर दी है।

# सरकार ने 1,000 टन काला नमक चावल के निर्यात पर शुल्क हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- अभी तक निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था
- काला नमक गैर-बासमती चावल की है एक किस्म



सरकार ने छह निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल की किस्म के निर्यात पर शुल्क हटा दिया है। अभी तक काला नमक चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, चावल की इस किस्म के 1,000 टन तक के निर्यात पर शुल्क छूट बुधवार से प्रभावी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मंगलवार को निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। काला नमक गैर-बासमती चावल की एक किस्म है, जिसके निर्यात पर पहले प्रतिबंध था। चावल की इस किस्म के निर्यात को छह सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से अनुमति दी गई है। ये केंद्र वाराणसी एयर कार्गो; जेएनसीएच (जवाहरलाल नेहरू कस्टम्स हाउस), महाराष्ट्र; सीएच (कस्टम हाउस) कांडला, गुजरात; एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) नेपालगंज रोड; एलसीएस सोनौली; एवं एलसीएस बरहनी हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 78,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 70,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52,900-53,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 68,800 |
| चांदी आभूषण | 76,800। |

# फोर्ब्स की सूची में मुकेश अंबानी दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

- गौतम अडाणी वैश्विक सूची में 17वें स्थान पर पहुंचे



रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के प्रमुख मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। 'फोर्ब्स' की दुनिया के अरबपतियों की सूची में अंबानी शीर्ष 10 में आ गए हैं। वह दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में फैला हुआ है।

फोर्ब्स के अनुसार, अंबानी (66) की संपत्तियां 116 अरब डॉलर की हैं। इससे पिछले साल यानी 2023 में उनकी संपत्तियों का मूल्य 83.4 अरब डॉलर था। गौतम अडाणी दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं और वैश्विक सूची में 17वें स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति 84 अरब डॉलर है। 2023 में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट जारी होने के बाद एक समय उनकी संपत्ति 2022 के 90 अरब डॉलर से घटकर 47.2 अरब डॉलर रह गई थी। अडाणी समूह ने हालांकि सभी आरोपों का खंडन किया था।

## सोना तेजी के साथ 69,200 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह दूसरा मौका है जब इस सप्ताह सोने के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

# भारत जल्द ही बनाएगा अपना पहला वाणिज्यिक कच्चा तेल रणनीतिक भंडारण

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई का किया गठन



दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत जल्द ही कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए निर्माण शामिल हैं।

## राष्ट्रीय

### वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान भाजपा पर भड़के राहुल गांधी

# संविधान को नष्ट करने का प्रयास कर रही आरएसएस

वायनाड (केरल), एजेंसी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और एक विशाल रोड शो कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को 'नष्ट करने की कोशिश' का आरोप लगाया।

राहुल गांधी सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों समेत लोगों की भारी भीड़ को संबोधित किया। अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी रिटर्निंग अधिकारी भी हैं।




राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ वायनाड जिले में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक रोड शो निकाला। ● एजेंसी

### मल्लिकार्जुन खरगे ने की घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है।

## अकाली नेता की आईएएस बहू ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता सिकंदर सिंह मलूका की पुत्र-वधू और पंजाब कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच अपना इस्तीफा दिया है। परमपाल 2011 बैच की आईएएस अधिकारी थीं। वह इस साल अक्टूबर में सेवानिवृत्त होने वाली थीं। ऐसी अटकलें हैं कि परमपाल भाजपा के टिकट पर बठिंडा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। मलूका अकाली दल के वरिष्ठ नेता हैं और अकाली सरकार में शिक्षा मंत्री का पद भी संभाल चुके हैं। सिद्धू वर्तमान में पंजाब राज्य औद्योगिक निगम की प्रबंध निदेशक थीं।

# भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता और मुक्केबाज विजेंदर सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- ओलंपिक पदक विजेता ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना

मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह, बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। अप्रैल 2019 में कांग्रेस में शामिल होकर राजनीति में कदम रखने वाले सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व के कारण विदेशों में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है।

पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दक्षिण दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में विजेंदर सिंह ने केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



पार्टी में शामिल होने पर विजेंदर सिंह का रामवीर सिंह बिधूड़ी ने स्वागत किया।

भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने दावा कि जब खिलाड़ियों को हित की बात सामने आएगी तो वह 'पहले वाला विजेन्दर' ही रहेंगे और गलत को गलत तथा सही को सही कहेंगे। उन्होंने कहा, आज भाजपा में शामिल हुआ हूं। एक तरह से घर वापसी हो रही है। 2019 में चुनाव लड़ा था।

## एक नजर

### भाजपा नेता सुशील कुमार ने कैंसर से पीड़ित होने की दी जानकारी

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बताया कि उन्हें छह माह पहले ही कैंसर से पीड़ित होने की बात पता चली है और वह पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे। सुशील मोदी (72) को भाजपा ने राज्य के लिए अपने स्टार प्रचारकों में शामिल किया था और अपनी चुनाव घोषणापत्र समिति का सदस्य नियुक्त किया था। सुशील मोदी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा, ''मैं पिछले छह महीने से कैंसर से जूझ रहा हूं। मुझे लगता है कि अब लोगों को यह जानकारी देने का वक्त आ गया है। मैं लोकसभा चुनाव के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा।

### ओडिशा के मल्कानगिरि में विस्फोटक जब्त

**मल्कानगिरि।** ओडिशा के मल्कानगिरि जिले में बुधवार को भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ से लगी राज्य की सीमा पर कालीमेला थानांतर्गत दयालतुंग गांव में एक जंगल के निकट 12 बारूदी सुरंग और जिलेटिन की 190 छड़ बरामद कीं हैं।

# न्यायालय ने अजित पवार नीत राकांपा से जारी विज्ञापनों का मांगा ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

**घड़ी चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला**



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से उसके आदेश के अनुपालन के तहत समाचार पत्रों में डिस्क्लेमर (दावा अस्वीकरण) के साथ जारी किए गए विज्ञापनों का ब्योरा देने को कहा। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में राकांपा (अजित पवार गुट) को इस 'डिस्क्लेमर' के साथ प्रचार करने का निर्देश दिया था कि पार्टी को 'घड़ी' चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़े की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से जारी विज्ञापनों का विवरण देने को कहा। दरअसल, शरद पवार गुट ने आरोप लगाया था कि अजित पवार गुट अदालत के 19 मार्च के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-रोहतगी, आप इस संबंध में (अपने मुवक्किल से) जानकारी हासिल कीजिए कि इस आदेश के बाद कितने विज्ञापन जारी हुए। यदि वह (अजित पवार) इस प्रकार का बर्ताव कर रहे हैं तो हमें इस पर फैसला करना पड़ेगा। किसी को भी जानबूझकर हमारे आदेश का गलत मतलब निकालने का अधिकार नहीं है। शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 19 मार्च को इस अदालत ने तर्कों के साथ एक आदेश पारित किया था, जिसमें उनसे (अजित पवार धड़े से) अखबारों में यह विज्ञापन जारी करने को कहा गया था कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटन का मामला अदालत में विचाराधीन है और उन्हें इस चिह्न के इस्तेमाल की अनुमति इस आधार पर दी गई है कि यह शीर्ष अदालत के अंतिम फैसले के अधीन होगा। सिंघवी ने कहा-अब, उन्होंने निर्देश का अनुपालन नहीं किया है और उनके द्वारा बिना 'डिस्क्लेमर' के विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने इस अदालत के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया है, जिसमें इस आदेश में छूट दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

# बिना समय गंवाए जांच एनआईए को सौंपने का आदेश

कोलकाता, एजेंसी

**दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा का मामला**

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उत्तरी दिनाजपुर जिले के दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार से एकल पीठ के आदेश का पालन करने को कहा।

एकल पीठ ने दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा की घटना में दो युवकों की मौत और अन्य के घायल होने की घटना की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का निर्देश दिया था।

मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने एनआईए को जांच स्थानांतरित करने को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए एकल पीठ के आदेश पर कोई अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने राज्य को बिना समय बर्बाद किए जांच एनआईए को स्थानांतरित करने के एकल पीठ के आदेश को लागू करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि राज्य की अपील पर फैसले के अनुरूप इसका क्रियान्वयन होगा।

# धनखड़ ने 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सदस्यता की दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार श्री धनखड़ ने राज्यसभा में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में इन सदस्यों को शपथ दिलायी। शपथ लेने वालों में बिहार से भाजपा की धर्मशीला गुप्ता, बिहार से ही राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और संजय यादव , गुजरात से भाजपा के गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, हरियाणा से भाजपा के सुभाष चंद्र बराला, हिमाचल से भाजपा के हर्ष महाजन, कर्नाटक से कांग्रेस के जी सी चंद्रशेखर, एमपी से डॉ. एल मुरूगन, एमपी से कांग्रेस के अशोक सिंह, महाराष्ट्र से कांग्रेस के चंद्रकांत हंडोरे,महाराष्ट्र से ही भाजपा की मेधा विश्राम कुलकर्णी और यूपी से भाजपा की साधना सिंह शामिल हैं।

## बीजापुर में करीब 12 घंटे तक चली मुठभेड़ में 13 नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के घने जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच लगभग 12 घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों समेत 13 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों की इस सफलता के लिए सराहना करते हुए, इसे राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में मिली सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने मंगलवार को 10 नक्सलियों के शव बरामद किए थे।

# इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार और परिवार बचाओं गठबंधन: नड्डा

झालावाड़ (राजस्थान), एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजस्थान की जनसभा में लगाया आरोप



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार बचाओं और परिवार एवं पार्टी बचाओं गठबंधन करार देते हुए आरोप लगाया है कि इसके नेताओं को देश से कोई लेना देना नहीं हैं और ये केवल परिवार एवं पार्टी बचाने में लगे है, इससे ज्यादा कुछ नहीं हैं जबकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे ले जाने में लगी है।

नड्डा बुधवार को यहां लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन दो ही चीजों का गठबंधन हैं, एक तो भ्रष्टाचार बचाओं और दूसरा परिवार एवं पार्टी बचाओं गठबंधन। उन्होंने कहा कि इसमें परिवार की पार्टियां जिसमें अध्यक्ष, पार्लियामेंटरी बोर्ड, जनरल सेक्रटरी आदि में परिवार के लोग और यह गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन हैं। उन्होंने कहा कि इसके नेताओं ने ऐसी कोई जगह नहीं छोड़ी जहां घोटाला और भ्रष्टाचार नहीं किया हो। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के द्वारा शराब घोटाला करने सहित कई नेताओं द्वारा घोटाला करने का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता सोनियां गांधी एवं राहुल गांधी बेल पर हैं, केजरीवाल जेल में हैं और गठबंधन के आधे नेता जेल में हैं और आधे नेता बेल पर हैं।

## स्वतंत्र, शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराएं अधिकारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को यहां राज्यों और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में लोकसभा चुनावों और कुछ राज्यों की विधान सभा के चुनावों की इस समय चल रही प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए। आयोग ने बैठक के बाद कहा कि सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों और केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों को शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त आम चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी भाग लिया। कुमार ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 03 | 06 |

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

अहमदाबाद, एजेंसी

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में। दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं। राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से रौंदा

## सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी ने जड़े अर्धशतक, कोलकाता के वैभव व वरुण ने तीन-तीन विकेट झटके



सुनील नरेन

विशाखापटनम, एजेंसी

सुनील नरेन के 85 रन और अंगकृष रघुवंशी की 54 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से हरा दिया है।

273 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिल्टस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में पृथ्वी शॉ 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद मिचेल मार्श और अभिषेक पोरेल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय कप्तान ऋषभ पंत और डेविड वॉर्नर के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। वॉर्नर 13 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। ऋषभ पंत ने 25 गेंदों में पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से 55 रनों की पारी खेली। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने 32 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 54 रन बनाये। अक्षर पटेल खाता भी नहीं खोल सके। सुमित कुमार सात रन, रसिख सलाम एक रन और एनरिक नॉर्टजे चार रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ढ़ेर हो गई। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी हार है। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा ने तीन-तीन विकेट लिये। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। सुनील नरेन और आंद्रे रसल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 273 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में कोलकता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।

- **दिल्ली कैपिटल्स की ओर से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 55 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 54 रनों की पारी खेली**

बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता के लिए फिल सॉल्ट और सुनील नरेन की सलाम जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नॉर्टजे ने फिल सॉल्ट को 18 रन पर आउट कर कोलकाता को पहला झटका दिया। इसके बाद आईपीएल में पर्दापण कर रहे अंगकृष रघुवंशी ने सुनील नरेन के साथ दूसरे विकेट के 104 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी करते हुए 27 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाते हुए अपना पहला अर्धशतक लगाया। वहीं सुनील नरेन ने 39 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 85 रन ठोक डाले। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। आंद्रे रसल ने 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की सहायता से 41 रन बनाये। रिंकू सिंह ने आठ गेंदों में तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 26 रन ठोके। रमनदीप सिंह दो रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर पांच रन और मिचेल स्टार्क एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 272 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। खेल के दौरान दिल्ली को धीमे ओवर रेट के कारण और एक अतिरिक्त फील्डर दायरे अंदर करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने तीन विकेट लिये। इशांत शर्मा ने दो विकेट लिये। खलील अहमद और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट मिला।

### कोलकाता 272/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट का स्टब्स बो नॉर्किया | 18 | 12 | 4/0 |
| सुनील नरेन का पंत बो मार्श | 85 | 39 | 7/7 |
| अंगकृष रघुवंशी का शर्मा बो नॉर्किया | 54 | 27 | 5/3 |
| आंद्रे रसेल बो शर्मा | 41 | 19 | 4/3 |
| श्रेयस अय्यर का स्टब्स बो अहमद | 18 | 11 | 0/2 |
| रिंकू सिंह का वॉर्नर बो नॉर्किया | 26 | 08 | 1/3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 05 | 02 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह का साव बो शर्मा | 02 | 02 | 0/0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-43-1, इशांत 3-0-43-2, नॉर्टजे 4-0-59-3, रसिख 3-0-47-0, सुमित 2-0-19-0, अक्षर 1-0-18-0, मिचेल 3-0-37-1

### दिल्ली 166/10

17 .2 ओवर, अतिरिक्त : 16

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर बो स्टार्क | 18 | 13 | 2/1 |
| पृथ्वी शॉ का चक्रवर्ती बो वैभव | 10 | 07 | 2/0 |
| मिशेल मार्श का रमनदीप बो स्टार्क | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल का नरेन बो वैभव | 00 | 05 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 55 | 25 | 4/5 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का स्टार्क बो चक्रवर्ती | 54 | 32 | 4/4 |
| अक्षर पटेल का मनीष बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0/0 |
| सुमित कुमार का मनीष बो नरेन | 07 | 06 | 0/1 |
| रशिक धर सलाम का सॉल्ट बो वैभव | 01 | 05 | 0/0 |
| एनरिक नॉर्टजे का श्रेयस बो रसेल | 04 | 06 | 0/0 |
| ईशांत शर्मा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मिशेल स्टार्क 3-0-25-2, वैभव अरोड़ा 4-0-27-3, आंद्रे रसेल 1.2-0-14-1, सुनील नरेन 4-0-29-1, वरूण चक्रवर्ती 4-0-33-3, वेंकटेश अय्यर 1-0-28-0

## खेल डायरी

### बेंगलुरु मैराथन में दौड़ेंगे 96 वर्ष के दत्तात्रेय

**बेंगलुरु।** 96 वर्ष के एन एस दत्तात्रेय 28 अप्रैल को यहां होने वाली टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु 2024 मैराथन में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज धावक होंगे। वह पहले भी इस रेस में हिस्सा ले चुके हैं। पांच साल पहले लंबी दौड़ में पदार्पण करने वाले दत्तात्रेय कई मैराथन और वॉकाथन में प्रतिभागी रह चुके हैं। उन्होंने कहा, ''पहली मैराथन के बाद ही मुझे लगा कि मैं इसमें जारी रख सकता हूं। मैंने फिट रहने के लिये शुरूआत की थी और जल्दी ही यह मेरे जीवन का हिस्सा बन गया। अगर आपके पास अपार दौलत है लेकिन आप उसे भोग नहीं सकते तो क्या फायदा। स्वास्थ्य बहुत जरूरी है, पैसा नहीं।''

### रोनाल्डो की सऊदी अरब में एक और हैट्रिक

**आभा (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में अपनी दूसरी हैट्रिक लगाई जिसकी मदद से अल नासर ने सऊदी प्रो लीग में आभा को 8-0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो ने पहले हाफ में तीन गोल किए और दो गोल करने में मदद की। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत सऊदी अरब में नौ बार के चैंपियन अल नासर ने बड़ी जीत हासिल की। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की लीग के वर्तमान सत्र में यह तीसरी हैट्रिक है। उन्होंने शनिवार को अल नासर की अल ताई पर 5-1 से जीत के दौरान भी हैट्रिक बनाई थी। वह अभी तक लीग में 29 गोल कर चुके हैं और इस मामले में शीर्ष पर काबिज हैं। अल नासर लीग की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर के खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी। अनमोल को इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में कजाकिस्तान की कामिला स्मगुलोवा से वॉकओवर मिला।

### टी20 शृंखला में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 शृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे।

### अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कथित उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म की

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को कहा कि उसने एक पुरूष कर्मचारी द्वारा महिला कर्मचारी के उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म कर दी है क्योंकि कथित पीड़िता और दूसरा पक्ष मामले को आगे नहीं बढाना चाहते थे। पिछले सप्ताह एआईएफएफ मुख्यालय की एक महिला कर्मचारी ने पुरूष सहकर्मी द्वारा उत्पीड़न की मौखिक शिकायत की थी लेकिन कोई औपचारिक आरोप नहीं लगाया था। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि आंतरिक शिकायत समिति जांच आगे बढाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि कथित पीड़िता और अन्य पक्ष मामले को आगे खींचना नहीं चाहते लिहाजा जांच खत्म की जाती है।

## निकहत, लवलीना समेत अन्य मुक्केबाज तुर्की में लेंगे प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले विश्व चैंपियन निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन समेत भारतीय मुक्केबाज तुर्की में विशेष शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉपस) के तहत तुर्की में प्रशिक्षण शिविर में निकहत और लवलीना के साथ शामिल होंगी। मुक्केबाजों को दो कोच और एक फिज़ियो भी उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निकहत और लवलीना ने पिछले वर्ष एशियन गेम्स 2023 में आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए मुक्केबाजी में भारत के लिए कोटा हासिल किया था।

## चोटिल शिवम मावी आईपीएल से हुए बाहर

बेंगलुरु, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एचएसजी) के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोटिल होने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट में यह नहीं बताया कि चोट कहां लगी है। उन्होंने कहा, “मैं टूर्नामेंट को बहुत याद करूंगा। मैं यहां पर चोट के बाद आया था और सोचा था कि अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से चोटिल होने की वजह से मुझे टूर्नामेंट छोड़ना होगा।”



उन्होंने कहा, “क्रिकेटर को इसके लिए मानसिक तौर पर मजबूत होना पड़ता है। अगर आपको चोट लगी है तो आपको यह देखने की जरूरत है कि वापसी के लिए क्या किया जा सकता है, आपको किन चीजो का ख्याल रखना है।” उन्होंने कहा, “हमारी बहुत अच्छी टीम है, मैं टीम के लिए बाहर से चीयर करूंगा और उम्मीद है कि हम जीतेंगे।” एलएसजी ने मावी की जगह किसी अन्य का चयन नहीं किया है। टीम के पास अभी मैट हेनरी, शमार जोसेफ, मोहसिन खान, मयंक यादव, यश ठाकुर, अरशद खान और युद्धवीर सिंह जैसे तेज गेंदबाज हैं।

## मुस्तफिजुर रहमान का सनराइजर्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**नयी दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान टी-20 विश्वकप से पहले वीजा लेने के संबंध में स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में उनका शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर्स और अधिक गति से सीएसके के आक्रमण को धार दी है। वह तीन मैचों में 15.14 की औसत और 8.83 की इकॉनमी से सात विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। सीएसके के लिए शुरुआत करते हुए सात में से चार विकेट उनके 10 गेंद के भीतर आए है। यह कारनामा उन्होंने 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में किया था।

## श्रीलंका ने दूसरा टेस्ट जीत क्लीन स्वीप किया

चट्टोग्राम (बांग्लादेश), एजेंसी

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा।

श्रीलंका ने इससे पहले टी20 शृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे शृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए थे।

- **श्रीलंका ने इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टी20 शृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी**




## आलिया भट्ट के लिए कंगना रनौत के खिलाफ क्यों खड़े हो गए थे रणदीप हुड्डा?

**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा की गिनती उन एक्टर्स में होती है जो बेबाकी से अपनी बात रखते हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि उनके बयान से किसी को क्या फर्क पड़ने वाला है। वह हमेशा सही के साथ खड़े रहना पसंद करते हैं। साल 2019 में वह आलिया भट्ट का सपोर्ट करने के लिए कंगना रनौत के खिलाफ खड़े हो गए थे। आलिया और रणदीप ने एक साथ फिल्म 'हाईवे' में काम किया था। कंगना ने आलिया को मीडियोकर एक्टर बताया था, उस वक्त के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा है कि आलिया को बेवजह टारगेट किया गया था। सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में रणदीप ने आलिया के साथ अपने बॉन्ड के बारे में बात की। कंगना की बात पर आलिया को सपोर्ट करने को लेकर भी उन्होंने बताया। रणदीप ने कहा, “हाईवे के वक्त मेरा आलिया के साथ एक सच्चा रिश्ता बन गया था। मुझे नहीं पता कि आलिया की तरफ से भी ऐसा था या नहीं। वो उसकी मर्जी है। मैं सिर्फ अपनी बात कहूंगा। मैंने देखा है उसे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हुए। मैं दिल से उसके साथ खड़ा था क्योंकि उसे बिना वजह टारगेट किया जा रहा था।” कंगना के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा, “अपने साथी कलाकारों या अपने साथ काम करने वालों या अपनी बिरादरी को उन चीज़ों पर निशाना बनाना जो आपको लगता है कि आपको नहीं मिलीं, भले ही मुझे लगता है कि आपको इस इंडस्ट्री से बहुत कुछ मिला है, यह बिल्कुल अशोभनीय है। मुझे लगा कि मुझे यह करना चाहिए और मैंने यह किया।”





## जब प्रोड्यूसर बोला- 'तेरे ऊपर कोई पैसा नहीं लगाएगा'

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के एक्टर विक्रांत मैसी को विधु चोपड़ा के निर्देशन में बनी 12वी फेल से एक्टर को अलग ही पहचान मिली है। उन्हें फिल्मफेयर 2024 का बेस्ट एक्टर क्रिटिक्स अवार्ड मिला। विक्रांत मैसी आज 3 अप्रैल को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर हम आपको एक्टर के स्ट्रगल के दिनों का एक किस्सा बताने जा रहे हैं, जो शायद ही आपको बता होगा। एक्टर ने अपने 17 साल के करियर में टीवी सीरियल्स से बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया। हालांकि एक्टर को उनके करियर के शुरूआती दिनों में प्रोड्यूसर कास्ट नहीं करते थे। विक्रांत मैसी ने अपने एक इंटरव्यू में स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कहा था कि “बहुत से ऐसे प्रोड्यूसर हैं, जिनके पास जब मैं काम मांगने जाता था तो वह कहते थे कि अगर वो फिल्म में होंगे तो कोई पैसा नहीं लगाएगा। मुझे पता है कि तू ये करेगा तो बहुत अच्छा करेगा लेकिन जब मैं तेरा नाम आगे पुश करूंगा न तो कोई पैसा नहीं लगाएगा।” एक्टर ने आगे कहा कि “जब फिल्मों में काम करना शुरू किया, सब लोग फर्राटेदार अंग्रेजी में बात कर रहे होते थे और तब अंग्रेजी में मेरा हाथ काफी तंग था। टीवी एक्टर को फिल्म वाले बहुत जलील करते हैं।”

## तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने, लाल जोड़े में नाचती दिखीं

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बीते काफी समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड बॉयफ्रेंड मैथियास के साथ परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी कर ली है। हालांकि शादी की कोई फोटोज सामने नहीं आई हैं। वहीं एक्ट्रेस ने भी इस पर अभी तर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अब हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जो तापसी की शादी का बताया जा रहा है। हालांकि, वीडियो को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक्ट्रेस दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। एंट्री के दौरान एक्ट्रेस डांस करती हुई दिखाई दे रहीं हैं। वहीं मैथियास स्टेज पर उनका इंतजार करते नजर आ रहे हैं। तापसी दुल्हन के लुक में काफी प्यारी लग रही हैं। एक्ट्रेस ने लहंगा-साड़ी छोड़ अनारकली सूट पहना है। उन्होंने सुर्ख लाल जोड़ा पहना, जिसे लाल चूड़ा, सुनहरे कलीरे और ब्लैक सनग्लासेस के साथ स्टाइलिश टच दिया है। एक्ट्रेस जीत सिंह और चित्रा सिंह के गाने 'कोठे ते आ माहिया' पर डांस करते हुए आती हैं और फिर पहले तो वह दूल्हा बने मैथियास को गले लगाती और फिर जयमाला पहनाती हैं। इसके तापसी और मैथियास एक-दूजे संग जमकर ठुमके लगाते हैं। वीडियो के आखिरी शॉट में मैथियास को फूलों से सजी साइकिल पर बैठे दिखाया गया है। एक्ट्रेस ने पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी की है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# बीएड डिग्री धारकों के अयोग्य फैसले पर सोमवार को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

- कोर्ट ने केंद्र सरकार से देशभर में प्राइमरी शिक्षकों के रिक्त पदों के मांगे आंकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारकों को अयोग्य मानने के फैसले में संशोधन की मांग पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई होगी।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन और अन्य कई याचिकाकर्ताओं ने अर्जी दाखिल कर मांग की है। कोर्ट के समक्ष विचार का मुख्य मुद्दा यह है कि पिछले वर्ष 11 अगस्त को दिया गया फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा या बाद से। याचिका में यह भी कहा गया है कि, कोर्ट के फैसले के बाद बीएड डिग्री धारक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का क्या होगा। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद देश भर में



बीएड डिग्री धारक प्राइमरी शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है और उनकी नौकरी जाने की नौबत है। बुधवार को कोर्ट ने मामले की सुनवाई सोमवार तक टालते हुए केंद्र सरकार को निर्देश दिए है कि, सभी राज्यों के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के कुल खाली पदों और ब्रिज कोर्स के आंकड़े कोर्ट में पेश करें। इस बीच उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन भी अर्जी दाखिल कर शिक्षामित्रों को भी नियमित किए जाने की मांग की है। कहा कि कोर्ट उनके मामले पर भी विचार करे।

बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को देवेश शर्मा मामले में दिए फैसले में कहा था कि प्राथमिक शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारक योग्य नहीं हैं। कोर्ट ने माना था कि बीटीसी और डीएलईडी ही इसके योग्य हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी व्यवस्था देने वाले राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया था और हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिकाएं खारिज कर दीं थीं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देशव्यापी असर हुआ है और बीएड डिग्री धारक प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है।

## व्हाट्सएप-इंस्टाग्राम के सर्वर डाउन परेशान हुए लोग

नई दिल्ली। मेटा के सर्वर में तकनीकी दिक्कतों के चलते व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम यूजर्स को बुधवार देर रात काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया एक्स पर व्हाट्सएप डाउन और इंस्टाग्राम डाउन ट्रेंड करने लगे। यूजर्स को अपने अकाउंट को लॉगइन करने में काफी परेशानी हो रही थी।


दुनिया भर में आ रही दिक्कतों पर व्हाट्सएप ने कहा कि हम जानते हैं कि कुछ लोग अभी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हम परेशानी दूर करने के लिए काम कर रहे हैं। जल्द से जल्द हम इसे सही कर देंगे, जिससे लोगों को आ रही समस्या से निजात मिल सके। डाउनडिटेक्टर ने व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम का उपयोग करने का प्रयास करते समय समस्या की रिपोर्ट करने वाले उपयोगकर्ताओं में वृद्धि देखी है।

# चुनाव में डीपफेक से लड़ने को प्लेटफॉर्म नए टूल व नीति ला रहे


*इस साल भारत समेत दुनिया के 50 फीसदी से भी अधिक लोग मतदान करने वाले हैं। हालांकि एआई और डीपफेक जैसी चुनौती के आने के बाद चुनाव सुचारू रूप से करा पाना सभी देशों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। हालिया समय में चुनाव प्रचार में एआई डीपफेक का इस्तेमाल कर सिंथेटिक इमेज, डीपफेक ऑडियो और वीडियो बनाना काफी सस्ता और आसान हो गया है। इसी कारण अमेरिका सहित दुनिया भर के उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का व्यापक रूप से उपयोग और दुरुपयोग किया जा रहा है।*

### गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना सबसे बड़ी समस्या

एआई जनरेटेड गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना बड़ी समस्या बन रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह तकनीक भारत समेत बाकी देशों के लोकतंत्र को कमजोर कर सकते हैं। चुनाव में डीपफेक और एआई जनरेटेड सामग्री पर लगाम लगने के लिए भारत और अमेरिका में बड़ी तैयारियां की जा रही हैं। ओपनएआई और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने ऐसे खतरों से निपटने के लिए नितिगत बदलाव किए हैं। चैट जीपीटी के स्वामित्व वाली ओपन एआई 'वॉयस इंजन' के साथ डीपफेक से लड़ेगा। वॉयस इंजन, एक टेक्स्ट-टू-स्पीच मॉडल है जो सिंगल 15 सेकंड ऑडियो से किसी की भी नेचुरल आवाज को प्रोड्यूस कर सकता है।



### ओपनएआई ने किए कई बदलाव



चुनावों में 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया' को कमजोर करने से रोकने के लिए ओपनएआई ने अपनी जेनरेटिव एआई-आधारित तकनीकों जैसे चैटजीपीटी, डल-ई में कई बदलाव किए हैं। इसमें इस प्लेटफॉर्म से उत्पन्न सामग्री का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसकी सक्रिय निगरानी शामिल है। नई नीति के तहत अब जो आवाजें एआई- जनरेटेड हैं वो बताने के लिए ओपनएआई वाध्य होगा। कोई भी व्यक्ति नेता के नाम से चैटवॉट नहीं बना सकेगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने जैसे सवालों का रिस्पॉन्स अव चैटवॉट नहीं देगा।

### फेक इमेज व डीपफेक के लिए नई नीति



यूजर्स को एआई द्वारा उत्पन्न इमेज का पता लगाने में मदद करने के लिए ओपन एआई काम करेगा। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष निक क्लेग के अनुसार, मेटा अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई डीपफेक या एआई-जनरेटेड इमेज को 'इमेजिन्ड विद एआई' के रूप में लेबल करना शुरू करेगा, ताकि उनमें और मानव-जनित सामग्री के बीच अंतर किया जा सके। हालिया समय में मेटा ने स्टेबल सिग्नेचर नामक एक अदृश्य वॉटरमार्किंग तकनीक विकसित की है, जो वॉटरमार्किंग को किसी हटाने से रोकेगा।

# ताइवान में शक्तिशाली भूकंप से तबाही गगनचुंबी इमारतें जमींदोज, नौ की मौत

## 25 साल बाद आया 7.4 तीव्रता का भूकंप, 700 से ज्यादा लोग घायल, मोदी ने जताया दुख

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

ताइवान के हुलिएन में 25 साल बाद बुधवार सुबह आए 7.4 तीव्रता के भूकंप ने तबाही मचा दी। कई इमारतें जमींदोज हो गई है, जबकि कई 45 डिग्री के कोण पर झुक गईं। राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए पूरे द्वीपीय देश में रेल सेवा प्रभावित हो गई है। हालांकि, पूर्व में जारी सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। आपदा में नौ लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं 50 से ज्यादा लोगों लापता हैं।

सीएनएन ने राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी (एनएफए) का हवाला देते हुए बताया कि द्वीप के पूर्वी तट पर आए शक्तिशाली भूकंप के बाद पूरे ताइवान में कम से कम 77 लोग फंस गए हैं। अधिकारियों ने फंसे हुए लोगों की स्थिति के बारे में विस्तार से नहीं बताया लेकिन कहा कि बचाव अभियान जारी है। एनएफए के अनुसार, घायलों में से 132 लोग भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। भूकंप के बाद के झटकों की वजह से भूस्खलन की 24 घटनाएं हुई हैं तथा 35 सड़कें, पुल और सुरंगे क्षतिग्रस्त हुई हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान में बुधवार को 25 वर्षों में सबसे शक्तिशाली भूकंप आया, जब द्वीप के पूर्वी तट पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, तो इमारतें ढह गईं। बता दें, सुनामी की चेतावनी के कारण एयरलाइंस और हवाईअड्डों को उड़ानें निलंबित करनी पड़ीं। हालांकि, बाद में फिर से शुरू कर दिया गया। आपदा से पूरे द्वीप में 125 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, क्षतिग्रस्त इमारतों में से लगभग आधी इमारतें भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। हुलिएन काउंटी के मजिस्ट्रेट सू चेन-वेई ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, काउंटी में चार इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं। तीन इमारतों के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि नौ मंजिला यूरेनस बिल्डिंग में खोज और बचाव अभियान जारी है।





7.4 तीव्रता से आए भूकंप से 45 डिग्री के कोण पर झुकी इमारत, वहीं मलबे में पीड़ितों की तलाश करते बचावकर्मी।

### लोगों के प्रति एकजुटता पर ताइवान के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी का जताया आभार



ताइवान के राष्ट्रपति साई इंग-वेन ने बुधवार को चुनौतीपूर्ण समय में समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। ताइवान के उपराष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने भी कहा कि भारत के प्रधानमंत्री का समर्थन इस कठिन समय में ताइवान के लोगों के लिए ताकत का स्रोत है। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया और देश के लोगों के प्रति भारत की एकजुटता व्यक्त की थी। मोदी ने एक्स पर लिखा, आज ताइवान में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बहुत दुखी हूं।

## कानून उल्लंघन पर 5 गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए रद

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने विदेशी अनुदान के दुरुपयोग और अन्य कारणों का हवाला देते हुए उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद पांच जानेमाने गैर सरकारी संगठनों के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद कर दिए हैं।

जिन एनजीओ के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस (सीएनआई-एसबीएसएस), वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीएचएआई), इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी (आईजीएसएसएस), चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन (सीएएसए) और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया (ईएफओआई) शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे। एनजीओ ने एफसीआरए के प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन किया है।

# न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं

- खुफिया एजेंसियों की दखलअंदाजी के आरोपों पर बोले पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश


इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की न्यायपालिका इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि न्यायपालिका की आजादी पर किसी भी तरह के हमले को विफल किया जाएगा।

उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया कि न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की पूर्ण अदालत सुनवाई करेगी। दरअसल, मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने दावा किया कि उन्हें धमकी भरे पत्र मिले और इन पत्रों में मादक पदार्थ भेजा गया था। इन न्यायाधीशों ने सीजेपी को पत्र लिखा था। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तसादुक हुसैन जिलानी ने खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय जांच आयोग की अध्यक्षता से खुद को अलग कर दिया था। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल मंसूर अवान ने कहा, सरकार ने पूरी ईमानदारी से मामले की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया था। लेकिन सोशल मीडिया और वकीलों ने उस आयोग की आलोचना की। वह चाहते थे कि अदालत मामले की सुनवाई करे। सीजेपी ईसा ने कहा कि वह अपने संस्थान की आजादी को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खतरे में नहीं हैं। सीजेपी ने कहा, अगर न्यायपालिका की आजादी पर किसी तरह का हमला होता है, तो मैं (न्यायपालिका का बचाव करने में) सबसे आगे रहूंगा और निश्चित तौर पर मेरे साथी न्यायाधीश इसमें मेरे साथ खड़े रहेंगे और हम कभी भी दखलंदाजी को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, यह संभव है कि हम अगली सुनवाई में एक पूर्ण अदालत का गठन कर सकते हैं।

# सीमा पार आतंकवाद का कोई भी कृत्य उचित नहीं

अस्ताना, एजेंसी



- कजाकिस्तान में आयोजित एससीओ बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता कजाकिस्तान कर रहा है।

इसमें ईरान पहली बार एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भाग ले रहा है। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बैठक में हिस्सा लिया। डोभाल ने कहा सीमा पर आतंकवाद समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी और किसी भी उद्देश्य से किया गया आतंक का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। सीमा पार आतंकवाद अपराधियों से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने दोहरे मानदंडों से दूर रहने और उन लोगों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जो आतंकवाद के प्रायोजक, वित्तपोषक और मददगार हैं। अफगानिस्तान में आतंकवाद की निरंतर मौजूदगी सुरक्षा स्थिति पर गहरा चिंता का विषय है।

## एक नजर

### अमृतसर में हवाला रैकेट का पर्दाफाश, दो तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) अमृतसर ने बुधवार को हवाला रैकेट का पर्दाफाश किया। संयुक्त टीम ने पास से हेरोइन और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च 2024 को बीएसएफ के खुफिया तंत्र को अमृतसर जिले के एक सीमावर्ती गांव में नशीले पदार्थों के साथ एक तस्कर की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली, फिर संयुक्त टीम के ऑपरेशन दौरान अमृतसर में पर्यटक स्थल 'साडा पिंड' के बाहर एक और संदिग्ध को पकड़ा। युवक ने पूछताछ के दौरान हवाला रैकेट और पाकिस्तान से तस्करों को हस्तांतरित करने का जुर्म कबूल लिया है। दोनों तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाद में उन्हें जिला अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल, अमृतसर भेज दिया।

### कर्नाटकः दो साल का बच्चा बोरवेल में गिरा, बचाव अभियान जारी

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले के इंदी तालुका के लाचयान गांव में बुधवार को दो साल का बच्चा 16 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया। बोरवेल से बच्चे की रोने की आवाज सुनी तो आनन-फानन में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि बचाव अभियान जारी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, शाम करीब 6:30 बजे बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था, अचानक से बोरवेल गिर गया। उन्होंने कहा- राजस्व अधिकारी, तालुक पंचायत के सदस्य और अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए पाइप गिराए हैं। बचाने का प्रयास जारी है।

### इजराइली हमले में 7 राहतकर्मियों की मौत पर भड़के बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में मंगलवार को इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों के मारे जाने पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह क्रोधित हैं, यह घटना हृदय विदारक है। मारे गए राहतकर्मी वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके) के लिए सेवा कार्य करते थे और ये बेघर फिलिस्तीनियों तक भोजन पहुंचाने के कार्य में लगे थे। हमले के बाद इजराइल ने उस पर खेद जताया और जांच की बात कही है। बाइडन ने कहा है कि हमले के संबंध में इजराइल की जांच जल्द पूरी होनी चाहिए, इसमें हमला करने वालों की जिम्मेदारी निश्चित होनी चाहिए और इस जांच को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

## भक्तों का सैलाब..

अबूधाबी। अबूधाबी में बने मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक महीने के दौरान 3.5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। बता दें, इस मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसे एक मार्च को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। हर शनिवार और रविवार को 50 हजार के करीब लोग पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख करने वालों का कहना है कि मंगलवार से रविवार तक हर शाम 7.30 बजे स्वामीनारायण घाट पर गंगा आरती होती है। इसका निर्माण गंगा और यमुना के पवित्र जल से किया गया है। मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की ओर से लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से दुबई-अबूधाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास 27 एकड़ में किया गया है। राजस्थान के 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह मंदिर नागर शैली में बना है। यह पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है।




# ब्राजील में 40 करोड़ रु. में बिकी भारतीय नस्ल की गाय

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में गायों की औसत कीमत 11 हजार रुपये या इससे अधिक है, लेकिन ब्राजील में एक गाय 40 करोड़ रुपये में बिकी है। पशुओं की नीलामी में इसे नया रिकॉर्ड बताया जा रहा है। गाय आंध्र प्रदेश के नेल्लोर की 'वियाटिना-19 एफआइवी मारा इमोविस' नाम की नस्ल की है।

ब्राजील में नीलामी के दौरान इसे 48 लाख डॉलर में खरीदा गया। सफेद फर और कंधों पर विशिष्ट बल्बनुमा कूबड़ वाली यह गाय भारत की मूल निवासी है। ब्राजील में इस नस्ल की काफी डिमांड है। नस्ल का वैज्ञानिक नाम 'बोस इंडिकस' है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह भारत के ओंगोल मवेशियों की वंशज है, जो अपनी मजबूती के लिए जानी जाती है। यह खुद को पर्यावरण के हिसाब से ढाल लेती है। यह नस्ल पहली बार 1868 में जहाज से ब्राजील भेजी गई थी। साठ के दशक में कई और गायों को वहां ले जाया गया था।

ओंगोल नस्ल के मवेशी काफी गर्म तापमान में भी रह सकते हैं। इनका उपापचय (मेटाबॉलिज्म) मजबूत होने से इनमें किसी तरह का इंफेक्शन नहीं होता। ब्राजील में जमकर गर्मी होती है। इसलिए वहां यह गाय काफी पसंद की जाती है।

## तेलंगानाः केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 5 की मौत

**संगारेड्डी (तेलंगाना)।** संगारेड्डी जिले के चंदुर गांव में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट हो गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जहां पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि यह आग एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में लगी है, काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। हदनूर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि केमिकल फैक्ट्री एसबी ओरेगनिक्स प्रा. लि. में विस्फोट से आग लग गई। इस घटना में पांच की मौत हो गई है। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने अग्निशमन के अधिकारियों को बचाव कार्य और चिकित्सा देखभाल करने का भी निर्देश दिया है।

**विज्ञान** आठ अप्रैल तक जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा

# विश्व में 1988 के बाद तेजी से हुई प्रकाश प्रदूषण की वृद्धि

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक यानी साप्ताहिक स्याह आकाश शुरू हो गया है। आठ अप्रैल तक दुनियाभर में यह सप्ताह अंधेरे के प्रति जागरूकता और मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा।

1988 के बाद से दुनिया में बहुत तेजी से प्रकाश प्रदूषण में वृद्धि हुई है। भले की भारत मे इस इस सप्ताह को लेकर जागरूकता नही है, लेकिन कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक अंधेरी और प्राकृतिक रात का विश्वव्यापी उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इंटरनेशनल डार्क-स्काई एसोसिएशन (आईडीए) की स्थापना का उद्देश्य मानव जनित प्रकाश प्रदूषण को रोकना है। इसकी अनिवार्यता खगोलीय अध्ययन में प्रकाश द्वारा पड़ने वाले व्यवधान को कम करना है। नए आंकड़े के अनुसार प्रकाश प्रदूषण मानव जनसंख्या वृद्धि की दोगुनी दर से बढ़ रहा है।

दुनिया भर में 80 प्रतिशत लोग प्रकाश-प्रदूषित आकाश के नीचे रहते हैं। इसीलिए आईडीए ने एक अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक की स्थापना की है, जो 3 से 8 अप्रैल को पड़ता है। यह सप्ताह स्याह रहेगा। जिसमें कई तरह के खगोलीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस सप्ताह सितारों और नक्षत्रों की महत्ता को समझने का मौका मिलेगा।

इस सप्ताह को लेकर आईडीए ने अपील है कि सभी लोग अंधेरी रात के आसमान की हमारी साझा विरासत की रक्षा और जश्न मनाने के लिए वैश्विक डार्क स्काई आंदोलन में शामिल होंगे। डार्कस्काई इंटरनेशनल ऐसे समाधानों को बढ़ावा देता है और लोगों को आउटडोर प्रकाश को कम करने की अपील करता है।



स्याह रात में मिल्की वे का शानदार नजारा।

### एरीज के वैज्ञानिकों ने भी की अपील

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी कहते हैं कि ब्रह्मांड की खोज खबर के लिए किए जा रहे अनुसंधानों में प्रकाश प्रदुषण बड़ी समस्या के रूप में तेजी से उभर रहा है। जिसे कम करना बेहद जरूरी है। इस दिशा में दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस मुहीम में देश का हर व्यक्ति सहयोग करे।

# बाइडन-ट्रंप ने चार और राज्यों में जीते प्राइमरी चुनाव, फिर होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आसानी से चार और राज्यों में अपनी-अपनी पार्टियों के प्राइमरी चुनाव पर जीत दर्ज की है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में फिर से दोनों के बीच कांटे का मुकाबला होगा।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी ने दो अप्रैल को चार राज्यों न्यूयार्क, कनेक्टिकट, रोड आइलैंड और विसकन्सिन में प्राइमरी चुनाव आयोजित किए। इन चुनावों में ट्रंप को 75 प्रतिशत से अधिक और बाइडन को 80 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए।

हालांकि, ये प्राइमरी चुनाव अब औपचारिकता भर हैं, क्योंकि बाइडन और ट्रंप अपनी-अपनी पार्टियों से नामांकन की पात्रता पहले ही हासिल कर चुके हैं। दोनों ही आवश्यक डेलीगेट का समर्थन पा चुके हैं। चार राज्यों के ताजा चुनाव के बाद ट्रंप के पास अब 1860 डेलीगेट और बाइडन के पास 3,030 डेलीगेट का समर्थन है। राष्ट्रपति प्रत्याशी बनने के लिए उनके नामांकन की पुष्टि जुलाई में मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन और अगस्त में शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में की जाएगी। ट्रंप ने मिशिगन में मंगलवार को अवैध आप्रवासियों को 'जानवर' बताकर विवाद खड़ा कर दिया था।



### जज, गवाह व कर्मियों के खिलाफ नहीं बोल पाएंगे ट्रंप

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हश मनी मामले में परेशानियां बढ़ गई हैं। ट्रंप के आपराधिक मामले की सुनवाई का नेतृत्व करने वाले जज ने गैग ऑर्डर का दायरा बढ़ा दिया है। जज जुआन मर्चन ने कहा कि ट्रंप अब मेरे परिवार, मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन बैग के अलावा गवाहों, अभियोजकों, अदालत के कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ बात नहीं कर सकेंगे।